शनिवार, 8 नवम्बर 2025

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 24 – 33 |
| आर्द्रता | 74% |
| सूर्योदयः 5:44 | सूर्यास्तः 16:56 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा



प्रदूषण के मामले में दिल्ली शीर्ष पर, एनसीआर भी पीछे नहीं पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष तृतीया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : जीवन शानदार होता अगर वह लोगों के लिए नहीं होता।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

### ममता बनर्जी सोमवार को जाएंगी उत्तर बंगाल, आपदा प्रभावित परिवारों को देंगी आर्थिक सहायता

**कोलकाता :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अगले सोमवार को उत्तर बंगाल का दौरा करेंगी। हाल में आई बाढ़ और प्राकृतिक आपदा के बाद अब क्षेत्र की स्थिति सामान्य हो रही है। ममता बनर्जी स्वयं यह जानने के लिए उत्तर बंगाल जा रही हैं कि जल-प्रय के बाद वहां के लोग किस स्थिति में हैं। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री सोमवार को बागडोगरा के लिए रवाना होंगी। शिलिगुड़ी पहुंचने के बाद वे जिलाधिकारियों और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक करेंगी। यह बैठक शिलिगुड़ी स्थित प्रमुख प्रशासनिक भवन 'उत्तरकन्या' में आयोजित की जाएगी। नबन्ना की ओर से उत्तर बंगाल के पांचों जिलों के जिलाधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश भेज दिए गए हैं।

## राष्ट्रगीत के 150 साल

# वंदे मातरम् के महत्वपूर्ण छंद 1937 में हटाए गए, विभाजनकारी मानसिकता अब भी चुनौती: प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर स्पष्ट रूप से हमला करते हुए शुक्रवार को कहा कि 1937 में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के महत्वपूर्ण छंदों को हटा दिया गया था जिसने विभाजन के बीज बोये और इस प्रकार की ''विभाजनकारी मानसिकता'' देश के लिए अब भी चुनौती है। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में एक साल तक मनाए जाने वाले स्मरणोत्सव की शुरुआत करते हुए ये बात कही। मोदी ने इस अवसर पर यहां इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। मोदी ने कहा, ''वंदे मातरम भारत के स्वतंत्रता संग्राम की आवाज बन गया। इसने हर भारतीय की भावनाओं को व्यक्त किया। दुर्भाग्य से 1937 में वंदे मातरम के महत्वपूर्ण छंदों को... उसकी आत्मा के एक हिस्से को निकाल दिया गया। वंदे मातरम के विभाजन ने बंटवारे के बीज भी बोये। आज की पीढ़ी को यह जानने की जरूरत है कि राष्ट्र निर्माण के इस महामंत्र के साथ यह अन्याय क्यों हुआ... यह विभाजनकारी




मानसिकता देश के लिए आज भी एक चुनौती है।'' प्रधानमंत्री ने 'वंदे मातरम' को हर युग में प्रासंगिक बताया और 'ऑपरेशन सिंदूर' का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कहा, ''जब दुश्मन ने आतंकवाद का इस्तेमाल करके हमारी सुरक्षा और सम्मान पर हमला करने का दुस्साहस किया तो दुनिया ने देखा कि नए भारत ने मानवता की सेवा में कमला और विमला की भावना को साकार किया। भारत दुर्गा का रूप धारण करना भी जानता है।'' भारत की संविधान सभा ने 24 जनवरी 1950 को आधिकारिक तौर पर वंदे मातरम को राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया, जिससे इसे स्थायी महत्व प्राप्त हुआ। विभिन्न विवरणों के अनुसार, वंदे मातरम के एक संक्षिप्त संस्करण को, जिसमें मूल छह छंदों में से केवल पहले दो को रखा गया था, 1937 में कांग्रेस द्वारा राष्ट्रीय गीत के रूप में चुना गया था। तब मौलाना अबुल कलाम आज़ाद, जवाहरलाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस, आचार्य नरेंद्र देव और रवींद्रनाथ टैगोर की एक समिति ने इसे अपनाने की सिफारिश की थी। प्रधानमंत्री के भाषण से पहले दिन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने ''जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में अपने सांप्रदायिक एजेंडे को खुलकर आगे बढ़ाते हुए 1937 में 'वंदे मातरम' के केवल संक्षिप्त संस्करण को पार्टी के राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया'' था। भाजपा प्रवक्ता सी आर केसवन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''कांग्रेस ने गीत को धर्म से जोड़ने का ऐतिहासिक पाप और भूल की। नेहरू के नेतृत्व वाली कांग्रेस ने वंदे मातरम के उन छंदों को धार्मिक आधार पर जानबूझकर हटा दिया जिनमें देवी मां दुर्गा की स्तुति की गई थी।'' मोदी ने समारोह में कहा कि आज जब देश 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं तो यह ''हमें नयी प्रेरणा देता है और देशवासियों को नयी ऊर्जा से भर देता'' है। उन्होंने कहा, ''वंदे मातरम एक शब्द है, एक मंत्र है, एक ऊर्जा है, एक स्वप्न है, एक संकल्प है। यह भारत मां के प्रति समर्पण है, भारत मां की आराधना है। यह हमें हमारे इतिहास से जोड़ता है और हमारे भविष्य को नया साहस देता है। ऐसा कोई संकल्प नहीं है जिसे पूरा न किया जा सके, ऐसा कोई लक्ष्य नहीं है जिसे हम भारतीय हासिल न कर सकें। हमें एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करना है जो ज्ञान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के आधार पर शीर्ष पर हो।''

## देशभर में एसआईआर के ईसी के फैसले के खिलाफ याचिकाओं पर 11 नवंबर को सुनवाई करेगा न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने पूरे भारत में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने के निर्वाचन आयोग (ईसी) के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 11 नवंबर को सुनवाई करने पर शुक्रवार को सहमति जताई। गैर सरकारी संगठन 'एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि यह मुद्दा लोकतंत्र की जड़ों तक जाता है जिसके बाद न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि वह 11 नवंबर से इन याचिकाओं पर सुनवाई शुरू करेगी। पीठ ने कहा कि हालांकि 11 नवंबर से कई महत्वपूर्ण मामले सूचीबद्ध हैं, फिर भी वह एसआईआर मामलों की सुनवाई के लिए अन्य मामलों की सुनवाई को समायोजित करने का प्रयास करेगी। भूषण ने कहा कि मामले की तत्काल सुनवाई इसलिए आवश्यक है क्योंकि विभिन्न राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। शीर्ष अदालत बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण करने के निर्वाचन आयोग के फैसले की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर पहले से ही सुनवाई कर रही है। निर्वाचन आयोग ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की कवायद को 'सटीक' बताते हुए न्यायालय से 16 अक्टूबर को कहा था कि याचिकाकर्ता राजनीतिक दल और गैर सरकारी संगठन इस प्रक्रिया को केवल बदनाम करने के लिए झूठे आरोप लगाकर संतुष्ट हैं।

## एसआईआर : बंगाल में चार दिनों में वितरित हुए 2.72 करोड़ से अधिक एन्यूमरेशन फॉर्म

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत शुक्रवार की शाम 4 बजे तक कुल 2.72 करोड़ से अधिक एन्यूमरेशन फॉर्म घर-घर जाकर बांटे जा चुके हैं। यह जानकारी राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी के दफ्तर की ओर से जारी एक बयान में शुक्रवार शाम दी गई है। आयोग ने बताया कि राज्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में तैनात बीएलओ नेटवर्क के आधिकारिक आंकड़ों के आधार पर ये जानकारी मिली है। सूत्रों के अनुसार, राज्य के कुल 294 विधानसभा क्षेत्रों में तैनात 80 हजार 681 बीएलओ लगातार मतदाताओं के आवास पर पहुंचकर फॉर्म उपलब्ध करा रहे हैं। प्रत्येक मतदाता को दो प्रतियां दी जा रही हैं -एक मुहर लगी हुई प्रति मतदाता के पास सुरक्षित रहेगी और दूसरी निर्वाचन आयोग के अभिलेखों के लिए जमा होगी। इस बीच, विभिन्न स्थानों पर बीएलओ व राजनीतिक दलों के बूथ स्तर कार्यकर्ताओं पर हमले की छिटपुट घटनाओं को लेकर जिला प्रशासन से रिपोर्ट तलब की गई है। अधिकारियों का कहना है कि किसी भी प्रकार की बाधा को कड़ाई से निपटाया जाएगा ताकि हर योग्य नागरिक तक प्रपत्र पहुंच सके और लोकतांत्रिक अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित हो।



### एसआईआर में गड़बड़ी पर चुनाव आयोग सख्त, बीएलओ की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी के निर्देश

राज्य में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के बीच बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) के खिलाफ राज्यभर से लगातार शिकायतें मिल रही हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने बीएलओ की कार्यप्रणाली पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। निर्वाचन आयोग की तीन सदस्यीय उच्चस्तरीय टीम उप निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश भारती, उप सचिव अभिनव अग्रवाल और प्रमुख सचिव एस.बी. जोशी उत्तर बंगाल के कूचबिहार, जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार जिलों में एसआईआर की प्रगति की समीक्षा कर रही है। गुरुवार को अलीपुरद्वार में जिला निर्वाचन अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक में डीईओ और एईआरओ को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि बीएलओ की हर गतिविधि पर सख्त नजर रखी जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल की ओर से गुरुवार की रात जारी बयान में कहा गया कि बीएलओ को घर-घर जाकर किए जा रहे सत्यापन कार्य के दौरान पहचान पत्र पहनना और ईसीआई के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तय समयसीमा में कार्य पूरा करना अनिवार्य होगा। साथ ही, ईआरओ व एईआरओ को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि कोई भी वास्तविक मतदाता सूची से बाहर न हो और मृत, स्थानांतरित, अनुपस्थित या डुप्लीकेट जैसे अपात्र नाम सूची में शामिल न हों। सूत्रों के अनुसार, कई जिलों से बीएलओ पर मनमानी, गलत जानकारी दर्ज करने और पात्र मतदाताओं को नजरअंदाज करने की शिकायतें मिली हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि ऐसे मामलों में दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## गुप्त परमाणु गतिविधियां पाकिस्तान के इतिहास के अनुरूप हैं: भारत

**नयी दिल्ली :** भारत ने शुक्रवार को पाकिस्तान द्वारा परमाणु हथियारों का परीक्षण किये जाने संबंधी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणियों के संदर्भ में कहा कि इस्लामाबाद की 'गुप्त' परमाणु गतिविधियां दशकों से जारी तस्करी और निर्यात नियंत्रण से जुड़े उल्लंघनों पर आधारित रही हैं। पिछले हफ्ते ट्रंप ने पाकिस्तान का नाम परमाणु हथियार परीक्षण कर रहे देशों में शामिल किया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह बात तीन दशकों से भी अधिक समय बाद अमेरिका की ओर से अपने परमाणु संसाधनों का परीक्षण फिर से शुरू किये जाने संबंधी अपने प्रशासन की योजना को सही ठहराने के लिए कही थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, ''गुप्त और अवैध



परमाणु गतिविधियां पाकिस्तान के इतिहास के अनुरूप हैं, जो दशकों से चल रही तस्करी, निर्यात नियंत्रण से जुड़े उल्लंघनों और गुप्त साझेदारियों पर आधारित हैं।'' वह इस मुद्दे पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। जायसवाल ने कहा, ''भारत ने हमेशा अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान पाकिस्तान के रिकॉर्ड के इन पहलुओं की ओर आकर्षित किया है।''

## एससी का निर्देश: स्कूल, कॉलेज और अस्पताल परिसर से आवारा कुत्तों को हटाएं, नसबंदी कर शेल्टर होम में रखें

**नई दिल्ली :** देश के कई राज्यों में सड़कों और हाईवे पर खुले घूम रहे आवारा मवेशियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। देश के सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि हाईवे और सड़कों से आवारा मवेशियों को तुरंत हटाया जाए। दरअसल, आवारा कुत्तों से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, बस स्टैंडों, खेल परिसरों और रेलवे स्टेशनों से आवारा कुत्तों और अन्य ऐसे मवेशियों को तुरंत हटाए जाने और उन्हें आश्रय गृह भेजने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए 8 हफ्ते का समय दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे राजमार्ग गश्ती दल गठित करें जो सड़कों से आवारा पशुओं को



पकड़कर उन्हें आश्रय गृहों में रखें जहां उनकी देखभाल की जाएगी। आवारा कुत्तों से जुड़े मामले में अगली सुनवाई 13 जनवरी को होगी।

**जहां से पकड़े गए वहीं न छोड़े जाएं कुत्ते**

बता दें कि न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि आवारा कुत्तों को उसी जगह वापस नहीं छोड़ा जाना चाहिए जहां से उन्हें उठाया गया था। वहीं, शीर्ष न्यायालय ने आदेश दिया कि न्यायमित्र द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लिया जाए और वह उसके आदेश का हिस्सा होगी।

**सड़कों से मवेशियों को हटाने का निर्देश**

मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान उच्च न्यायालय के उन निर्देशों की भी पुष्टि की जिनमें राज्य सरकार के अधिकारियों, नगरपालिका अधिकारियों और सड़क एवं परिवहन अधिकारियों को राजमार्गों और एक्सप्रेसवे से मवेशियों को हटाकर उन्हें आश्रय स्थलों में पुनर्वासित करने का निर्देश दिया गया था

## उम्मीदवार के दोषसिद्धि का खुलासा न करने पर चुनाव रद्द होगा: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि नामांकन पत्र में दोषसिद्धि का खुलासा न करने पर निर्वाचित उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति ए एस चंदुरकर की पीठ ने एक पूर्व पार्षद पूनम द्वारा दायर अपील पर यह आदेश पारित किया। पूनम को इसलिए पद से हटा दिया गया था क्योंकि उन्होंने चुनाव के लिए नामांकन पत्र में एक मामले में अपनी दोषसिद्धि का खुलासा नहीं किया था। पूनम को मध्य प्रदेश के भीकनगांव नगर परिषद में पार्षद पद से हटा दिया गया था। उन्हें चेक बाउंस के एक मामले में दोषी ठहराया गया और एक साल की कैद की सजा सुनाई गई थी। साथ ही मुआवज़ा देने का निर्देश भी दिया गया था।

## नीट-पीजी की उत्तर कुंजी प्रकाशित करने की नीति का खुलासा करे राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-परास्नातक (नीट-पीजी) की उत्तर कुंजी प्रकाशित करने संबंधी अपनी नीति का खुलासा करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने एनबीई के वकील से हलफनामा दाखिल कर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा। शीर्ष अदालत राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर से संबंधित विभिन्न मुद्दों को उठाने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें पारदर्शिता के तौर पर उत्तर कुंजी का खुलासा किये जाने की बात भी शामिल है। सुनवाई के दौरान, एनबीई के वकील ने दलील दी कि कोचिंग संस्थान ये याचिकाएं इसलिए दायर कर रहे हैं क्योंकि वे प्रश्न पुस्तिकाओं की उत्तर कुंजी हासिल करना चाहते हैं। वकील ने तर्क दिया कि इससे परीक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होगी। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने 26 सितंबर को नीट-पीजी 2025 की उत्तर कुंजी प्रकाशित करने की मांग वाली याचिकाओं पर केंद्र और राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड को नोटिस जारी किए थे। पीठ नीट-पीजी में उत्तर कुंजियों के प्रकाशन सहित पारदर्शिता बढ़ाने के उपायों का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

## दिल्ली हवाई अड्डे पर हवाई यातायात नियंत्रण में तकनीकी खामी, 800 से अधिक उड़ानें विलंबित

**नयी दिल्ली :** दिल्ली हवाई अड्डे पर शुक्रवार को अफरातफरी मच गयी क्योंकि हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली में तकनीकी खामी के कारण लगभग 800 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में देर हुई। सूत्रों ने यह जानकारी दी। हवाई अड्डे पर सभी विमानन कंपनियों की उड़ानों के परिचालन प्रभावित हुए हैं और अधिकारी खामी को ठीक करने के लिए लगे हैं। इंडिगो, एअर इंडिया, स्पाइसजेट और अकासा एयर जैसी विमानन कंपनियों ने शुक्रवार को कहा कि हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली में तकनीकी खामी के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर उनकी उड़ानों में देरी हो रही है। राष्ट्रीय राजधानी



का इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीआईए) प्रतिदिन 1,500 से अधिक उड़ानों का संचालन करता है और देश का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने सुबह 10 बजकर आठ मिनट पर 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ानों में देरी हो रही है, क्योंकि 'ऑटोमैटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम' (एएमएसएस) में तकनीकी खामी आ गई है, जो हवाई यातायात नियंत्रण डेटा को सहयोग देता है।

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर नवंबर के अंत तक अच्छी खबर आने की उम्मीद: नीति सीईओ

**नयी दिल्ली :** नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने शुक्रवार को भरोसा जताया कि अमेरिका के साथ भारत के प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर नवंबर के अंत तक कुछ सकारात्मक खबरें सामने आ सकती हैं। उन्होंने 'सीएनबीसी-टीवी18 के ग्लोबल लीडरशिप समिट 2025' कार्यक्रम में कहा कि नवंबर के अंत तक राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन शुरू हो जाएगा। सुब्रह्मण्यम ने कहा, ''मुझे लगता है कि अमेरिका के साथ चीजें थोड़ी मुश्किल रही हैं और इसे फिर से शुरू करने की कोशिश की जा रही है। व्यापार वार्ता चल रही है... उम्मीद है कि इस महीने के अंत तक हमें कुछ सकारात्मक खबर मिल सकती है।''

# एअर इंडिया विमान दुर्घटना के लिए पायलट को दोषी नहीं ठहराया जा सकता : न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि 12 जून को हुए एअर इंडिया विमान हादसे के लिए किसी ने भी मुख्य पायलट को दोषी नहीं ठहराया है। इसके साथ ही न्यायालय ने मुख्य पायलट के 91 वर्षीय पिता से कहा कि उनके बेटे को इस दुर्घटना के लिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता और उन्हें इसका बोझ अपने ऊपर नहीं रखना चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा, प्रारंभिक रिपोर्ट में भी उनके खिलाफ कोई आरोप नहीं है। पीठ ने ज़ोर दिया कि यदि आवश्यक हुआ, तो अदालत स्पष्ट करेगी कि इस दुर्भाग्यपूर्ण विमान हादसे के लिए



पायलट को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। पीठ ने पायलट के पिता पुष्कराज सभरवाल की याचिका पर केंद्र और नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को नोटिस जारी किया। पुष्कराज सभरवाल और भारतीय पायलट संघ ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया है और एअर इंडिया विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के मामले की जांच अदालत की निगरानी में शीर्ष न्यायालय के किसी पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में कराने का अनुरोध किया है। पीठ ने पुष्कराज सभरवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन से कहा, ''सबसे पहले, यह एक दुर्भाग्यपूर्ण विमान दुर्घटना थी, और दूसरी बात-आपको अपने बेटे को दोषी ठहराए जाने का बोझ नहीं रखना चाहिए। विमान दुर्घटना के लिए पायलट को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। यह एक दुर्घटना थी।।'' पीठ ने कहा, देश में कोई भी यह नहीं मानता कि हादसे में पायलट की गलती थी। वरिष्ठ अधिवक्ता शंकरनारायणन ने कहा कि यह सब तब शुरू हुआ जब अमेरिकी प्रकाशन वॉल स्ट्रीट जर्नल ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की जिसमें पायलट की ओर से हुई गलतियों की ओर इशारा किया गया था जिसके कारण विमान दुर्घटना हुई और उसमें अज्ञात सरकारी सूत्रों का हवाला दिया गया था। इस पर पीठ ने कहा, ''यह केवल भारत को दोषी ठहराने के लिए घटिया रिपोर्टिंग थी।''



# सरकार-शिक्षण संस्थानों की जवाबदेही तय हो

यह तथ्य हृदयविदारक ही है कि देश में एक साल के दौरान करीब चौदह हजार छात्रों ने आत्महत्या की। पहली नजर में आत्मघात के मूल में पढ़ाई का दबाव, छात्रों की संवेदनशीलता और तंत्र की नाकामी बताई जा सकती है। लेकिन सवाल है कि हमारा तंत्र क्यों संवेदनहीन बना हुआ है? यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को तलब करके इस बाबत विस्तृत विवरण मांगा है। साथ ही सवाल पूछा है कि क्या देश के सभी शिक्षण संस्थान छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी निभा रहे हैं? विडंबना यह है कि देश में मोटी पगार वाली नौकरियों की गलाकाट स्पर्धा में शिक्षण संस्थाएं व शिक्षक उस दायित्व को भूल गए हैं, जो छात्रों को विषयगत शिक्षा के साथ विषम परिस्थितियों के बीच जीवन जीने की कला सिखा सके। उन्हें व्यावहारिक जीवन का कौशल सिखाने के साथ ही चुनौतियों से जूझने की मानसिक शक्ति विकसित करने के लिए तैयार कर सकें। आखिर किसी परिवार की उम्मीद को किस स्थिति में यह सोचना पड़ता है कि मौत को गले लगाना अंतिम विकल्प है? शिक्षा परिसरों में ऐसी स्थितियां क्यों विकसित हो रही हैं कि विद्यार्थी जीवन से हार मानने लगे हैं? निस्संदेह, शिक्षण संस्थानों का एक मात्र लक्ष्य किताबी ज्ञान देकर डिग्री बांटने तक ही नहीं हो सकता। शिक्षण संस्थानों के प्रबंधन तंत्र को अपने परिसर में समता, ममता और सहजता का वातावरण तैयार करना होगा। जहां किसी भी तरह तनाव, मानसिक कष्ट व भेदभाव नजर न आए और कारगर शिकायत निवारण तंत्र विकसित हो। ऐसा न होने पर ही सरस्वती के मंदिरों में तनाव की फसल उग रही है। हमारे नीति-नियंता इस दुखदायी स्थिति पर अंकुश लगाने हेतु किसी तरह की गंभीर पहल करते नजर नहीं आते। यदि गाल बजाने वाले राजनेता कोई कदम उठाने की लोकलुभावनी घोषणा करते भी हैं तो भी जमीनी हकीकत बदलती नजर नहीं आती। घोषणाएं प्रभावी भी होनी चाहिए।

सवाल यह भी है कि शैक्षणिक परिसरों में आत्महत्या रोकने के लिये जो कदम केंद्र व राज्य सरकारों को उठाने चाहिए थे, उसके बाबत देश की शीर्ष अदालत को क्यों पहल करनी चाहिए? इस मामले में सख्त रवैया अपनाते हुए सर्वोच्च न्यायालय को कहना पड़ा कि केंद्र व राज्य सरकारें आठ सप्ताह के भीतर वह विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत करें, जो आत्महत्या रोकने के दिशा-निर्देशों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करे। दुखद स्थिति यह भी है कि देश में छात्रों के आत्मघात के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, इसकी पुष्टि खुद राष्ट्रीय अपराध रेकॉर्ड ब्यूरो भी कर रहा है। जो साल 2023 में देश की शिक्षण संस्थाओं में 13,892 छात्रों की मौत को गले लगाने की बात स्वीकार करता है। सबसे दुखद स्थिति यह है कि यह संख्या पिछले एक दशक में पैंसठ प्रतिशत बढ़ी है। वहीं इस आंकड़े की तुलना यदि वर्ष 2019 से करें तो यह वृद्धि चौंतीस फीसदी दर्ज की गई है। जाहिर बात है कि यह वृद्धि छात्रों की मानसिक पीड़ा, हताशा और भविष्य के प्रति निराश होने की स्थिति को ही दर्शाती है। निश्चित रूप से हमारी शिक्षा की विसंगतियां भी इन आत्महत्याओं के मूल में हैं। देश में भाषा व बोर्ड स्तर पर पाठ्यक्रम व शिक्षण की स्थिति में खासा अंतर है। पैसे वालों के बच्चे महंगे स्कूलों में पढ़ते हैं। रही-सही कसर उनके महंगे कोचिंग सेंटरों द्वारा पूरी की जाती है। हिंदी माध्यम से पढ़ने वाले छात्रों की सारी ऊर्जा अपने ज्ञान को अंग्रेजी में ट्रांसलेट करने में चली जाती है। कालांतर में वे उच्च शिक्षा संस्थानों में हीनग्रंथि का शिकार हो जाते हैं। ऐसी तमाम ग्रंथियां छात्रों को अपराधबोध से भर देती हैं। पढ़ाई के दबाव के अलावा शिक्षा संस्थानों के परिसर में हिंसा और जातिगत भेदभाव की खबरें भी आती हैं जो संवेदनशील छात्रों को हताशा से भर देती हैं। निश्चय ही सजगता व संवेदनशीलता से ऐसी परिस्थितियों से छात्रों को बचाया सकता है। यही वजह है कि देश की शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में शिक्षण संस्थानों और सरकार को जरूरी दिशानिर्देश दिए हैं। निस्संदेह, देश के युवाओं में आत्मघात की प्रवृत्ति राष्ट्र की गंभीर क्षति है, जिसे संवेदनशील ढंग से दूर करने की तत्काल जरूरत है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 8 नवम्बर, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष तृतीया, 07:33 तक, नक्षत्र : मृगशीर्षा, 22:04 तक, योग : शिव, 18:29 तक, सूर्योदय: 05:44, सूर्यास्त: 16:56, चन्द्रोदय : 19:30, चन्द्रास्त: 08:43, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 08:34 से 09:57

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको परिवार में बड़े सदस्यों की सेहत पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आपके सुख साधनों में वृद्धि होगी।

**वृष :** नौकरी में आपके बॉस कामों की सराहना करेंगे। किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी, लेकिन आप काम के साथ-साथ सेहत पर भी पूरा धन देंगे।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। माता जी आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकती हैं, जिससे आपको घबराने की आवश्यकता नहीं है।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए भौतिक सुख साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। बिजनेस में भी आपका कोई नुकसान हो सकता है। आप संतान की संगति पर विशेष ध्यान दें।

**सिंह :** आज का दिन सरकारी नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपने यदि किसी से धन उधार लिया था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। जीवनसाथी से यदि कुछ मतभेद चल रहे थे, तो वह भी दूर होंगे। आपको वाहनों का प्रयोग भी थोड़ा सावधान रहकर करना होगा।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के रिश्ते में एक नया मोड़ आएगा, जिसमें उन्हें थोड़ा समझदारी दिखाने की आवश्यकता है।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको छुटपुट लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह न बोलें।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपका धन यदि कहीं अटका हुआ था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने बिजनेस के कामों में कोई बदलाव बहुत ही सोच समझकर करें।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। परिवार में वरिष्ठ सदस्यों से बातचीत बहुत ही देखभाल कर करने की आवश्यकता है।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए समस्याएं लेकर आने वाला है। यदि आपका कोई संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था, तो वह भी दूर हो सकता है।

# आत्मघाती होती शिक्षा प्रणाली: मौतों का भयावह यथार्थ



ललित गर्ग



भारत की शिक्षा प्रणाली को लेकर समय-समय पर प्रश्न खड़े होते रहे हैं। शिक्षा की विसंगतियों एवं दबावों के चलते भी अनेक सवाल खड़े हैं। इन्हीं से जुड़ा यह एक बेहद हृदय विदारक और चिंताजनक तथ्य है कि एक वर्ष देश में लगभग 14,000 स्कूली बच्चों ने आत्महत्या कर ली। इस तथ्य की पुष्टि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ( एनसीआरबी ) भी कर रही है। अधिक घातक तथ्य यह है कि बीते एक दशक में छात्रों की आत्महत्या के मामलों में लगभग 65 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2019 की तुलना में यह संख्या 34 प्रतिशत अधिक है। यह केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि उन मासूम सपनों की समाधियाँ हैं जिन्हें हमारी शिक्षा प्रणाली ने दम तोड़ने पर विवश कर दिया। यह स्थिति किसी एक स्कूल, राज्य या परिस्थिति की नहीं, बल्कि सम्पूर्ण भारतीय शिक्षा तंत्र की विफलता का दर्पण है। पहली नजर में इतनी बड़ी संख्या में आत्मघात के मूल में पढ़ाई का दबाव, अभिभावकों की अतिश्योक्तिपूर्ण महत्वाकांक्षाएं, छात्रों की संवेदनशीलता और तंत्र की नाकामी बताई जा सकती है। लेकिन सवाल है कि हमारा तंत्र क्यों संवेदनहीन बना हुआ है? यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को तलब करके इस बाबत विस्तृत विवरण मांगा है। साथ ही सवाल पूछा है कि क्या देश के सभी शिक्षण संस्थान छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी निभा रहे हैं? शिक्षा को प्रतिस्पर्धा का रणक्षेत्र कब तक बनने दिया जाता रहेगा?

आज का विद्यार्थी बचपन से ही एक ऐसी अंधी एवं प्रतिस्पर्धी दौड़ में धकेल दिया जाता है, जिसमें लक्ष्य अंक, ग्रेड, और रैंक बन गए हैं-ज्ञान, संवेदना और चरित्र नहीं। स्कूल अब शिक्षालय नहीं, बल्कि परीक्षा-केंद्र यानी गलाकाट प्रतियोगिता के केन्द्र बन चुके हैं। माता-पिता, शिक्षक और समाज-सभी ने मिलकर एक ऐसा माहौल बना दिया है, जहाँ सफलता का अर्थ केवल डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस या उच्च वेतन वाली नौकरी तक सीमित हो गया है। शिक्षा अब व्यक्ति के भीतर के मनुष्यत्व, रचनात्मकता और संवेदना को विकसित करने का माध्यम नहीं रही, बल्कि उसने जीवन को प्रदर्शन की प्रतियोगिता बना दिया है। छोटे बच्चों पर कोचिंग का बोझ, अभिभावकों की अपेक्षाएँ, और असफलता का भय?-ये तीन त्रिकोणीय दबाव उन्हें धीरे-धीरे मानसिक रूप से तोड़ देते हैं। शिक्षा अब एक बोझ और मानसिक तनाव का कारण बन गयी है।

एनसीआरबी के आँकड़े बताते हैं कि छात्रों में आत्महत्या के प्रमुख कारण हैं-परीक्षा में असफलता, अभिभावकीय दबाव, भविष्य की चिंता और मानसिक अवसाद। भारत दुनिया के उन शीर्ष देशों में शामिल है जहाँ किशोरों में डिप्रेशन और आत्महत्या की प्रवृत्ति सबसे अधिक है। कबीर ने कहा था-पढ़ि-पढ़ि पंडित भया, पर भीतर का मन ना गया। आज की शिक्षा बच्चों को केवल जानकार बना रही है, ज्ञानी नहीं। विद्यालयों में रट्टामार संस्कृति, अंक-केंद्रित मूल्यांकन और शिक्षकों की संवेदनहीनता बच्चों के भीतर आत्मविश्वास के बजाय भय भर रही है। कई प्रतिष्ठित कोचिंग सेंटर्स में तो यह प्रवृत्ति और विकराल हो जाती है। कोटा, पटना, हैदराबाद, चेन्नई जैसे शहरों में हर वर्ष दर्जनों विद्यार्थी आत्महत्या करते हैं। विडंबना यह है कि वहाँ शिक्षा से ज्यादा प्रतियोगिता का उद्योग पनप गया है। बच्चे अपने परिवारों से दूर, दबाव और भय में जीते हैं, और अंततः जीवन से हार जाते हैं।

साल 2020 में आई नई शिक्षा नीति ( एनइपी ) को लेकर बहुत उम्मीदें थीं कि शायद यह शिक्षा को बच्चों के बोझ से मुक्ति देगी, उसे रचनात्मकता और नैतिकता से जोड़ेगी। नीति में होलिस्टिक लर्निंग, जॉयफुल एजुकेशन, रिड्यूस्ड बोर्ड प्रेशर जैसे शब्द तो हैं, पर व्यवहारिक स्तर पर हालात में कोई ठोस परिवर्तन नहीं आया। स्कूलों में परीक्षा का दबाव जस का तस है, कॉलेजों में बेरोजगारी का डर और कोचिंग की होड़ बढ़ी है। शिक्षा नीति के भीतर आत्महत्या जैसे मानसिक स्वास्थ्य संकट पर कोई गंभीर विमर्श नहीं हुआ। जब तक शिक्षा नीति का केंद्र मानव-निर्माण नहीं होगा, तब तक यह प्रणाली केवल आंकड़े बढ़ाएगी-आत्महत्याओं के भी और बेरोजगारों के भी। सवाल यह भी है कि शैक्षणिक परिसरों में आत्महत्या रोकने के लिये जो कदम केंद्र व राज्य सरकारों को उठाने चाहिए थे, उसके बाबत देश की शीर्ष अदालत को क्यों पहल करनी चाहिए? इस मामले में सख्त रवैया अपनाते हुए सर्वोच्च न्यायालय को कहना पड़ा कि केंद्र व राज्य सरकारें आठ सप्ताह के भीतर वह विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत करें, जो आत्महत्या रोकने के दिशा-निर्देशों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करे।

शिक्षा का मूल उद्देश्य क्या है? महात्मा गांधी ने कहा था-शिक्षा का अर्थ है शरीर, मन और आत्मा का सम्यक विकास। स्वामी विवेकानंद ने भी कहा शिक्षा वह है जो व्यक्ति में आत्मविश्वास, आत्मसंयम और आत्मबल भर दे। परंतु आज की शिक्षा न शरीर को स्वस्थ रख पा रही है, न मन को शांत, न आत्मा को ऊँचा। बच्चों को किताबों के बोझ तले दबा दिया गया है, पर जीवन की समझ नहीं दी गई। उन्हें बताया गया कि असफलता अपराध है, जबकि जीवन का सबसे बड़ा शिक्षक तो असफलता ही होती है। माता-पिता और शिक्षक दोनों को यह समझना होगा कि बच्चा कोई प्रोजेक्ट नहीं, एक जीवित आत्मा है। उसे सफलता के साँचे में ढालने से पहले उसे अपने ढंग से खिलने का अवसर देना जरूरी है। शिक्षक यदि केवल अंक देने वाले बन जाएँ और अभिभावक केवल रिपोर्ट कार्ड से बच्चे की योग्यता मापें, तो बच्चे का आत्मसम्मान कुचलना निश्चित है। जरूरी है कि घर और स्कूल दोनों जगह एक भावनात्मक संवाद स्थापित हो-जहाँ बच्चा अपनी असफलता, डर और उलझन को बिना भय के साझा कर सके।

भारत में मानसिक स्वास्थ्य को अब भी गंभीरता से नहीं लिया जाता। अधिकांश स्कूलों में काउंसलिंग सिस्टम या तो है ही नहीं या नाममात्र का है। बच्चों को यह सिखाया ही नहीं जाता कि तनाव से कैसे निपटें, असफलता को कैसे स्वीकारें या भावनाओं को कैसे व्यक्त करें। जिन्हें हम टॉपर कहते हैं, वे अक्सर भीतर से टूटे हुए होते हैं। आत्महत्या करने वाले बच्चों के पीछे अक्सर यह मनोवैज्ञानिक सत्य होता है कि उन्होंने कभी किसी से अपनी व्यथा कही ही नहीं। शिक्षा को केवल सूचना-प्राप्ति का माध्यम नहीं, जीवन-समझ का साधन बनाना होगा। जब तक बच्चों को यह नहीं सिखाया जाएगा कि जीवन अंक-पत्र से बड़ा है, तब तक यह संकट बना रहेगा। विद्यालयों में ध्यान, योग, संवाद, कला, संगीत और नैतिक शिक्षा को अनिवार्य बनाना चाहिए। सिर्फ पाठ्यक्रम नहीं, संवेदना-केंद्रित संस्कृति गढ़नी होगी।

देश में मोटी पगार वाली नौकरियों की गलाकाट स्पर्धा में शिक्षण संस्थाएं व शिक्षक उस दायित्व को भूल गए हैं, जो छात्रों को विषयगत शिक्षा के साथ विषम परिस्थितियों के बीच जीवन जीने की कला सिखा सके। उन्हें व्यावहारिक जीवन का कौशल सिखाने के साथ ही चुनौतियों से जूझने की मानसिक शक्ति विकसित करने के लिए तैयार कर सकें। आखिर किसी परिवार की उम्मीद को किस स्थिति में यह सोचना पड़ता है कि मौत को गले लगाना अंतिम विकल्प है? शिक्षा परिसरों में ऐसी स्थितियां क्यों विकसित हो रही हैं कि विद्यार्थी जीवन से हार मानने लगे हैं? निस्संदेह, शिक्षण संस्थानों का एक मात्र लक्ष्य किताबी ज्ञान देकर डिग्री बांटने तक ही नहीं हो सकता।यह प्रश्न अब टालने योग्य नहीं रहा कि क्या हम बच्चों को पढ़ा रहे हैं या उन्हें धीरे-धीरे तोड़ रहे हैं? शिक्षा यदि आत्महत्या का कारण बन जाए, तो उससे बड़ा विडंबनापूर्ण पराजय कोई नहीं। जरूरत है ऐसी शिक्षा की जो बच्चों को जीवन से प्रेम करना सिखाए, न कि जीवन से भागना। महर्षि अरविंद ने कहा था-सच्ची शिक्षा वह है जो भीतर की दिव्यता को प्रकट करे। समय आ गया है कि हम शिक्षा की दिशा को पुनर्परिभाषित करें, जहाँ परीक्षा नहीं, व्यक्तित्व महत्वपूर्ण हो; रैंक नहीं, रचनात्मकता का मूल्य हो; और सफलता नहीं, संतुलन एवं सुख शिक्षा का लक्ष्य बने। यदि हम यह नहीं कर पाए, तो आने वाले वर्षों में यह आंकड़ा-14,000 से बढ़कर, हमारी सामूहिक संवेदनहीनता की जीवित कब्र बन जाएगा। निस्संदेह, देश के स्कूली छात्रों में आत्मघात की प्रवृत्ति राष्ट्र की गंभीर क्षति है, जिसे संवेदनशील ढंग से दूर करने की तत्काल जरूरत है। प्रेषकः

**(ललित गर्ग)**
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

# रेल सुरक्षा: सुधार की पटरियों पर कब चढ़ेगा सिस्टम?



योगेश कुमार गोयल

भारत की रेल पटरियां देश की धमनियां कही जाती हैं, जो प्रतिदिन करोड़ों लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचाती हैं, जो अर्थव्यवस्था का इंजन चलाती हैं, जो इस विशाल देश की सामाजिक-सांस्कृतिक एकता का प्रतीक हैं लेकिन जब इन्हीं पटरियों पर बार-बार मौत की चीखें गूंजती हैं तो सवाल केवल हादसों का नहीं रहता बल्कि उस पूरे तंत्र की आत्मा पर उठता है, जिसने सुरक्षा को केवल एक चुनावी 'घोषणापत्र' सरीखा बनाकर रख दिया है। बिलासपुर के लालखदान में हुआ हालिया रेल हादसा इसी गहरी लापरवाही का ताजा उदाहरण है, जहां एक मेमू ट्रेन मालगाड़ी से टकरा गई, 11 यात्रियों की मौत हो गई और 25 से ज्यादा घायल हो गए। इंजन मालगाड़ी के गार्ड केबिन पर चढ़ गया और वह मंजर किसी युद्धस्थल से कम नहीं था।

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर की यह दुर्घटना देश के लिए महज एक और संख्या नहीं है बल्कि इस बात की प्रतीक है कि भारत के रेल तंत्र में तकनीक, सतर्कता और जवाबदेही का घोर अभाव है। बिलासपुर कलेक्टर के अनुसार, ट्रेन कोरबा से बिलासपुर के लिए रवाना हुई थी और गतौरा-बिलासपुर के बीच मालगाड़ी से टकरा गई। इस टक्कर ने एक बार फिर यह उजागर कर दिया कि देश में रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था आज भी 'कागज पर कवच' से ज्यादा कुछ नहीं है। इस हादसे की भयावहता के साथ ही जब हम इसी साल के कुछ अन्य रेल हादसों पर नजर डालते हैं, तो एक सिहरन सी उठती है। महाराष्ट्र के ठाणे में जून 2025 में चार यात्रियों की मौत केवल इसलिए हुई थी क्योंकि भीड़भाड़ वाली दो लोकल ट्रेनों में पायदान पर लटकते यात्रियों के बैग आपस में टकरा गए थे। बिहार के कटिहार में जून 2025 में अवध असम एक्सप्रेस रेलवे ट्रॉली से टकरा गई, जिससे एक ट्रॉलीमैन की मौत और चार कर्मचारी गंभीर घायल हुए। मार्च में ओडिशा के कटक जिले में बेंगलुरू-कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। अप्रैल 2025 में झारखंड के साहेबगंज में दो मालगाड़ियों की टक्कर में दो लोगों की मौत हुई। जुलाई 2025 में उसी जिले के बरहड़वा में बिना लोको पायलट की 14 बोगियां तेज रफ्तार से दौड़ती हुई दूसरी मालगाड़ी से जा टकराईं।

बिलासपुर का हादसा तो इस साल का सबसे बड़ी रेल दुर्घटना बन चुका है। यह स्पष्ट संकेत है कि हादसे अब अपवाद नहीं बल्कि एक भयानक पैटर्न बन चुके हैं। हर बार रेल मंत्रालय बयान देता है, 'दोषियों पर कार्रवाई होगी', 'मुआवजा दिया जाएगा', 'जांच समिति गठित की गई है', और फिर कुछ ही दिनों में सब भुला दिया जाता है। सवाल है कि क्या रेलवे अब केवल 'प्रतिक्रिया देने वाला तंत्र' बन गया है, जहां कार्रवाई केवल तभी होती है, जब हादसा हो चुका होता है? भारत में रेल हादसों का इतिहास उतना ही पुराना है, जितनी रेल सेवा स्वयं। भारत में हर साल बहुत बड़ी संख्या में होने वाले रेल हादसों में से करीब 70 प्रतिशत हादसे मानव त्रुटि के कारण होते हैं यानी कि या तो सिग्नलिंग सिस्टम में गलती या ट्रैक निरीक्षण में लापरवाही या फिर ट्रेन संचालन में मानवीय भूल। शेष हादसे तकनीकी खराबी, पुरानी पटरियों, रखरखाव की कमी और ओवरलोडिंग के कारण होते हैं।

इन तथ्यों से यह साफ हो जाता है कि भारत की रेल प्रणाली में सुरक्षा संस्कृति का अभाव है। यहां तकनीक पर निवेश से अधिक जोर घोषणाओं पर है। बीते वर्षों से 'कवच' सिस्टम को लेकर खूब प्रचार किया गया, कहा गया कि यह एक ऐसा स्वदेशी एंटी-कोलिजन सिस्टम है, जो दो ट्रेनों को टकराने से बचाएगा लेकिन आज की हकीकत यह है कि देश के केवल 4 प्रतिशत रेल नेटवर्क पर ही कवच लागू हुआ है, बाकी 96 प्रतिशत ट्रैक आज भी मानव सतर्कता पर निर्भर हैं और यही सबसे बड़ा खतरा है। रेल प्रशासन का रवैया भी उतना ही असंवेदनशील है। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने की घोषणा कर दी जाती है लेकिन यह मुआवजा न किसी बच्चे को उसका पिता लौटा सकता है, न किसी पत्नी को उसका पति, न किसी मां को उसका बेटा। जरूरत मुआवजे की नहीं, जवाबदेही की है।

यह दुर्भाग्य है कि जिस भारतीय रेलवे को 'विश्व की चौथी सबसे बड़ी रेल व्यवस्था' कहा जाता है, वहां अब भी अधिकांश ट्रैक ब्रिटिश कालीन तकनीक पर चल रहे हैं। ट्रेन ड्राइवरों को 8 से 12 घंटे तक बिना विश्राम रेल चलाने की मजबूरी, सिग्नलिंग उपकरणों की खराबी और निरीक्षण प्रणाली की औपचारिकता, ये सब मिलकर दुर्घटना की जमीन तैयार करते हैं। ऐसी किसी भी घटनां के बाद हर बार राजनीतिक बयानबाजी शुरू होती है, रेल मंत्री हादसे की उच्चस्तरीय जांच का ऐलान करते हैं और कुछ हफ्तों बाद कोई नई परियोजना या वंदे भारत उद्घाटन के बीच वह घटना जनता की स्मृति से मिट जाती है लेकिन जो परिवार अपनों को खो चुके होते हैं, उनके लिए वह हादसा जीवनभर की सजा बन जाता है।

भारत में आज रेलवे की सबसे बड़ी आवश्यकता है सुरक्षा का वास्तविक आधुनिकीकरण। केवल कवच सिस्टम ही नहीं बल्कि ट्रैक मॉनिटरिंग के लिए ड्रोन सर्वे, स्वचालित सिग्नलिंग, लोको पायलट के थकान-निगरानी उपकरण और रीयल-टाइम संचार प्रणाली की अनिवार्यता। 2024 में रेलवे ने दावा किया था कि 2027 तक 50,000 किलोमीटर नेटवर्क कवच से लैस होगा लेकिन आज की प्रगति देखकर यह लक्ष्य किसी दिवास्वप्न जैसा लगता है। नवंबर 2024 तक कवच सिस्टम लगभग 1,548 किलोमीटर ट्रैक पर लागू हो चुका था और उसके बाद से धीमी गति से इसका विस्तार जारी है। ऐसे में 2027 तक 50,000 किलोमीटर कवच से लैस करने का लक्ष्य प्राप्त करना अभी बहुत चुनौतीपूर्ण दिख रहा है और लक्ष्य से काफी पीछे है। विस्तृत कवच नेटवर्क के लिए काफी संसाधन और समय की आवश्यकता है। सवाल यह भी है कि जब देश अंतरिक्ष में चंद्रयान उतार सकता है तो पटरियों पर सुरक्षित यात्रा क्यों नहीं सुनिश्चित कर सकता? यह केवल तकनीक का नहीं, प्राथमिकता का प्रश्न है। जब तक सुरक्षा को मुनाफे से ऊपर नहीं रखा जाएगा, जब तक रेल बजट में सुरक्षा खंड को लागत नहीं बल्कि निवेश नहीं माना जाएगा, तब तक यह रक्तरंजित यात्रा जारी रहेगी।

बहरहाल, अब समय आ गया है, जब रेल हादसों को मात्र दुर्घटनाएं कहकर टाला नहीं जा सकता क्योंकि ये घटनाएं अब प्रशासनिक अपराधों का रूप ले चुकी हैं। हर साल निर्दोष नागरिकों की जानें जाती हैं और जिम्मेदारी जांच रिपोर्टों की धूल में दबी रह जाती है। देश को अब उस मानसिकता से बाहर निकलना होगा, जहां 'हादसे के बाद कार्रवाई' ही नीति बन चुकी है। आवश्यकता है ऐसी व्यवस्था की, जो दुर्घटनाओं से पहले सतर्कता और रोकथाम सुनिश्चित करे। यात्रियों की सुरक्षा कोई दया नहीं, उनका संवैधानिक अधिकार है, जो केवल कागज पर नहीं, पटरियों पर भी सुरक्षित होना चाहिए। जब तक हर ट्रेन यात्रा भय से नहीं, विश्वास से शुरू और समाप्त नहीं होती, तब तक भारतीय रेल प्रगति की नहीं, असंवेदनशीलता की प्रतीक बनी रहेगी। सच्चा विकास तभी होगा, जब हर गंतव्य तक पहुंचने वाली ट्रेन हर यात्री को सुरक्षित जीवन की गारंटी दे सके।

(लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)।

## राज्यों की खबरें

### अगले वर्ष भारतअगले वर्ष भारत की यात्रा कर सकता हूं : डोनाल्ड ट्रंप

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह अगले वर्ष भारत की यात्रा कर सकते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक ''अच्छा व्यक्ति'' और मित्र बताते हुए कहा कि मोदी ''चाहते'' हैं कि वह भारत आएं। ट्रंप ने 'ओवल ऑफिस' में बृहस्पतिवार को एक सवाल के जवाब में कहा, ''वह (प्रधानमंत्री मोदी) मेरे दोस्त हैं, हम बात करते रहते हैं... वह चाहते हैं कि मैं वहां आऊं। हम इस पर विचार कर रहे हैं। मैं जाऊंगा। मेरी वहां प्रधानमंत्री मोदी के साथ एक शानदार यात्रा रहेगी। वह एक अच्छे व्यक्ति हैं। मैं जाऊंगा।'' जब उनसे पूछा गया कि क्या वह अगले साल भारत की यात्रा की योजना बना रहे हैं, तो ट्रंप ने जवाब दिया, ''हां, हो सकता है।'' भारत नयी दिल्ली में क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका के नेता भाग लेंगे। इससे पहले 2024 का शिखर सम्मेलन विलमिंगटन (डेलावेयर) में आयोजित हुआ था। बहरहाल, भारत में होने वाले सम्मेलन की तारीखों की घोषणा अभी नहीं हुई है। ट्रंप की आगामी भारत यात्रा के बारे में पूछे जाने पर नयी दिल्ली में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

### चीन ने अपने तीसरे विमानवाहक पोत को बेड़े में शामिल किया

**बीजिंग :** चीन ने अपने तीसरे विमानवाहक पोत 'फुजियान' को नौसैनिक बेड़े में शामिल कर लिया है। इसे विद्युतचुंबकीय प्रक्षेपण प्रणाली (इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कैटापल्ट) से लैस सबसे आधुनिक युद्धपोत बताया जा रहा है जिससे विमानों को उड़ान भरने में मदद मिलती है। 'फुजियान' को चीनी नौसेना में शामिल किये जाने के अवसर पर आयोजित गोपनीय समारोह में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग भी मौजूद थे। फुजियान एक 'इलेक्ट्रोमैग्नेटिक एयरक्राफ्ट लॉन्च सिस्टम' (ईएमएएलएस) से लैस है, जिसका इस्तेमाल केवल अमेरिकी विमानवाहक पोत यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड द्वारा किया जाता है।

## वर्ग पहेली नं. 3257

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| ■ | ■ | 6 | | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| 10 | | | ■ | 11 | | ■ | 12 | ■ | |
| | ■ | | ■ | | ■ | 13 | | 14 | |
| ■ | 15 | | 16 | | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| 18 | | ■ | | ■ | 19 | 20 | | ■ | 21 |
| 22 | | ■ | 23 | 24 | | | ■ | 25 | |
| | ■ | 26 | ■ | | ■ | 27 | 28 | ■ | |
| 29 | | | | | ■ | 30 | | | |

*बायें से दायें:-* 1) सांत्वना, 3) मूर्खता, 6) बदसलूकी, 8) साहस, 10) इलज़ाम, 11) जल कल की टोटी, 13) लाचारी, 15) नापसंद 18) आमदनी, 19) भविष्यकथन का एक प्रकार, 22) पूरे, 23) पेशा, 25) टाट का बना थैला, 27) दराज़, 29) सड़कछाप बैद, 30) एक फल.

*ऊपर से नीचे:-* 2) अच्छे काम में लाना, 3) पीड़ित, 4) दूल्हा, 5) टेप; *लेस,* 7) वन्य पशु, 9) एक मादा पशु, 10) पचास प्रतिशत, 12) इन दिनों, 15) अवर कर्मचारी; *असिस्टेंट,* 16) एक दिशा, 18) नीला *(रंग),* 19) शोरबा, 20) शराबघर, 21) चमत्कारी, 24) संशय, 26) ईर्ष्यापूर्ण जलन, 28) बर्बादी.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | रो | व | र | ■ | ज | न्त्र | त | ■ | क |
| ज | ■ | शी | त | का | ल | ■ | क | पू | त |
| ना | ट | क | ■ | म | द | द | ■ | ■ | रा |
| ■ | ■ | र | स | ना | ■ | ख़ा | री | द | ना |
| कृ | प | ण | ■ | ■ | प | ल | ■ | स्तु | ■ |
| ■ | खा | ■ | अ | स्थि | र | ■ | क | री | म |
| भू | ल | चू | क | ■ | खा | त | म | ■ | क |
| कं | ■ | ■ | ब | स | ■ | ला | ल | झं | डी |
| प | ■ | प | र | दा | फ़ा | श | ■ | झा | ■ |

## सुडोकू-पहेली-3214

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | 1 | | | 9 | |
| | 2 | | 4 | | 9 | 5 | | |
| | | | | | | 7 | | |
| | | | | | | | 4 | 1 |
| | | 2 | | 8 | | 3 | | 9 |
| | 9 | 4 | | | | | | |
| 7 | | | | | | | | 3 |
| 6 | | | | | 5 | | | |
| | 5 | | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3213 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 9 | 7 | 4 | 1 | 8 | 6 | 2 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 5 | 2 | 9 | 8 | 4 | 7 |
| 6 | 9 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 | 2 | 8 |
| 4 | 1 | 2 | 6 | 7 | 8 | 3 | 9 | 5 |
| 8 | 3 | 7 | 2 | 9 | 5 | 4 | 1 | 6 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 5 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 2 |
| 7 | 2 | 6 | 8 | 4 | 1 | 5 | 3 | 9 |

# 'सेवाश्रय-2' की घोषणा, अभिषेक बनर्जी ने जन्मदिन पर जनता को दिया 'सेवा का उपहार'



**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के सर्वभारतीय महासचिव व डायमंड हार्बर के सांसद अभिषेक बनर्जी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर जनता को एक विशेष तोहफा दिया है। शुक्रवार को उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र में 'सेवाश्रय-2' अभियान की घोषणा की। इस जनकल्याणकारी पहल के तहत दिसंबर से जनवरी तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे, जिनमें आम लोगों को निःशुल्क उपचार और परामर्श सेवाएं दी जाएंगी। इस दिन, अभिषेक बनर्जी ने अपने एक्स हैंडल (पूर्व ट्विटर) पर लिखा कि मानव सेवा के कर्तव्य को सर्वोच्च मानते हुए और स्वास्थ्य सेवा के अधिकार को हर नागरिक तक पहुंचाने के उद्देश्य से मैंने 'सेवाश्रय' की शुरुआत की थी। इस पहल के माध्यम से डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्र के लोगों को भरोसेमंद और निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की गई। जनता से किया वादा निभाते हुए 'सेवाश्रय फिर लौट रहा है'। अभिषेक ने बताया कि एक दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर आयोजित होंगे। इसके बाद, 24 जनवरी से 30 जनवरी 2026 तक सातों विधानसभा क्षेत्रों में मेगा स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। सभी शिविर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चलेंगे। स्वास्थ्य शिविरों का विस्तृत कार्यक्रम सूची भी जारी की गई है,

- **महेशतला विधानसभा क्षेत्र :** 1-7 दिसंबर
- **मटियाब्रुज विधानसभा क्षेत्र :** 8-14 दिसंबर
- **बजबज विधानसभा क्षेत्र :** 15-21 दिसंबर
- **बिष्णुपुर विधानसभा क्षेत्र :** 22-30 दिसंबर
- **सातगाछिया विधानसभा क्षेत्र :** 2-8 जनवरी
- **फलता विधानसभा क्षेत्र :** 9-15 जनवरी
- **डायमंड हार्बर विधानसभा क्षेत्र :** 16-22 जनवरी

अभिषेक बनर्जी ने कहा कि साधारण जन की सेवा और जरूरतमंदों का सहारा बनना ही सच्चा राजनीति धर्म है। 'सेवाश्रय-2' उसी भावना को पुनर्जीवित करने का प्रयास है।

## नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में कल्याणमय गंगोपाध्याय की जमानत याचिका पर ईडी ने रिपोर्ट दाखिल की

**कोलकाता :** नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले के प्रमुख आरोपियों में से एक कल्याणमय गंगोपाध्याय की जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट हाई कोर्ट में जमा कर दी। ईडी के वकील की अनुपस्थिति के कारण एजेंसी ने अदालत से अतिरिक्त समय भी मांगा। मामले की अगली सुनवाई 12 नवंबर को होगी। कोलकाता हाई कोर्ट ने इस मामले की तफ्तीश की प्रगति और कल्याणमय गंगोपाध्याय के खिलाफ हालिया जांच में क्या तथ्य सामने आए हैं, इस बारे में जानकारी मांगी थी। इसी निर्देश के आधार पर ईडी ने अपनी रिपोर्ट पेश की। गिरफ्तारी के बाद से पूर्व परिषद अध्यक्ष कल्याणमय गंगोपाध्याय ने कई बार जमानत की अर्जी दायर की है, लेकिन हर बार ईडी ने इसका कड़ा विरोध किया है।

# एसआईआर फॉर्म में रिश्तेदारों को लेकर निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों में विरोधाभास

### टीएमसी ने चुनाव आयोग को लिखा पत्र

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त की हालिया टिप्पणियों और राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) को जारी लिखित निर्देशों के बीच विसंगति होने का आरोप लगाया। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को लिखे पत्र में, पार्टी ने दावा किया कि इस मामले ने कई जिलों के बीएलओ के बीच 'व्यापक भ्रम और संचालन संबंधी गतिरोध' पैदा कर दिया है। तृणमूल ने आरोप लगाया कि 27 अक्टूबर को एक प्रेस वार्ता के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने कहा था कि एसआईआर फॉर्म में चाचा जैसे रक्त संबंधियों का उल्लेख किया जा सकता है, लेकिन लिखित निर्देश और सॉफ्टवेयर इंटरफेस स्वीकार्य 'रिश्तेदार' श्रेणी को केवल माता-पिता और दादा-दादी तक ही सीमित रखते हैं। सीईओ को लिखे एक पत्र में, तृणमूल नेता व मंत्री अरूप बिस्वास ने कहा कि सीईसी ने कहा था कि गणना प्रपत्र (फॉर्म) भरते समय, कोई व्यक्ति या तो अपना विवरण (यदि पिछली एसआईआर सूची में मौजूद हो) या किसी रिश्तेदार का विवरण, विशेष रूप से 'चाचा' शब्द का उल्लेख करते हुए, दर्ज कर सकता है, जिसका अर्थ है कि चाचा या अन्य रक्त संबंधियों के माध्यम से संबंध दर्शाने की अनुमति है। पार्टी ने दावा किया कि यह बीएलओ को जारी किए गए लिखित निर्देशों और बीएलओ सॉफ्टवेयर इंटरफ़ेस के सीधे तौर पर विरोधाभासी है, दोनों ही 'रिश्तेदार' श्रेणी को केवल माता-पिता और दादा-दादी तक ही सीमित रखते हैं।

# पथश्री परियोजना में सड़क गुणवत्ता पर मुख्य सचिव की सख्ती

### जिलों को निगरानी बढ़ाने का निर्देश



**कोलकाता :** पथश्री परियोजना के तहत ग्रामीण सड़कों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मुख्य सचिव मनोज पंत ने शुक्रवार को जिलाधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। नबन्ना से आयोजित एक वर्चुअल बैठक में उन्होंने साफ कहा, सड़कों की गुणवत्ता को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही या समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**बैठक में निर्देश दिया गया कि**

- प्रत्येक जिला प्रशासन को नियमित रूप से सड़कों की गुणवत्ता की निगरानी करनी होगी।
- राज्य स्तर से भी विशेष टीमें भेजी जाएंगी, जो स्थल पर जाकर सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जांच करेंगी।

मुख्य सचिव ने यह भी आदेश दिया कि परियोजना के कार्यों को तेजी से पूरा किया जाए। पथश्री परियोजना के तहत सभी टेंडर प्रक्रियाओं को जल्द से जल्द समाप्त करने पर जोर दिया गया है।

नबन्ना के सूत्रों के अनुसार, इस कठोर निर्देश का उद्देश्य एक ही है- ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने वाली इस महत्वपूर्ण परियोजना में किसी भी तरह की अनियमितता या निम्नस्तरीय कार्य न होने पाए।

## आय से अधिक संपत्ति मामले में केएमसी का सहायक अभियंता गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य पुलिस की भ्रष्टाचार दमन शाखा ने कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के एक सहायक अभियंता को आय से अधिक संपत्ति के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान पार्थ चोंगदार के रूप में हुई है, जो निगम के 'प्लानिंग एंड डेवलपमेंट' विभाग में कार्यरत था। शुक्रवार को पुलिस की ओर से जारी बयान के अनुसार, पार्थ के खिलाफ भ्रष्टाचार दमन शाखा में शिकायत दर्ज होने के बाद जांच शुरू की गई। जांच में पता चला कि वर्ष 2017 से 2021 के बीच उनकी आधिकारिक आय की तुलना में लगभग पांच करोड़ से अधिक की संपत्ति अर्जित की गई है। अब यह जांच की जा रही है कि इतनी बड़ी राशि उनकी आय का हिस्सा कैसे बनी और क्या इसके पीछे उनके सरकारी पद का दुरुपयोग किया गया। इस संबंध में अब तक नगर निगम प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

**TENDER NOTICE**

E-Tender for construction of 25 nos civil works under the jurisdiction of Basanti Block have been invited by the undersigned. Details of which as noted below:

Bid Submission Date: 07.11.2025 and 08.11.2025

Bid Closing Date: 27.11.2025 & 28.11.2025 & 01.12.2025

Details can be collected from the website http://wbtenders.gov.in & office Notice Board.

BLOCK DEVELOPMENT OFFICER
BASANTI DEVELOPMENT OFFICER
South 24 Parganas

# हाई कोर्ट का मनरेगा पुनः शुरू करने का निर्देश, बकाया भुगतान पर एक महीने में हलफनामा मांगा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने राज्य में बंद पड़े महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत 100 दिन के कार्यों को तुरंत शुरू करने का कड़ा निर्देश दिया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पाल की खंडपीठ ने यह आदेश देते हुए बकाया राशि को लेकर हलफनामों के आदान-प्रदान के लिए एक महीने का समय भी दिया है। इस सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से भी रुख में बदलाव देखा गया। केंद्र सरकार के अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि कार्य शुरू करने में अब उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। गौरतलब है कि, कलकत्ता हाई कोर्ट ने इसी वर्ष जून महीने में केंद्र सरकार को निर्देश दिया था कि राज्य में बंद परियोजनाओं को बहाल किया जाए। अदालत ने कहा था कि किसी भी केंद्रीय परियोजना को अनिश्चितकाल तक रोका नहीं जा सकता। इस आदेश को केंद्र ने उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी, लेकिन शीर्ष अदालत में न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की खंडपीठ ने उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखा था। उल्लेखनीय है कि बीते करीब तीन वर्षों से राज्य को मनरेगा के तहत मजदूरी भुगतान नहीं हो रहा था। इस मुद्दे को लेकर राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस कई बार केंद्र सरकार के खिलाफ मुखर रही है। श्रमिकों को बकाया राशि न मिलने के विरोध में पार्टी ने प्रदर्शन किए और दिल्ली में भी लगातार मांग उठाई। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्वयं प्रधानमंत्री व केंद्रीय मंत्रियों को पत्र लिखकर भुगतान जल्द जारी करने का आग्रह किया था।

# अगले सप्ताह पार्थ चटर्जी की जेल से रिहाई की संभावना, गवाही प्रक्रिया पूरी होने का इंतज़ार

कोलकाता : नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को आखिरकार बड़ी राहत मिल सकती है। उम्मीद जताई जा रही है कि अगले सप्ताह उनकी जेल से रिहाई संभव है। नवम-दशम, एकादश-द्वादश और ग्रुप-सी मामलों में पर्थ चटर्जी का बयान दर्ज करने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, लेकिन एक कारण से उनकी रिहाई अभी रुकी हुई है।

शुक्रवार को एसएससी अधिकारी तपज्योति घोष की आंशिक गवाही दर्ज की गई। समय की कमी के कारण पूरी गवाही नहीं हो पाई। अब आगामी सोमवार को फिर से गवाही की प्रक्रिया चलेगी। यह प्रक्रिया पूरी होते ही, पहले से मिल चुकी जमानत के आधार पर पर्थ चटर्जी को जेल से छोड़ा जा सकता है। केवल पर्थ ही नहीं, शांतिप्रसाद सिन्हा और सुबीरश भट्टाचार्य के भी अगले सप्ताह जेलमुक्त होने की संभावना है।

इससे पहले भी पर्थ चटर्जी को कई मामलों में जमानत मिल चुकी थी, लेकिन अदालत के निर्देश के चलते गवाही प्रक्रिया पूरी होने तक उनकी रिहाई नहीं हो पा रही थी। शुक्रवार को प्रक्रिया पूरी होनी थी, लेकिन समय की कमी से देरी हुई।

अब माना जा रहा है कि सोमवार को गवाही समाप्त होते ही पर्थ चटर्जी जेल से बाहर आ सकते हैं।

प्रथम पुण्यतिथि पर सत सत नमन



परिवार जिसका मन्दिर था।
स्नेह जिसकी शक्ति थी।
परिश्रम जिसका कर्तव्य था।
परमार्थ जिसकी भक्ति थी।
ऐसी आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करे।

श्रद्धा सुमन

समस्त खटेड़ परिवार

स्वर्गीय अनिल कुमार खटेड़
भावभीनी श्रद्धांजलि

नॉर्थ हावड़ा यूथ फोरम - गंगेज शिवा परिवार

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. आरईएचएबीएक्सएम_आर_25-26, दिनांक 03.11.2025,** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/सी, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा, पिन-743145 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **निविदा सूचना सं.: आरईएचएबीएक्सएम_आर_25-26, कार्य का नाम एवं इसका स्थान :** 01 (एक) वर्ष की अवधि के भीतर कैरिज कॉम्प्लेक्स, कांचरापाड़ा में पी.बी. सं.-752/ 2024-25 और 365/ 2025-26 के माध्यम से स्वीकृत बल्क आरएसपी कार्य के तहत 106 कोचों के लिए प्रमुख ध्यान के दौरान साइकिल डाउनटाइम को कम करने के लिए कोचों का पुनर्वास / ओवरहॉलिंग। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु.2,06,21,391.58, **निविदा कागजात का मूल्य (टीडीसी):** शून्य। **वेबसाइट जहाँ निविदा कागजात उपलब्ध होगा :** निविदा कागजात का संपूर्ण सेट भारतीय रेल की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 03.11.2025 से 25.11.2025 को 14.00 बजे तक उपलब्ध होगा। **प्रतिभूति राशि जमा की जाएगी:** 2,53,200/-, **कार्य की समापन अवधि:** 01 (एक) वर्ष। **विज्ञापन अवधि:** दिनांक 03.11.2025 से 25.11.2025 को 14.00 बजे तक। **प्रस्ताव जमा देने की अवधि:** 15 (पंद्रह) दिन पूर्व से 25.11.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 25.11.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा की वैधता:** 66 (छियासठ) दिन। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** निविदा दिनांक 25.11.2025 को 15.00 बजे और उसके बाद खोली जाएगी।

MISC-268/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**एनआईटी सं. 160_2025-26, दिनांक 04.11.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है **(वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के क्षेत्राधिकार के लिए): एनआईटी सं. 160_2025-26, कार्य का विवरण :** वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न कार्यालय यूनिटों में शौचालय सुविधाओं सहित नए लेडीज ड्रेस चेंजिंग रूम का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,04,24,357.66, **बयाना राशि:** रु. 2,02,100/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) :** शून्य । **समापन अवधि :** 06 (छह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 25.11.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-375/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# सीएए आवेदन रसीद को एसआईआर में मान्य दस्तावेज बनाने की मांग, हाई कोर्ट में याचिका

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर एक और जनहित याचिका दायर की गई है। इस बार, एक स्वेच्छासेवी संगठन ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए मांग की है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत जिन लोगों ने नागरिकता के लिए आवेदन किया है, उनकी आवेदन रसीद को एसआईआर प्रक्रिया में वैध दस्तावेज के तौर पर स्वीकार किया जाए। याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत को बताया कि सीएए के जरिए नागरिकता के लिए अनेक लोगों ने आवेदन किया है। यदि उनके आवेदन रसीदों को एसआईआर में स्वीकार नहीं किया गया, तो भविष्य में उन्हें नागरिकता से वंचित होना पड़ सकता है। यही वजह है कि इस जानकारी को आधिकारिक तौर पर मतदाता सूची संशोधन में शामिल किया जाना जरूरी है। उन्होंने मामले पर कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पाल की डिविजन बेंच का ध्यान आकर्षित किया है। मामला आगामी सोमवार को सुनवाई के लिए लिया जा सकता है। गौरतलब है कि राज्य में एसआईआर को लेकर पहले से ही राजनीतिक और कानूनी विवाद जारी है। इसी बीच, सीएए से जुड़ा यह नया मामला शामिल होने से पूरे मुद्दे पर और तीखी बहस की संभावना बढ़ गई है।

## एसएसकेएम में महिला वार्ड में घुसकर हंगामा व नर्सों से दुर्व्यवहार, युवक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के प्रमुख सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों में से एक एसएसकेएम अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल उठे हैं। हाल ही में, एक नाबालिका से छेड़छाड़ की घटना के बाद अब अस्पताल परिसर में एक और चौंकाने वाली घटना सामने आई है। आरोप है कि गत गुरुवार की सुबह करीब 11.30 बजे एक अज्ञात व्यक्ति शराब के नशे में अस्पताल के मुख्य भवन के 'केबल वॉर्ड' में घुस गया। जैसे ही वह व्यक्ति वॉर्ड में दाखिल हुआ, वहां मौजूद नर्सिंग स्टाफ की नजर उस पर पड़ी। नर्सिंग स्टाफ ने तुरंत अस्पताल के आउटपोस्ट पुलिस को इसकी सूचना दी। इस दौरान आरोपित व्यक्ति स्टाफ के साथ बहस करने लगा। घटना की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने तत्काल एसएसकेएम आउटपोस्ट में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और गुरुवार की शाम को उस व्यक्ति को हिरासत में ले लिया गया। बाद में, उसकी पहचान अंबर राय चौधरी के रूप में हुई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक, वह मनोहरपुकुर रोड का निवासी है और खुद को अस्पताल का कर्मचारी बताकर अंदर घुसा था। उसके पास से कोलकाता नगर निगम का एक पहचान पत्र मिला है, जिसकी सत्यता की जांच की जा रही है।

**OFFICE OF THE PURULIA-I DEVELOPMENT BLOCK**
**At- Charda, Kotloi, Purulia, 723102.**

**Memo No.: 1952/BDO/P-I** **Date: 07.11.2025**

**Notice**

Executive Officer, Purulia-I Development Block invites E-tender as follows: **NIeT No.- WBPUR/EO/Niet-12/25-26, dt. 04.11.2025, for 01 nos. scheme (Tender ID 2025_DM_938581_1) under PUAD** within the jurisdiction of Purulia-I Development Block. **Above NIet has been changed due to wrong entry of some information and critical dates.** Details may be obtained from website : **https://wbtenders.gov.in**

Sd/-
Block Development Officer
Purulia-I Development Block

**इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु सूचना**

**सेकेंड-हैंड/अतिरिक्त मुद्रण तथा सम्बद्ध मशीनों की खरीददारी के लिए**

पूर्व रेलवे के हावड़ा स्थित एएमपीएस डिपो में उपलब्ध सेकेंड-हैंड/अतिरिक्त मुद्रण तथा सम्बद्ध मशीनों को खरीदने के लिए इच्छुक पार्टियों से मुहरबंद इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है।

मशीनों की विस्तृत सूची **एएमएम/जे/पूर्व रेलवे कार्यालय, 9, मुखराम कनोड़िया रोड, हावड़ा-711101** से **कार्यालय के काम के दौरान** प्राप्त किए जा सकते हैं। विधिवत रूप से भरे हुए एवं हस्ताक्षरित ईओआई एएमएम/जे/हावड़ा के समक्ष **दिनांक 21.11.2025** को अथवा उससे पहले प्रस्तुत की जानी चाहिए।

एएमएम/जे/हावड़ा

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**हावड़ा मंडल के तहत रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

अभियांत्रिकी, ऊपरी उपस्कर और संकेत एवं दूरसंचार रखरखाव कार्य के लिए, हावड़ा मंडल की विभिन्न शाखाओं में दिनांक **09.11.2025 (रविवार) को दिन के समय ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। फलस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनें निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगी:

● **निरस्तीकरण [दिनांक 09.11.2025 (रविवार)]: (1) हावड़ा से** - 37055, 37249, 37363, 36823 **(2) बैण्डेल से** - 37246, 37749 **(3) बर्द्धमान से** - 36834 **(4) सेवड़ाफुली से** - 37056 **(5) आरामबाग से** - 37364, 37396 **(6) कटवा से** - 37748 ● **पुनर्निर्धारण [दिनांक 09.11.2025 (रविवार)]: (1) 53009 कटवा-आजिमगंज पैसेंजर** ट्रेन **कटवा से** 12.00 बजे के स्थान पर **12.30 बजे** पुनर्निर्धारित की जाएगी। **(2) 12338 बोलपुर-हावड़ा शांतिनिकेतन एक्सप्रेस** ट्रेन **बोलपुर से** 13.15 बजे के स्थान पर **13.50 बजे** पुनर्निर्धारित की जाएगी। ● **नियंत्रण [दिनांक 09.11.2025 (रविवार)]: 13016 डाउन जमालपुर-हावड़ा कवि गुरु एक्सप्रेस** ट्रेन मार्ग में 25 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। ● **संक्षिप्त यात्रा समाप्त [दिनांक 09.11.2025 (रविवार)]: 37365 हावड़ा-आरामबाग लोकल** तारकेश्वर में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी।

**विशेष टिप्पणी:** ब्लॉक अवधि के दौरान स्पेशल या विलंब से चलने वाली ट्रेनें और कोई भी नई शुरू की गई ट्रेन/पार्सल ट्रेनें/टीओडी, यदि कोई हो, मार्ग में आवश्यकतानुसार नियंत्रित की जाएंगी/परिवर्तित मार्ग पर चलाई जाएंगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना सं.: पीसीएमएम/जीईएनएल/टीपी/2025/40, दिनांक 07.11.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, मुख्यालय (पांचवीं मंजिल), न्यू प्रशासनिक भवन, 11, गार्डनरीच रोड, कोलकाता-700043 द्वारा "ई" प्रोक्योरमेंट प्रणाली के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। सभी निविदाएं अपराह्न 2.00 बजे बंद कर दी जाएगी।

| क्र.सं. | निविदा सं. | नियत तिथि | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | ईएमडी (रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **33253288ए** | 25.11.2025 | फिएट बोगी के लिए सेकेंडरी लैटेरल डम्पर | 2570 अदद | 3,16,600/- |
| 2. | **56251007** | 27.11.2025 | 25 ओएफसी इत्यादि की आपूर्ति के लिए चालू अनुबंध | 320 किमी | 3,77,140/- |
| 3. | **45253119** | 05.12.2025 | 45253119 इमरजेंसी बैटरी चार्जर 230वी, 2.5 केडब्ल्यू इत्यादि | 238 अदद | 1,03,520/- |
| 4. | **77253024** | 19.11.2025 | जेंटियन ब्लू (आरएएल 5010) पेंट इत्यादि की आपूर्ति | 75780 लीटर | 1,52,010/- |
| 5. | **56253006** | 27.11.2025 | 2वी 300एएच कम रखरखाव वाली लीड एसिड सेकेंडरी सेल इत्यादि के लिए चालू अनुबंध | 6500 किमी | 11,58,140/- |
| 6. | **46253121ए** | 24.11.2025 | पोर्सलिन 9 टन इंसुलेटेर आर. आई. 6020-1 (सी.डी. 1050 मिमी) सम्पूर्ण सेट आदि | 1805 अदद | 1,07,560/- |
| 7. | **29253680** | 21.11.2025 | ड्राइवर ब्रेक एवं हॉर्न वॉल्व के लिए रखरखाव किट का सेट | 138 सेट | 1,30,500/- |
| 8. | **29255094** | 27.11.2025 | लैबिरिंथ एवं बीयरिंग कैप. का सेट | 600 सेट | 4,38,750/- |
| 9. | **29255093ए** | 27.11.2025 | लैबिरिंथ एवं बीयरिंग कैप. का सेट | 400 सेट | 2,11,920/- |
| 10. | **2955097ए** | 28.11.2025 | एक्सल गाइड लिंक/टीएम के लिए स्फेरिब्लॉक | 1735 अदद | 3,33,120/- |
| 11. | **42255017** | 08.12.2025 | ब्रशलेश डीसी (बीएलडीसी) मोटर सीलिंग फैन की आपूर्ति हेतु आरजीसी, आईएसआई मार्का, स्वीप आकार:1200 मिमी | 28324 अदद | 13,84,520/- |
| 12. | **आईजी255892ए** | 03.12.2025 | 500 केवीए क्षमता का इनडोर टाइप डिस्ट्रिब्यूशन ट्रांसफॉर्मर | 04 अदद | 1,74,640/- |
| 13. | **60250018** | 10.12.2025 | 60 किग्रा रेल हेतु उपयुक्त फिश बोल्ट एवं नट 25x140 (टी-1899) | 130000 अदद | 1,95,420/- |

इच्छुक निविदादातागण निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देशन के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियाँ ऑनलाइन जमा करें। किसी भी परिस्थिति में इन मदों के लिए मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** प्रत्याशित बोलीदातागण अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने तथा तदुपरांत प्रकाशित किसी भी शुद्धिपत्र के लिए नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं।

**(PR-813)**

**सीवान-कोलकाता-सीवान अनारक्षित स्पेशल ट्रेन निरस्त**

यात्रियों की संख्या में कमी होने के कारण, **05086 सीवान-कोलकाता अनारक्षित स्पेशल ट्रेन** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 08.11.2025) तथा **05085 कोलकाता-सीवान अनारक्षित स्पेशल ट्रेन** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 09.11.2025) ट्रेनें **निरस्त** रहेंगी।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**सं. सीओएम/डीईवी/ई-ऑक्शन/पीयू/एचडब्ल्यूएच/2022 दिनांक 03.11.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ तल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत 3 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए **श्रीरामपुर स्टेशन, शक्तिगढ़ स्टेशन, पाकुड़ स्टेशन, चंदननगर स्टेशन, बेलमुड़ि स्टेशन** में सामान्य पे एंड यूज शौचालय के परिचालन एवं रखरखाव के लिए नया ठेका प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। संदर्भित ई-ऑक्शन रेलवे बोर्ड के फ्रेट मार्केटिंग सर्कुलर नं. 11 ऑफ 2022 एवं कमर्शियल सर्कुलर नं. 14 ऑफ 2022 के अनुसार संचालित है। अधिक जानकारी और ई-नीलामी में भागीदारी के लिए, कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल** के माध्यम से देखें। **ऑक्शन कैटलॉग सं. पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-03-आर-25, लॉट सं./कैटेगरी और स्टेशन** निम्नानुसार हैं: **पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-एसआरपी-टीओआई-76-25-1,** श्रीरामपुर (एसआरपी)। **पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-एसकेजी-टीओआई-30-25-1,** शक्तिगढ़ (एसकेजी)। **पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-पीकेआर-टीओआई-73-25-2,** पाकुड़ (पीकेआर)। **पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-सीजीआर-टीओआई-33-25-2,** चंदननगर (सीजीआर) **पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-बीएमएई-टीओआई-77-25-1,** बेलमुड़ि (बीएमएई)। **नीलामी की तिथि और समय :** 18.11.2025 को 13.30 बजे।

HWH-377/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं.: सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/25/43 दिनांक 04.11.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ तल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के लिए अनुबंध प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। **ई-ऑक्शन कैटलॉग सं.: पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-25-43, नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय: दिनांक 19.11.2025 को 13.00 बजे। क्रम सं., लॉट सं. और विवरण** निम्नानुसार हैं: **एए/1,** एडीवीटी-आईएनटी-174407-2-25-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर), ट्रेन नं. 22301/22302 (हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी-हावड़ा) वंदे भारत एक्सप्रेस के सभी 16 कोचों में फैक्टरी फिटेड 32 इंच एलसीडी टीवी के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के अधिकारों के लिए 03 वर्ष की अवधि हेतु अनुबंध प्रदान करना। **एए/2,** एडीवीटी-आईएनटी-249813-2-25-2 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर), ट्रेन नं. 22309/22310 (हावड़ा-जमालपुर-हावड़ा) वंदे भारत एक्सप्रेस के सभी 08 कोचों में फैक्टरी फिटेड 32 इंच एलसीडी टीवी के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के अधिकारों के लिए 03 वर्ष की अवधि हेतु अनुबंध प्रदान करना। **एबी/3,** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएच-54-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), हावड़ा स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) वीडियो वॉल के माध्यम से रेलवे सूचना और विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए 03 वर्ष की अवधि हेतु अधिकार प्रदान करना। **एसी/1,** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएसएन-129-25-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (नॉन-डिजिटल)), हावड़ा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्मों (पीएफ. 8 से 15) में एलईडी फ्लेंज के माध्यम से 03 वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के लिए अनुबंध प्रदान करना। **एसी/2,** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-जेटीएल-ओएसएन-19-25-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (नॉन-डिजिटल)), हावड़ा मंडल के तहत 3 वर्ष की अवधि के लिए क्लस्टर-IV (क) झापटेर ढाल स्टेशन से गुमानी स्टेशन तक, (ख) अदलपहाड़ी स्टेशन से कुरुवा स्टेशन तक, (ग) आजिमगंज सिटी स्टेशन से ताकिपुर स्टेशन तक और (घ) चौहट्टा स्टेशन से अजय केबिन तक) स्टेशनों के स्टेशन परिसरों के अंदर वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के लिए अनुबंध प्रदान करना।

HWH-376/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**भागलपुर-यशवंतपुर वन वे अनारक्षित स्पेशल ट्रेन और एक ट्रिप चलाई जाएगी**

यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, **03403 भागलपुर-यशवंतपुर वन वे अनारक्षित स्पेशल ट्रेन** नीचे उल्लेखित संक्षिप्त समय-सूची, ठहराव, यात्रा की तिथि एवं गठन के अनुसार एक अतिरिक्त ट्रिप चलाई जाएगी:

| स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | तारीख |
|---|---|---|---|
| **भागलपुर** | - | **22.30** | 12.11.25 |
| जमालपुर | 00.02 | 00.12 | 13.11.25 |
| किऊल | 01.15 | 01.35 | |
| जसीडीह | 03.03 | 03.05 | |
| आसनसोल | 05.55 | 06.00 | |
| बर्द्धमान | 08.05 | 08.08 | |
| आंदुल | 10.50 | 10.55 | |
| खड़गपुर | 13.40 | 13.50 | |
| कटक | 18.10 | 18.15 | |
| कोत्तवलसा | 01.30 | 01.32 | 14.11.25 |
| एसएमवीटी बेंगलुरु | 22.55 | 21.00 | |
| **यशवंतपुर** | **23.50** | - | |

ऊपरोक्त स्पेशल ट्रेन यात्रा के दौरान मार्ग में सुल्तानगंज, धरहरा, अभयपुर, झाझा, मधुपुर, दुर्गापुर, बालेश्वर, भद्रक, जाजपुर केन्दुझर रोड, भुवनेश्वर, खोरधा रोड जंक्शन, ब्रह्मपुर, पलासा, विजयनगरम, दुव्वाडा, राजामंड्री, विजयवाड़ा, ओंगोल, नेल्लौर, गुडुर, रेनीगुंटा, कटपडी, जोलारपेट्टै एवं कृष्णराजपुरम स्टेशनों में भी ठरहेगी। **यात्रा की तिथि एवं दिन: भागलपुर से - 03403** दिनांक 12.11.2025 (बुधवार) = 01 ट्रिप। **गठन:** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)-20 एवं एसएलआरडी-02 = 22 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 53/ईटी/2025-26 दिनांक: 04.11.2025

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 03251173 | सेट ऑफ एफआरपी रूफ पैनलस एन्ड पैनलस कवरिंग नियर इलेक्टिकल फॉर एलएचबी एलसीएन/इओजी 80 ब्रदर कोच | 94 सेट | 24.11.2025 |
| | | रूफ सेलिंग एआरआरजीटी फॉर एलएचबी एससीएन इओजी कोचेज | 120 सेट | |
| 02 | 11251164 | किट ऑफ अन्डर फ्रेम आइटम फॉर एलएसआरडी (31 सेक्टर) कोच | 52 सेट | 23.12.2025 |
| 03 | 05251113 | डिजाइन डेबेलप्पमेंट मेन्यूफैक्रिंग सप्लाई, टेस्टिंग एन्ड कमीशिनिंग | 114 सेट | 02.12.2025 |
| | | यूनिट एक्सचेंज स्पेयर कम्परेजिंग आर्फ सप्लाई आफ मेन एआर कम्प्रेसर | 34 सेट | |
| | | यूनिट एक्सचेंज स्पेयर कम्परेजिंग आर्फ सप्लाई आफ इन्टर वेहिकूलर कप्लर असेम्बली | 3 सेट | |
| | | यूनिट एक्सचेंज स्पेयर कम्परेजिंग आर्फ सप्लाई आफ वैक्यम | 17 सेट | |
| | | यूनिट एक्सचेंज स्पेयर कम्परेजिंग आर्फ सप्लाई आफ पैन्टोग्राफ कम्पलीट | 17 सेट | |
| | | यूनिट एक्सचेंज स्पेयर कम्परेजिंग आर्फ सप्लाई आफ गैपलेश | 17 सेट | |
| | | यूनिट एक्सचेंज स्पेयर कम्परेजिंग आर्फ सप्लाई आफ ट्रैक्सन | 17 सेट | |
| | | यूनिट एक्सचेंज स्पेयर कम्परेजिंग आर्फ सप्लाई आफ ऐसिंगकनस | 68 सेट | |
| | | सीएएमसी | 114 सेट | |
| 04 | 03251882 | सेट ऑफ एसएस लगेज् रैक इन एलएचबी पारसेल वैन | 69 सेट | 25.11.2025 |
| 05 | 11241376ए | किट ऑफ रूफ कम्पोनेंट आईटमस फॉर एलएसएलआरडी (31 सीटर) कोच | 126 सेट | 26.11.2025 |
| 06 | 11251200 | सेल ऑफ किट फॉर 3पीएच मेमू/ डीएमसी कोचे | 5 सेट | 26.11.2025 |
| 07 | 11251225 | सेट ऑफ कनसोल (फीनिश मशीन) फॉर एलएचबी कोचेज | 1096 सेट | 26.12.2025 |
| 08 | 11251199 | सेल किट फॉर 3पीएच मेमू/डीएमसी कोच | 5 सेट | 26.11.2025 |
| 09 | 11251233 | वन कोच सेट आर्फ साइड वाल कम्पलीट एन्ड रूफ कम्पलीट फॉर 3पीएच मेमू/टीसी 6 कोचेज | 12 सेट | 27.11.2025 |
| 10 | 11251267 | सेल किट फॉर 3पीएच मेमू/एनडीएमसी कोचे | 11 सेट | 28.11.2025 |

शुद्धि पत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 48/ईटी/2025-26 दिनांक: 03.10.2025 | टेंडर नं. 13251155ए | निविदा खुलने की तिथि 30.10.2025 के स्थान पर तिथि 11.11.2025 पढ़े |

**(Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in)**

**उप. मुख्य सामग्री प्रबंधक/फर.**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/फर्नि. प्रोग, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये (निविदा सं.-एम-200/फर.पेंट/क्यूसी/2025-27, दि. 06.11.2025) एकल पैकेट प्रणाली आधारित भारतीय रेलवे पोर्टल **www.ireps.gov.in** द्वारा खुली **ई-निविदा** आमंत्रित की जाती हैं- **कार्य का नामः**- कार्य क्षेत्र के अनुसार एलएचबी कोचों के आंतरिक और बाहरी क्यूसी क्लीयरेंस और सौंदर्यपूर्ण लुक के लिए रेडी टू गेट आउट कोचों की पेंट की गई सतह के सुधार के लिए हेतु निविदा का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपया में)**:- 62,92,010.16, **अमानत राशि/ बिड सिक्यूरिटी (रुपया में)**:-1,25,900.00, **कार्य की मात्रा**-3504 कोच। **कार्य समापन की अवधि** - 24 माह। • ई-निविदा दिनांक 28.11.2025 को 15:00 बजे तक आंन-लाइन जमा कर सकते हैं। हस्त लिखित निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। • ई-निविदा दिनांक 28.11.2025 को 15:00 बजे के बाद ऑन-लाइन **http://www.ireps.gov.in** के द्वारा खोली जाएगी। • ई-निविदा सूचना और टर्म्स एवं कंडीशन का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के आईआरईपीएस की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**उप मुख्य यांत्रिक अभियन्ता/फर्नि. प्रोग.**

**ई-निविदा सुचना संख्या- ELECT-PR-01-06-2025** **दिनांक: 03.11.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, उप. मुख्य विद्युत अभियंता/पीएस, आधुनिक कोच फैक्ट्री, रायबरेली द्वारा भारतीय रेलवे के पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से सक्षम एवं अनुभवी निविदाकारों से एकल पैकेट सिस्टम पर आधारित ओपन ई-निविदा निम्न कार्य के लिए आमंत्रित की जा रही है। **विवरणः- कार्य का नामः**- वर्कशॉप क्षेत्र में न्यू शेल शॉप के सामने 04 अदद शावर टेस्टिंग सुविधा और प्रोफ़लेक्स शेड का प्रावधान।, **कार्य का स्थानः**- आधुनिक रेल कोच फैक्ट्री, रायबरेली।, **लागत (लगभग)**:- 5643727.17, **अग्रिम राशिः**- 112900.00, **निविदा बंद करने की तिथि व समयः**- 26.11.2025 (15.30 बजे), **कार्य समाप्ति की अवधिः**- दस महीने, **नियम और शर्तें**:- अन्य विवरण, नियम और शर्तें **www.ireps.gov.in** पर निविदा दस्तावेज में उपलब्ध हैं।

**उप. मुख्य विद्युत् अभियंता/पीएस एवं प्रोजेक्ट**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# प्राथमिक शिक्षा में बड़ा कदम: 23 हज़ार से अधिक शिक्षकों के तबादले का निर्णय

## 'बांग्लार शिक्षा पोर्टल' के आंकड़ों के आधार पर आदेश जारी

**कोलकाता, समाज्ञा**



पश्चिम बंगाल के स्कूल शिक्षा विभाग ने राज्य की प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था में बड़ा प्रशासनिक निर्णय लिया है। शुक्रवार को जारी एक सरकारी अधिसूचना में बताया गया कि राज्यभर के कुल 23,145 प्राथमिक शिक्षकों का तबादला किया जाएगा।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह तबादला पूरी तरह जिला-स्तर पर होगा। यानी, शिक्षकों को उनके ही जिले के दूसरे स्कूलों में स्थानांतरित किया जाएगा। इस कदम का मुख्य उद्देश्य छात्र-शिक्षक अनुपात में संतुलन लाना और शिक्षण गुणवत्ता सुधारा सुनिश्चित करना है।

सूत्रों के अनुसार, सितंबर में 'बांग्लार शिक्षा पोर्टल' से प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला कि राज्य के कई स्कूलों में शिक्षक वितरण में गंभीर असमानता मौजूद है।

■ कई स्कूलों में आवश्यकता से अधिक शिक्षक हैं- संख्या लगभग 23,145।

■ वहीं दूसरी ओर, कई स्कूलों में 23,962 शिक्षकों की कमी पाई गई।

इसी असंतुलन को दूर करने के लिए सरकार ने राज्य के 22 जिला प्राथमिक शिक्षा परिषदों के अधीन स्कूलों में शिक्षकों के पुनर्बिन्यास की प्रक्रिया शुरू की है।

अधिसूचना में कहा गया है कि संपूर्ण तबादला प्रक्रिया प्राथमिक शिक्षा विभाग की प्रत्यक्ष निगरानी में की जाएगी, ताकि कहीं भी अव्यवस्था या विसंगति न हो।

# एसआईआर : बंगाल की मसौदा मतदाता सूची से सैकड़ों महिलाओं के नाम गायब होने का खतरा

**कूचबिहार/कोलकाता :** राज्य में मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया जारी रहने के बीच शुक्रवार को लगभग 450 महिलाओं के नाम जिला प्रशासन को सौंपे गए, क्योंकि आशंका है कि नौ दिसंबर को प्रकाशित होने वाली मसौदा मतदाता सूची में उनके नाम छूट सकते हैं। कूचबिहार के पूर्व 'एन्क्लेव' निवासियों ने शुक्रवार को लगभग 450 महिलाओं के नाम जिला प्रशासन को सौंपे। ये महिलाएं अगस्त 2015 में भारत में शामिल किए गए 51 बांग्लादेशी 'एन्क्लेव' (बस्तियों) की पूर्व निवासी हैं। उस वर्ष 'एन्क्लेव' के आदान-प्रदान से पहले उनकी गिनती पर विचार नहीं किया गया था, क्योंकि उनकी शादी पहले ही हो चुकी थी और वे देश के विभिन्न हिस्सों में अपने ससुराल चली गई थीं।

निर्वाचन आयोग ने मौखिक रूप से आश्वासन दिया था कि जिन 'एन्क्लेव' निवासियों के नाम 2002 की मतदाता सूची में नहीं थे, जो एसआईआर 2026 का आधार है, उन्हें 2015 के मतदाता सूची रिकॉर्ड का उपयोग कर नयी मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। हालाकि, निवासियों को डर है कि इन क्षेत्रों से बाहर रहने वाली विवाहित महिलाएं अपना मताधिकार खो सकती हैं। ऐसे 'एन्क्लेव' के निवासियों के दो भारत-बांग्लादेश संयुक्त सर्वेक्षण हुए। पहला 2011 में और दूसरा 2015 में। ऐसा दोनों देशों के बीच 1974 के सीमा समझौते के तहत किया गया और बाद में 'एन्क्लेव' का ऐतिहासिक आदान-प्रदान हुआ। आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार, सीमा के भारतीय हिस्से में रहने वाले बांग्लादेशी 'एन्क्लेव' के 15,856 निवासियों को नागरिकता प्रदान की गई, साथ ही बांग्लादेश में भारतीय 'एन्क्लेव' में रहने वाले 921 अतिरिक्त निवासियों को भी नागरिकता प्रदान की गई, जो सीमा पार कर गए थे।

### अमेजन, फ्लिपकार्ट और रिलायंस डिजिटल पर 21 नवंबर को लॉन्च होंगे रे-बैन मेटा जेन 1 ग्लासेस

**कोलकाता, समाज्ञा :** टेक्नोलॉजी प्रेमियों के लिए खुशखबरी - रे-बैन मेटा जेन 1 ग्लासेस अब 21 नवंबर से अमेजन, फ्लिपकार्ट और रिलायंस डिजिटल पर उपलब्ध होंगे। मेटा की इस नई इनोवेटिव वियरेबल टेक्नोलॉजी के जरिए भारतीय उपभोक्ता अब स्मार्ट और स्टाइलिश ग्लासेस का अनुभव ले सकेंगे। ग्राहक 6 नवंबर से नोटिफाई मी अलर्ट के लिए साइन अप कर इन ग्लासेस को सबसे पहले खरीद सकते हैं। मेटा इंडिया एंड साउथईस्ट एशिया की वाइस प्रेसिडेंट संध्या देवनाथन ने कहा कि ये ग्लासेस एआई आधारित सहज और निजी कंप्यूटिंग का भविष्य हैं। रे-बैन मेटा जेन 1 ग्लासेस में हे मेटा वॉयस कमांड फीचर, कैमरा एलईडी इंडिकेटर और मल्टीपल लेंस वैरिएंट्स मौजूद हैं। साथ ही, यूजर्स अब हिंदी में मेटा एआई से बात कर सकेंगे और दीपिका पादुकोण की एआई वॉइस का अनुभव भी पा सकेंगे।

## प्राथमिक शिक्षक भर्ती में अंकों की विभाजन प्रणाली में बदलाव

### अब टीईटी को मिलेगा अधिक वज़न

**कोलकाता, समाज्ञा**

पश्चिम बंगाल में प्राथमिक शिक्षक भर्ती के लिए अंकों के विभाजन के नियमों में बड़ा बदलाव किया गया है। गुरुवार को राज्य स्कूल शिक्षा विभाग ने इस संबंध में नया मसौदा जारी किया, जिसमें टीईटी के महत्व को काफी बढ़ा दिया गया है।

नए मसौदे के अनुसार कुल 50 अंकों के इंटरव्यू सिस्टम में अब अंक इस प्रकार विभाजित होंगे- माध्यमिक के लिए 5 अंक, उच्च माध्यमिक के लिए 5 अंक, प्रशिक्षण के लिए 5 अंक, टीईटी के लिए 25 अंक, इंटरव्यू के लिए 5 अंक और डेमो क्लास (क्लास लेने की व्यावहारिक विधि दिखाने) के लिए 5 अंक।

पहले टीईटी को केवल 5 अंक मिलते थे, जबकि उच्च माध्यमिक के लिए 10 अंक और प्रशिक्षण के लिए 15 अंक निर्धारित थे। यानी नए संशोधित नियमों में टीईटी को सर्वाधिक महत्व दिया गया है।

हाल ही में 2024 के प्राथमिक टीईटी परीक्षा परिणाम प्रकाशित किए गए हैं। प्राथमिक शिक्षा परिषद जल्द ही टीईटी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए इंटरव्यू हेतु ऑनलाइन आवेदन पोर्टल खोलने जा रही है। इसी प्रक्रिया से पहले नया अंक विभाजन मसौदा जारी किया गया है।

## प्रधानमंत्री ने वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के वर्षभर चलने वाले उत्सव का किया शुभारंभ

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित वर्षभर चलने वाले उत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। इस अवसर पर पूरे देश में वंदे मातरम का सामूहिक गान किया गया, जिसमें नागरिकों, संस्थानों और संगठनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउसकर के नेतृत्व में कोलकाता स्थित फेयरली प्लेस मुख्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन कर इस ऐतिहासिक अवसर को मनाया। इसी प्रकार सियालदह, हावड़ा, आसनसोल और मालदह मंडलों के साथ-साथ लिलुआ, कांचरापाड़ा और जमालपुर कार्यशालाओं में भी यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।



इस मौके पर प्रधानमंत्री ने स्मारक डाक टिकट और स्मारक सिक्का जारी किया। वंदे मातरम, जिसे बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने 7 नवंबर 1875 को अक्षय नवमी के दिन रचा था, पहली बार उनके उपन्यास आनंदमठ में प्रकाशित हुआ था। यह अमर रचना भारत माता को शक्ति, समृद्धि और मातृभाव का प्रतीक बनाती है तथा आज भी देश की एकता और गर्व का संदेश देती है।

## एसएससी की 'दागी' सूची में मंत्री के भाई का नाम, श्रीकांत महतो पहुंचे कोर्ट

**पश्चिम मेदिनीपुर :** स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) द्वारा हाल ही में जारी 'दागी शिक्षा कर्मियों' की सूची में राज्य के उपभोक्ता संरक्षण एवं सहकारिता विभाग के राज्यमंत्री तथा शालबनी के विधायक श्रीकांत महतो के भाई खोकन महतो का नाम भी शामिल है। सूत्रों के अनुसार, 2016 के एसएससी ग्रुप-सी भर्ती पैनल को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया था, जिसके बाद 3,512 अयोग्य (टेंटेड) कर्मचारियों की सूची प्रकाशित की गई। इस सूची में क्रमांक 1,270 पर खोकन महतो का नाम दर्ज है। खोकन महतो 2017 में झाड़ग्राम के बैता श्रीगोपाल हाई स्कूल में क्लर्क के रूप में नियुक्त हुए थे। इस पर, मंत्री श्रीकांत महतो ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हमने एसएससी के खिलाफ केस दायर



किया है। आयोग ने जो ओएमआर शीट आपलोड की थी, वही हमने अदालत में जमा की है। अदालत ही तय करेगी कि मेरे भाई को 'टेंटेड' कैसे कहा गया। विपक्ष ने आरोप लगाया कि मंत्री ने अपने पद का दुरुपयोग कर भाई को नौकरी दिलाई। इस पर, श्रीकांत महतो ने जवाब दिया कि मेरा भाई गणित में स्नातक है, लाइब्रेरी साइंस में सेट पास किया है, और प्राइमरी टेट भी पास किया था। उसने अपनी योग्यता से नौकरी हासिल की थी, कोई प्रभाव नहीं डाला गया। अदालत में सच सामने आ जाएगा।

### भारत में कैंसर के मामलों की संख्या अब भी काफ़ी अधिक : डॉ. तरुण जिंदल

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर भारत में कैंसर के मामलों की संख्या अब भी काफ़ी अधिक है, लेकिन उन्नत उपचार विकल्पों के प्रति जागरूकता का स्तर अलग-अलग राज्यों में बहुत भिन्न है-विशेष रूप से छोटे पूर्वोत्तर राज्यों में। कुछ राज्यों ने हाल के वर्षों में सराहनीय प्रगति की है, लेकिन इस क्षेत्र में ज्ञान की कमी अब भी व्यापक रूप से मौजूद है। यही कारण है कि कैंसर के प्रति लक्षित जागरूकता अभियानों का महत्व और बढ़ जाता है। उक्त बातें डॉ. तरुण जिंदल, सीनियर कंसल्टेंट - यूरो-ऑन्कोलॉजी, अपोलो मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स, कोलकाता ने कहीं। उन्होंने आगे कहा कि, हम देख रहे हैं कि पूर्वोत्तर राज्यों से बड़ी संख्या में मरीज उन्नत कैंसर उपचार के लिए कोलकाता का रुख कर रहे हैं। यहां अत्याधुनिक रोबोटिक सर्जरी तकनीकों-जैसे दा विंची सिस्टम-की उपलब्धता बेहतर ऑन्कोलॉजिकल परिणाम और तेज़ रिकवरी सुनिश्चित करती है। वास्तव में, पड़ोसी देशों जैसे म्यांमार से भी बढ़ती संख्या में मरीजों का कोलकाता आना इस बात का प्रमाण है कि शहर में उपलब्ध उच्च गुणवत्ता वाली तकनीक-आधारित कैंसर देखभाल पर लोगों का भरोसा कितना मजबूत है।

### फोर्टिस गुरुग्राम में स्टेम सेल ट्रांसप्लांट से सिकल सेल रोग के इलाज में बड़ी सफलता

**कोलकाता :** गुरुग्राम के फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट में एक दशक तक चले अध्ययन ने सिकल सेल रोग से पीड़ित बच्चों के स्टेम सेल (बोन मैरो) ट्रांसप्लांट में उल्लेखनीय सफलता दर्ज की है। यह शोध जर्नल हीमोग्लोबिन में प्रकाशित हुआ है। 2015 से 2024 के बीच किए गए 100 पीडियाट्रिक मामलों के विश्लेषण में कुल जीवित रहने की दर 87% रही। मैच्ड सिबलिंग डोनर ट्रांसप्लांट में सफलता 96% और हैप्लोआइडेंटिकल (हाफ-मैच) फैमिली डोनर ट्रांसप्लांट में 78% रही। ये परिणाम दुनिया के शीर्ष सेंटर्स के बराबर माने जा रहे हैं। मुख्य लेखिका डॉ. स्वाति भयाना ने कहा कि समय पर निदान और ट्रांसप्लांट से बच्चों की जिंदगी सुरक्षित हो सकती है। डॉ. विकास दुआ ने बताया कि पहले दर्द और लगातार रक्त चढ़ाने पर निर्भर ये बच्चे अब स्वस्थ जीवन जी रहे हैं। डॉ. राहुल भार्गव के अनुसार भारत और अफ्रीका जैसे संसाधन-सीमित क्षेत्रों में भी लागत-प्रभावी और सुरक्षित इलाज संभव है। डॉ. सोहिनी चक्रवर्ती ने बेहतर डोनर रजिस्ट्री और संक्रमण नियंत्रण की जरूरत पर जोर दिया। इस उपलब्धि के साथ एफएमआरआई दुनिया के उन चुनिंदा केंद्रों में शामिल हो गया है जहां सिकल सेल रोगियों के लिए हाई-सक्सेस ट्रांसप्लांट परिणाम मिल रहे हैं।

## सियालदह मंडल के सोनदालिया स्टेशन पर विकास कार्य के कारण ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल के अंतर्गत आने वाले सोनदालिया स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज को हटाने के विकास कार्य के चलते ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक लिया जाएगा। यह ब्लॉक 8 नवंबर की रात 23:15 बजे से 9 नवंबर की सुबह 05:15 बजे तक, कुल 6 घंटे की अवधि के लिए रहेगा। इस दौरान कई ट्रेनों के संचालन में अस्थायी परिवर्तन किए गए हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 8 नवंबर को सियालदह-हसनाबाद लोकल (अप 33533/डाउन 33538) तथा बारासात-हसनाबाद लोकल (अप 33325/डाउन 33320) सेवाएं रद्द रहेंगी। इसी प्रकार, 9 नवंबर (रविवार) को सियालदह-हसनाबाद लोकल (अप 33511/डाउन 33512) और बारासात-हसनाबाद लोकल (अप 33311/डाउन 33312) भी रद्द रहेंगी।

इसके अतिरिक्त, 9 नवंबर को बारासात-हसनाबाद लोकल (33313) सुबह 05:00 बजे के स्थान पर 05:20 बजे प्रस्थान करेगी, जबकि हसनाबाद-सियालदह लोकल (33514) 04:48 बजे की बजाय 05:20 बजे चलेगी। रलवे प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे अपनी यात्रा से पहले संशोधित समय सारिणी की जानकारी अवश्य प्राप्त करें ताकि असुविधा से बचा जा सके।

## 'साजिश का शिकार', राजगंज के बीडीओ ने हत्या के आरोपों पर दी सफाई, जांच में सहयोग का दिया आश्वासन

**जलपाईगुड़ी :** पश्चिम मेदिनीपुर जिले के दांतन इलाके में एक सोना व्यापारी की हत्या के मामले में राजगंज के बीडीओ (ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर) प्रशांत बर्मन का नाम सामने आया है। पुलिस का दावा है कि दांतन से बरामद एक सीसीटीवी फुटेज में प्रशांत बर्मन नजर आए हैं। आरोप लगने के बाद से बीडीओ अपने कार्यालय से लापता थे। लेकिन, शुक्रवार को उन्हें मजबूरन मीडिया के सामने आना पड़ा। जलपाईगुड़ी जिला परिषद भवन में निर्वाचन आयोग की बैठक में हिस्सा लेने के बाद बाहर निकलते ही पत्रकारों ने उन्हें घेर लिया। प्रशांत बर्मन ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि मैं दांतन क्यों जाऊंगा? पुलिस जो सीसीटीवी फुटेज दिखा रही है, वह असली नहीं है। आज के समय में किसी भी वीडियो को आसानी से बदला जा सकता है। मेरी तस्वीरें तो कई जगहों पर पहले से ही मौजूद हैं, जब मैं कालचीनी में पदस्थ था। बताया गया है कि मेदिनीपुर के निवासी स्वर्ण व्यापारी स्वप्न कमिला सॉल्टलेक के दत्ताबाद इलाके में गोबिंद बाग नाम के एक व्यक्ति की दुकान किराए पर लेकर कारोबार करते थे। दुकान मालिक गोबिंद बाग ने दावा किया कि गत 28 अक्टूबर को दो कारों में सवार होकर करीब छह लोग उस दुकान पर पहुंचे। एक नीली बत्ती लगी सरकारी गाड़ी में बैठा व्यक्ति खुद को बीडीओ प्रशांत बर्मन का परिचय दिया। उस दिन, स्वप्न कमिला और गोबिंद दोनों को कार में बैठाकर ले जाया गया। गोबिंद को न्यूटाउन के पास उतार दिया गया, लेकिन स्वप्न को एक अज्ञात आवासीय परिसर में ले जाया गया। अगले दिन न्यू टाउन के यात्रागाछी इलाके के झाड़ियों में स्वप्न का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। इस दिन, प्रशांत बर्मन ने कहा कि मैं उस स्वर्ण व्यापारी को बिल्कुल नहीं जानता। जो अधिकारी ईमानदारी से काम करते हैं, उनके खिलाफ मीडिया को इस्तेमाल किया जाता है। मेरे मामले में भी वही हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि वे पुलिस जांच में पूरा सहयोग देंगे। इस बीच, राज्य में एसआईआर का कार्य शुरू हो चुका है। बीडीओ कार्यालय में प्रशांत की अनुपस्थिति को लेकर निर्वाचन आयोग ने जिला प्रशासन से रिपोर्ट मांगी थी। शुक्रवार को आखिरकार वे आयोग की बैठक में पहुंचे।

### मेकमायट्रिप के 'ट्रैवल का मुहूर्त' में दिखा भारत का बढ़ता ट्रैवल फुटप्रिंट

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेकमायट्रिप के पहले 'ट्रैवल का मुहूर्त' (29 अक्टूबर से 3 नवंबर) के दौरान भारतीय यात्रियों ने रिकॉर्ड तोड़ बुकिंग की है। मात्र छह दिनों में 1,441 भारतीय शहरों और 109 देशों के 834 शहरों में प्रॉपर्टी बुक की गईं। इस अवधि में फ्लाइट बुकिंग दोगुनी रही, जबकि प्रीमियम स्टे की मांग में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। यात्रियों ने 4 और 5 स्टार होटलों को प्राथमिकता दी, फिर भी बेहतर मूल्य और डिस्काउंट ऑफर्स का लाभ उठाया। घरेलू स्तर पर गोवा, जयपुर, उदयपुर और लोनावला जैसे डेस्टिनेशन लोकप्रिय रहे, जबकि अंतरराष्ट्रीय बुकिंग में दुबई, बैंकॉक और बाली शीर्ष पर रहे। मेकमायट्रिप के सीईओ राजेश मागो ने कहा कि यह रुझान भारतीय यात्रियों के विकसित होते ट्रैवल व्यवहार को दर्शाता है। 'ट्रैवल का मुहूर्त' के जरिए कंपनी का लक्ष्य यात्रियों और उद्योग दोनों के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। यह विशेष अभियान पूरे नवंबर तक जारी रहेगा।

## चिरेका में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष का स्मरणोत्सव



**चित्तरंजन :** रेलवे बोर्ड के निर्देश पर चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) में आज 07.11. 2025 को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 स्वर्णिम वर्ष पूरे होने पर स्मरणोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर महाप्रबंधक कार्यालय सभागार में महाप्रबंधक के नेतृत्व में वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत का सामूहिक रूप से गौरवगान किया गया। इस मौके पर विभागों के प्रधान अध्यक्ष, मुख्य विभागाध्यक्ष और कर्मचारी मौजूद थे। नई - दिल्ली में माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से लाइव प्रसारण से जुड़कर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया । इस मौके पर उपस्थित चिरेका सांस्कृतिक संगठन के सदस्यों ने भी राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इसके अलावा रेल कारखाना, अस्पताल , विद्यालयों सहित अन्य कार्यालय परिसर में भी इस मौके पर मौजूद कर्मचारियों और बच्चों ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के सामूहिक रूप से गौरवगान में हिस्सा लिया।

## भगवान के नाम का स्मरण करना, श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करना भक्ति, आत्म - शुद्धि का सरल साधन है : भाईश्री रमेश भाई ओझा

**कोलकाता :** हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, कृष्ण, कृष्ण, हरे - हरे ... भक्तिमय वातावरण में परम श्रद्धेय भाईश्री रमेश भाई ओझा के श्रीमुख से श्री विशुद्धानंद हॉस्पिटल द्वारा बड़ा पार्क, काकुड़गाछी में श्रीमद् भागवत कथा के अवसर पर पधारे अनन्तश्री विभूषित रासबिहारी दास काठिया बाबा महाराज ने दीप प्रज्वलित कर कथा का शुभारम्भ किया। धर्मानुरागी समाजसेवी अशोक - अम्बिका बाजोरिया, नरेन्द्र - वीणा, सुरेन्द्र - अंजू अग्रवाल, बनवारीलाल सोती, महावीर प्रसाद अग्रवाल, संदीप गर्ग एवम् पोथी यजमानों ने सपरिवार व्यास पीठ का पूजन किया। भाईश्री ने कहा मंगलाचरण में श्रीकृष्ण के दिव्य स्वरूप की वंदना की गई है। भाईश्री रमेश भाई ओझा ने श्रद्धालु भक्तों को भाव - विभोर करते हुए कहा हरि अनन्त, हरि कथा अनन्ता। भाईश्री ने कहा मानव जीवन एवम् सांसारिक सुख के साधन, सम्पत्ति,



सब कुछ ईश्वर द्वारा प्रदत्त है। मानव शरीर मोह - माया है, भगवान के नाम का स्मरण करना, श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करना भक्ति, आत्म - शुद्धि का सरल साधन है। श्री विशुद्धानंद हॉस्पिटल की 110 वर्षों की सेवा यात्रा के संदर्भ में श्रद्धालु भक्तों को राष्ट्र एवम् समाज के हित में सेवा - परोपकार करने की प्रेरणा दी। कोरोना संक्रमण के समय से कई वर्ष बाद भाईश्री की कोलकाता में प्रथम कथा है। श्री विशुद्धानंद हॉस्पिटल के अध्यक्ष बनवारीलाल सोती, प्रधान सचिव सुरेन्द्र अग्रवाल ने बताया श्रीमद्भागवत कथास्थल पर विद्वान पण्डितजन प्रतिदिन प्रातः से पूजन - धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न कर रहे हैं। अनेक धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं का सक्रिय सहयोग है। सामूहिक आरती में बाजोरिया परिवार, नरेन्द्र एवं सुरेन्द्र अग्रवाल परिवार, बनवारीलाल सोती, विश्वनाथ सेकसरिया, श्याम सुन्दर अग्रवाल, महावीर प्रसाद अग्रवाल, बलदेव केडिया, के के सिंघानिया, अनील चौधरी, प्रवीण मित्तल एवम् सभी पोथी यजमान तथा श्रद्धालु भक्त शामिल हुए।

## सियालदह-बारासात-हसनाबाद सेक्शन में चलाया गया विशेष टिकट जांच अभियान



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल द्वारा यात्रियों को टिकट खरीदने के प्रति जागरूक करने और यात्रा को अधिक सुगम बनाने के लिए सियालदह-बारासात-हसनाबाद सेक्शन में विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक डॉ. उदय शंकर झा ने मंडल वाणिज्य प्रबंधक के साथ किया। इस दौरान 605 यात्रियों को बिना टिकट या अनियमित यात्रा करते पकड़ा गया, 155 मामलों में बिना बुक किए सामान और 46 मामलों में थूकने की घटनाएं दर्ज की गईं। कुल 806 मामले सामने आए और इनसे उल्लेखनीय राशि का जुर्माना वसूला गया। डॉ. झा ने मध्यमग्राम, बारासात और हसनाबाद स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का भी निरीक्षण किया तथा एटीवीएम/कोटीवीएम मशीनों के उपयोग को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने यात्रियों से अनुरोध किया कि वे हमेशा वैध टिकट लेकर यात्रा करें और रेलवे के नियमों का पालन कर अनुशासित यात्रा वातावरण बनाए रखें।

### माथाभांगा में भाजपा के बीएलए-2 को जूते की माला पहनाकर अपमानित करने के मामले में तीन गिरफ्तार

**कूचबिहार :** जिले के माथाभांगा में भाजपा के बूथ लेवल एजेंट 2 (बीएलए-2) को जूते की माला पहनाकर सार्वजनिक रूप से अपमानित करने की घटना में तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में तृणमूल कांग्रेस के एक बूथ अध्यक्ष का नाम भी शामिल है। बता दें कि भाजपा की ओर से इस घटना को लेकर माथाभांगा महकमा चुनाव अधिकारी के पास लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को हिरासत में लिया और उन्हें शुक्रवार को माथाभांगा अदालत में पेश किया गया। जानकारी के अनुसार, गुरुवार की सुबह भाजपा के बीएलए-2 छाट खाटेरबाड़ी इलाके में पहुंचे थे। उसी समय वहां तृणमूल कांग्रेस के बीएलए-2 भी मौजूद थे। भाजपा प्रतिनिधि के पहुंचते ही दोनों पक्षों में तनाव बढ़ गया। आरोप है कि मौके पर तृणमूल समर्थकों ने भाजपा के बीएलए-2 को जूते की माला पहनाकर सार्वजनिक रूप से अपमानित किया।

### बेलदा में रेल लाइन के पास मिली अज्ञात महिला का शव

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के बेलदा सुभाषपल्ली रेलगेट के समीप शुक्रवार की दोपहर रेल लाइन के पास एक अज्ञात महिला का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने सबसे पहले रेल लाइन के किनारे महिला का शव पड़ा देखा और तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही बेलदा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतका ने साड़ी पहन रखी थी, लेकिन उसकी पहचान अब तक नहीं हो सकी है। अधिकारियों ने बताया कि मृत्यु के कारणों का अभी स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है।

## पूर्व रेलवे की 80वीं अखिल भारतीय रेल फुटबॉल चैम्पियनशिप संपन्न, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे विजेता

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित 80वीं अखिल भारतीय रेल फुटबॉल चैंपियनशिप का सफल समापन शुक्रवार को कोलकाता के रवींद्र सरोवर स्टेडियम में हुआ। यह प्रतियोगिता 22 अक्टूबर से 7 नवंबर तक विभिन्न स्थलों - स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सॉल्ट लेक), आरपीएफ ग्राउंड (लिलुआ) और रवींद्र सरोवर स्टेडियम - में खेली गई। समापन समारोह में पूर्व रेलवे के अतिरिक्त महाप्रबंधक शीलेंद्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने रोमांचक फाइनल मुकाबले के बाद विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और




पदक प्रदान किए। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता देवेंद्र कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। कड़े संघर्ष वाले फाइनल में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने सेंट्रल रेलवे को 1-0 से पराजित किया। निर्णायक गोल श्री नितीश यादव ने दागा, जिन्हें 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया। दक्षिण पूर्व रेलवे तीसरे स्थान पर रही। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में 12 टीमों ने भाग लिया, जिनमें से 8 टीमें नॉकआउट चरण तक पहुंचीं। कुल 250 खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खेल भावना का परिचय दिया। श्री सिंह ने विजेता टीमों को बधाई देते हुए पूर्व रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सफल आयोजन की सराहना की और कहा कि यह चैंपियनशिप भारतीय रेल की समृद्ध खेल परंपरा का प्रतीक है।

## खड़गपुर-बालेश्वर हाईवे पर ट्रक की टक्कर से महिला की मौत

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के नारायणगढ़ थाना अंतर्गत डहरपुर के पास खड़गपुर-बालेश्वर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 16 पर गुरुवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में महिला की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब मां-बेटी मोटरसाइकिल से मकरामपुर में जगद्धात्री पूजा मेला देखने जा रही थीं। पुलिस व स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मृतका की पहचान नारायणगढ़ के हांदला राजगढ़ इलाके के सोनाझाड़ी निवासी बारी मुर्मू (मां) के रूप में हुई है। वह अपनी बेटी रोहिणी मुर्मू के साथ बाइक से मकरामपुर की ओर जा रही थीं। रास्ते में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाइक का नियंत्रण अचानक बिगड़ गया, जिससे दोनों सड़क पर गिर पड़ीं। इसी दौरान पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक ने बारी मुर्मू को कुचल




दिया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई, जबकि बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलते ही नारायणगढ़ थाना पुलिस और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की टीम मौके पर पहुंची। घायल युवती को तुरंत मकरामपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां हालत बिगड़ने पर उसे अन्य अस्पताल में स्थानांतरित किया गया। घटना के बाद कुछ समय के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित रहा, जिसे बाद में पुलिस और प्रशासन की मदद से सामान्य किया गया।

### भारत के नए ट्रेड कॉरिडोर को मजबूत बना रहा है फ्लिपकार्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** फ्लिपकार्ट देश के डिजिटल कॉमर्स परिदृश्य को नया आकार दे रहा है। सूरत, भिवंडी, जयपुर और करनाल जैसे टियर-2 और टियर-3 शहरों में नए सेलेक्शन इनफ्लो में 1.4 गुना वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि सूरत, लखनऊ, मेरठ और हावड़ा में ट्रांजैक्टिंग सेलर्स व सेलेक्शन के मामलों में दोहरे अंकों की तेजी देखी गई है। फ्लिपकार्ट अपने एआई-पावर्ड सेलर डैशबोर्ड और एनएक्सटी इनसाइट्स के माध्यम से विक्रेताओं को रियल टाइम डाटा और प्राइसिंग गाइडेंस प्रदान कर उन्हें बेहतर कारोबारी निर्णय लेने में सक्षम बना रहा है। कंपनी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट साकेत चौधरी ने कहा कि भारत के नए ट्रेड सेंटर्स ई-कॉमर्स विकास के इंजन बनते जा रहे हैं। फ्लिपकार्ट तकनीक, पारदर्शिता और प्रशिक्षण के जरिए एमएसएमई, कारीगरों और नए उद्यमियों को सशक्त कर रहा है।

# सेवड़ाफुली में फंदे से लटकता मिला सेक्स वर्कर का शव

## फिर शुरू हुआ राजनीतिक विवाद तृणमूल ने लगाया एसआईआर के डर से आत्महत्या का आरोप

**हुगली, समाज्ञा :** राज्य में शुरू हुए एसआईआर को लेकर तृणमूल और भाजपा में जुबानी जंग तेज होते जा रही है। तृणमूल की तरफ से मौत को एसआईआर के भय से मौत बताया जा रहा है तो भाजपा इसे तृणमूल राजनितिक फायदा उठाना बता रही है। डानकुनी के बाद अब सेवड़ाफुली में एक सेक्स वर्कर का फंदे से लटकता शव मिला तो तृणमूल कांग्रेस ने इसे एसआईआर के भय से हुई आत्महत्या करार दिया।



सेवड़ाफुली स्टेशन के पास स्थित गड़बगान रेड लाइट एरिया में शुक्रवार सुबह एक 49 वर्षीय सेक्स वर्कर बिति दास का शव उसके कमरे से फंदे पर झूलता मिला। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह देर तक कमरे से कोई आवाज नहीं आने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़ा और शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए श्रीरामपुर वाल्स अस्पताल भेज दिया। घटना की खबर मिलते ही चांपदानी के विधायक व हुगली श्रीरामपुर तृणमूल के जिलाध्यक्ष अरिंदम गुंईन, बैद्यवाटी नगर पालिका के चेयरमैन पिंटू महतो और स्थानीय वार्ड पार्षद घटनास्थल पर पहुंचे। अरिंदम गुंईन ने आरोप लगाया कि मृतक का नाम 2002 की मतदाता सूची में नहीं था और इस कारण वह मानसिक तनाव में थी। उन्होंने कहा भाजपा लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाना चाहती है। इसी डर और एसआईआर प्रक्रिया के कारण उसने आत्महत्या कर ली। स्थानीय पार्षद विश्वजीत सिंह ने बताया कि बिति दास करीब 30 साल से इस इलाके में रह रही थी। संभवत एसआईआर के भय से उसने खुदकुशी की हो।

हालांकि भाजपा नेता दिलीप सिंह ने तृणमूल के आरोपों को बेबुनियाद बताया। उन्होंने कहा हर असामान्य या पारिवारिक मौत को तृणमूल एसआईआर का मुद्दा बनाना चाहती है। कल रात उसके पति से झगड़ा हुआ था, वह अपने बेटे को लेकर घर छोड़ गया था। सुबह दरवाजा अंदर से बंद मिला। यह पारिवारिक विवाद का मामला है। उन्होंने आगे कहा कि आखिर एसआईआर से भय कैसा कोई देश निकाला थोड़े किया जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस को सिर्फ बखेड़ा खड़ा करना आता है पहले यह लोग एनआरसी, नागरिकता संशोधन अधिनियम का विरोध कर रहे थे अब एसआईआर का विरोध कर रहे हैं। स्थानीय पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सोनारपुर में उत्पाद अधिकारी के साथ मारपीट मामले में एफआईआर पर हाई कोर्ट की फटकार

❑ **20 नवंबर तक कार्रवाई पर रोक**

**कोलकाता :** कोलकाता हाई कोर्ट ने सोनारपुर में एक उत्पाद (शुल्क) अधिकारी के साथ मारपीट के मामले में पुलिस की भूमिका पर कड़ी नाराज़गी व्यक्त की है। न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने कहा कि अधिकारी के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर में पुलिस ने किसी भी कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं किया।



शुक्रवार को सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति ने सरकारी वकील से पूछा कि शिकायत मिलते ही तुरंत एफआईआर दर्ज कर दी गई? क्या सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार प्राथमिक जांच की गई थी? क्या आरोपी अधिकारी को धारा 35(3) के तहत नोटिस भेजा गया था? इन सवालों का कोई जवाब सरकारी वकील नहीं दे सके।

घटना पिछले महीने की है, जब गाड़ी में मामूली धक्का लगने को लेकर उत्पाद अधिकारी और कुछ ऑटोचालकों के बीच विवाद हुआ। बाद में स्थिति शांत हो गई और अधिकारी अपने आवास पर लौट गए। आरोप है कि कुछ देर बाद 50-60 लोग उनके आवास के बाहर जुटे, दरवाज़ा तोड़कर अंदर घुसे और जमकर उत्पात मचाया। उत्पाद अधिकारी की बेरहमी से पिटाई की गई, जिससे उनका सिर फट गया। उनकी पत्नी के साथ भी दुर्व्यवहार का आरोप है। गंभीर हालत में अधिकारी को कल्याणी – खखचड में भर्ती कराया गया।

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई की और घटना के अगले दिन तीन ऑटोचालकों को गिरफ्तार किया। बाद में आठ और लोगों को पकड़ा गया। लेकिन एफआईआर में नाम न होने के कारण सभी आरोपी अदालत से जमानत पाने में सफल रहे। इस पर न्यायमूर्ति घोष ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए और नाराज़गी जताई।

सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाई कोर्ट ने आदेश दिया कि 20 नवंबर तक उत्पाद अधिकारी के खिलाफ दर्ज एफआईआर के आधार पर पुलिस कोई भी सख्त कदम नहीं उठा सकेगी।

### कोलकाता विविधीकृत क्रिप्टो निवेश केंद्र के रूप में लाभप्रदता चार्ट में शीर्ष पर: क्यू3 2025 रिपोर्ट

**कोलकाता :** भारत के सबसे बड़े क्रिप्टो ट्रेडिंग प्लेटफ़ॉर्म कॉइनस्विच ने अपनी प्रमुख रिपोर्ट भारत का क्रिप्टो पोर्टफोलियो: भारत कैसे निवेश करता है का क्यू3 2025 संस्करण जारी किया। यह रिपोर्ट 2.5 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ताओं के डाटा पर आधारित है, जो भारत में बदलते क्रिप्टो निवेश व्यवहार, ट्रेडिंग पैटर्न और जनसांख्यिकीय रुझानों का विश्लेषण प्रस्तुत करती है। कॉइनस्विच के वाइस प्रेसिडेंट बालाजी श्रीहरी ने कहा, हमारी रिपोर्ट देश के सबसे बड़े रिटेल निवेशक आधारों में से एक को दर्शाती है। डेटा स्पष्ट रूप से दिखाता है कि भारत का क्रिप्टो बाजार अब एक अधिक परिपक्व चरण में प्रवेश कर रहा है। हम जो देख रहे हैं, वह केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं, बल्कि वित्तीय सशक्तिकरण का प्रसार छोटे शहरों तक हो रहा है।

### हाड़ोआ में ब्रिज की रेलिंग तोड़कर नहर में गिरी यात्रियों से भरी बस, 40 घायल



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के निकट शुक्रवार की सुबह हाड़ोआ से करुणामयी जा रही एक यात्री बस हाड़ोआ पुल पर नियंत्रण खो बैठी और पुल की रेलिंग तोड़कर नीचे नहर में जा गिरी। इस हादसे में लगभग 40 यात्री घायल हुए हैं। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। बाद में, राजारहाट थाने की पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और बचाव अभियान में शामिल हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस में करीब 40 लोग सवार थे। बस के नहर में गिरते ही यात्रियों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे और उन्होंने यात्रियों को बाहर निकालने में मदद की। घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। प्राथमिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि बस चालक ने किसी दूसरी बस को ओवरटेक करने के दौरान नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण यह हादसा हुआ। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# हाई कोर्ट ने उम्रकैद की सजा काट रहे एचआईवी पीड़ित व्यक्ति को दी सशर्त जमानत

## हत्या मामले में सुनाई गई थी उम्रकैद की सजा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक व्यक्ति को यह देखते हुए सशर्त जमानत दे दी है कि वह लगभग 15 वर्षों से जेल में है और एचआईवी से पीड़ित है, जबकि दोषसिद्धि के विरुद्ध उसकी अपील लंबित है। न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने 'निकट भविष्य में अपील पर सुनवाई की नगण्य संभावना' को देखते हुए अपील के निपटारे तक उसकी सज़ा निलंबित कर दी। न्यायमूर्ति राय चट्टोपाध्याय की पीठ ने निर्देश दिया कि व्यक्ति को 10,000 रुपये के मुचलके और समान राशि के दो जमानतदारों, जिनमें से एक स्थानीय निवासी होना चाहिए, के बाद जमानत पर रिहा किया जाए। जलपाईगुड़ी सुधार गृह, जहां अपीलकर्ता बंद है, के अधीक्षक की एक रिपोर्ट के अनुसार, उसने 14 वर्ष, 11 महीने और 24 दिन हिरासत में बिताए हैं। पीठ ने गुरुवार को अपने आदेश में यह भी कहा कि कारावास के दौरान अपीलकर्ता का आचरण अच्छा रहा है और उसके विरुद्ध कोई प्रतिकूल आरोप नहीं पाया गया है। पीठ ने यह भी कहा कि सह-कैदियों ने भी संकेत दिया है कि अपीलकर्ता उनका समर्थन करता है और उन्हें उसके खिलाफ कोई शिकायत नहीं है। पीठ ने निर्देश दिया कि दोषी जलपाईगुड़ी जिले के जयगांव पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना अपना अधिकार क्षेत्र नहीं छोड़ेगा और अगले आदेश तक उसे हर महीने पुलिस अधिकारी को रिपोर्ट करना होगा। सरकारी वकील ने अदालत को बताया कि अपीलकर्ता ने एक कमरा किराए पर लिया था और अगले दिन उसे छोड़ दिया, जिसके बाद उसकी महिला साथी का शव अंदर पाया गया। जलपाईगुड़ी सत्र न्यायालय ने महिला की हत्या के आरोप में उस व्यक्ति को दोषी ठहराया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई। उच्च न्यायालय ने कहा कि सजा के खिलाफ उसकी अपील पर अगले मार्च में सुनवाई होगी।

### मानिक भट्टाचार्य व रत्ना चक्रवर्ती के खिलाफ चार्जशीट मंजूर, सीबीआई को राजभवन की अनुमति का इंतजार

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में विशेष सीबीआई अदालत ने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस विधायक और पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा परिषद के पूर्व अध्यक्ष मानिक भट्टाचार्य तथा परिषद की पूर्व सचिव रत्ना चक्रवर्ती बागची के खिलाफ दायर चार्जशीट को स्वीकार कर लिया है। हालांकि, मुकदमे की प्रक्रिया फिलहाल थमी हुई है क्योंकि इनके खिलाफ अभियोजन शुरू करने के लिए राजभवन की अनुमोदन आवश्यक है, जो अब तक प्राप्त नहीं हुआ है। बता दें कि नियुक्ति घोटाले में नाम सामने आने के बाद अदालत के आदेश पर मानिक भट्टाचार्य को परिषद प्रमुख के पद से हटाया गया था। बाद में, सीबीआई ने उन्हें गिरफ्तार किया था और वह लंबे समय तक जेल में रहे। इसके बाद, उन्हें जमानत मिली। नियमों के अनुसार, किसी महत्वपूर्ण सरकारी पद पर पदस्थ रहे व्यक्ति के खिलाफ चार्ज गठन कर मुकदमा शुरू करने से पहले राज्यपाल की मंजूरी जरूरी होती है। सीबीआई की चार्जशीट में इन दोनों के साथ तृणमूल के नलहाटी-2 ब्लॉक के पूर्व अध्यक्ष विभास अधिकारी का नाम भी शामिल है। चूंकि, वह किसी सरकारी पद पर नहीं थे, इसलिए उनके मामले में अलग से अनुमति की आवश्यकता नहीं है। उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने इस मामले में पिछले अक्टूबर में चार्जशीट दर्ज की थी। कानून के मुताबिक चार्जशीट दाखिल होने के बाद अनुमोदन प्राप्त करने के लिए तीन माह का समय होता है। ऐसे में समयसीमा अब भी शेष है। फिलहाल, सीबीआई राजभवन की अनुमति का इंतजार कर रही है।

# मरम्मत के लिए फिर से रविवार को द्वितीय हुगली ब्रिज रहेगा बंद

**हावड़ा, समाज्ञा :** द्वितीय हुगली ब्रिज फिर से बंद रहेगा। खबर है कि अगले रविवार की सुबह से वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद कर दी जाएगी। हावड़ा सिटी पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी है। रविवार की सुबह 4 बजे से रात 9:30 बजे तक वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद रहेगी। इस दिन, हावड़ा सिटी पुलिस की डीसी ट्रैफिक सुजाता कुमारी वीणापाणि ने इस संबंध में पत्रकारों से बातचीत की और कहा कि ब्रिज पर काम सुबह 4:30 – 5 बजे से शुरू होगा। लेकिन, काम के लिए ब्रिज पर यातायात थोड़ा पहले रोकना होगा। काम पूरा होने के बाद भी पुल को चालू होने में कुछ समय लगेगा।



इसलिए, द्वितीय हुगली ब्रिज पर सुबह 4 बजे से रात 9:30 बजे तक अतिरिक्त समय के साथ यातायात बंद रखने का निर्णय लिया गया है। हावड़ा सिटी पुलिस ने वैकल्पिक मार्गों की भी जानकारी दी है। इस दिन, द्वितीय हुगली ब्रिज की बजाय निवेदिता ब्रिज और हावड़ा ब्रिज का इस्तेमाल करना होगा। जो लोग डानकुनी या कोलाघाट से हावड़ा या कोलकाता की ओर जाएंगे, वे निवेदिता ब्रिज का उपयोग करेंगे। दूसरी ओर, हावड़ा जाने के लिए कोना एक्सप्रेसवे, द्वितीय हुगली ब्रिज के बजाय, आपको सलप, हावड़ा-आमता रोड, आंदुल रोड, आलमपुर रोड से प्रवेश करना होगा। दूसरी ओर, जो लोग राष्ट्रीय राजमार्ग या पूर्व मिदनापुर की ओर जाना चाहते हैं, उन्हें भी द्वितीय हुगली ब्रिज और कोना एक्सप्रेसवे के बजाय सलप, हावड़ा-आमता रोड, आंदुल रोड, आलमपुर रोड से जाना होगा। कोलाघाट, खड़गपुर की ओर जाने के लिए हावड़ा-आमता रोड से जाना होगा। इसके अलावा, द्वितीय हुगली ब्रिज और कोना एक्सप्रेसवे के बजाय, जीटी रोड का उपयोग किया जा सकता है।

### बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड की दूसरी तिमाही में लाभ में मामूली गिरावट, वित्तीय नतीजे जारी

**कोलकाता, समाज्ञा**

बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड ने 30 सितंबर 2025 को समाप्त होने वाली दूसरी तिमाही के वित्तीय नतीजे घोषित किए हैं। ये नतीजे कंपनी के निदेशक मंडल की कोलकाता में 06 नवंबर 2025 को हुई बैठक में अनुमोदित किए गए।

कंपनी की दूसरी तिमाही की कुल आय 647.48 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 648.66 करोड़ रुपये की तुलना में मामूली गिरावट दर्शाती है। कर से पहले लाभ पीबीटी 65.50 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले साल की इसी तिमाही में यह 68.58 करोड़ रुपये था। शुद्ध लाभ 48.48 करोड़ रुपये दर्ज किया गया, जो पिछले वर्ष के 49.69 करोड़ रुपये की तुलना में थोड़ा कम है।

वहीं, 1 अप्रैल से 30 सितंबर 2025 तक की छह माह की अवधि में कंपनी की कुल आय 1332.76 करोड़ रुपये, कर पूर्व लाभ 140.88 करोड़ रुपये और शुद्ध लाभ 104.41 करोड़ रुपये रहा। पिछले वर्ष की समान अवधि में ये आंकड़े क्रमशः 1292.28 करोड़ रुपये, 126.41 करोड़ रुपये और 96.47 करोड़ रुपये थे।

कंपनी ने बताया कि यह प्रदर्शन उसके विविध व्यवसाय पोर्टफोलियो और सतत विकास के प्रयासों का परिणाम है, जो भविष्य में स्थिर और सतत विकास की दिशा में मदद करेगा।

### वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर एनसीसी ने राज्यभर में सामूहिक गायन का किया आयोजन

**कोलकाता :** एनसीसी के बंगाल व सिक्किम निदेशालय ने शुक्रवार को राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने का जश्न पूरे उत्साह व गर्व के साथ मनाया। इस अवसर पर एनसीसी की विभिन्न समूहों व इकाइयों द्वारा ऐतिहासिक स्थानों सहित पूरे राज्यभर में वंदे मातरम का सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेटों, स्कूली छात्र-छात्राओं व एनसीसी अधिकारियों व कर्मियों ने इस सामूहिक गायन कार्यक्रम में भाग लिया। एनसीसी द्वारा मुख्य कार्यक्रम वंदे मातरम के रचयिता बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के निवास स्थान उत्तर 24 परगना जिले के नैहाटी में स्थित बंकिम भवन में आयोजित किया गया, जिसमें बंगाल व सिक्किम निदेशालय के अपर महानिदेशक (एडीजी) मेजर जनरल अमर पाल सिंह चहल भी शामिल हुए। एनसीसी एडीजी ने यहां बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद एडीजी ने यहां बड़ी संख्या में मौजूद एनसीसी कैडेटों व स्थानीय लोगों के साथ वंदे मातरम के सामूहिक गायन में हिस्सा लिया।



इस अवसर पर अपने संबोधन में एडीजी ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक अमर गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का प्रतीक है, जो देश के प्रति जिम्मेदारी, समर्पण और निष्ठा की भावना को प्रज्वलित करता है। कल्याणी ग्रुप द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 400 से अधिक कैडेटों ने हिस्सा लिया और देशभक्ति, एकता और राष्ट्रीय गौरव के उस अमिट संदेश का सम्मान किया जो पीढ़ियों को प्रेरित करता रहता है।

इसी तरह अन्य जगहों पर भी एनसीसी द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रमों में कैडेटों ने सामूहिक गायन सहित नृत्य व नाट्य प्रस्तुतियों के जरिए राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने वाले इस गीत व इसके रचयिता बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मालूम हो कि बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा सात नवंबर, 1875 को रचित यह अमर राष्ट्रीय गीत भारत के स्वतंत्रता संग्राम का प्रेरणास्रोत रहा है और आज भी देशवासियों के हृदय में देशभक्ति, गर्व और एकता की भावना जाग्रत करता है।

### कोलकाता मेट्रो ने 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर किया सामूहिक गायन

**कोलकाता :** कोलकाता मेट्रो रेलवे ने 'वंदे मातरम' गीत की रचना के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए देशव्यापी सामूहिक गायन कार्यक्रम से मेट्रो रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी वीडियो लिंक के माध्यम से जुड़े। कोलकाता मेट्रो के महाप्रबंधक शुभ्रांसु एस मिश्रा के नेतृत्व में मुख्यालय के सभागार में अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लेकर गीत के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा मेट्रो रेलवे के सभी इकाइयों-जैसे मेट्रो स्टेशन, आरपीएफ यूनिट, अन्य कार्यालय, अस्पताल और कारशेड-के कर्मचारी भी अपने-अपने स्थानों से इस कार्यक्रम में शामिल हुए। मेट्रो रेलवे के अनुसार, यह आयोजन राष्ट्रीय भावना को मजबूत करने और 'वंदे मातरम' की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देने के उद्देश्य से किया गया।

### वेश्यावृत्ति से जुड़े पीएमएलए मामले में ईडी ने कोलकाता और सिलीगुड़ी में की छापेमारी

**कोलकाता :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल में कुछ बार और रेस्तरां में कथित तौर पर संचालित मानव तस्करी और वेश्यावृत्ति के 'संगठित' रैकेट से जुड़े धन शोधन के मामले की जांच के तहत शुक्रवार को कई स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत बिधाननगर (उत्तर 24 परगना जिला), कोलकाता और सिलीगुड़ी में कम से कम आठ परिसरों पर छापे मारे। धन शोधन का यह मामला राज्य पुलिस द्वारा जगजीत सिंह, अजमल सिद्दीकी, बिष्णु मुंद्रा और अन्य आरोपियों के खिलाफ दर्ज की गई कई प्राथमिकियों और आरोप पत्रों से जुड़ा है।



अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों ने नौकरी दिलाने का झूठा दावा करके महिलाओं का 'शोषण' किया और बड़ी मात्रा में 'अवैध' धन जुटाने के लिए उन्हें वेश्यावृत्ति में धकेला। अधिकारियों ने आरोप लगाया कि नकद में प्राप्त इन करोड़ों रुपयों को आरोपियों के नियंत्रण वाली कई कंपनियों के माध्यम से सफेद किया गया।

### बीआईएस पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय एस्सेइंग, हॉलमार्किंग केंद्रों और स्वर्णकारों के लिए क्षेत्रीय हॉलमार्किंग बैठक आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा शुक्रवार को कोलकाता के होटल अल्टेयर बुटीक, सेक्टर- पांच, सॉल्ट लेक सिटी में क्षेत्रीय हॉलमार्किंग बैठक 2025 का आयोजन किया गया। बैठक में स्वर्ण एवं आभूषण उद्योग से जुड़े हितधारक, हॉलमार्किंग केंद्रों के प्रतिनिधि, उपभोक्ता संगठन और सरकारी अधिकारी शामिल हुए। इस क्षेत्रीय बैठक का उद्देश्य हॉलमार्किंग व्यवस्था को और प्रभावी बनाना, इसके संचालन में पारदर्शिता लाना और उपभोक्ता विश्वास को सशक्त बनाना था।




कार्यक्रम का उद्घाटन बीआईएस की उप महानिदेशक (हॉलमार्किंग) चित्रा गुप्ता ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में एचयूआईडी आधारित हॉलमार्किंग प्रणाली की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आभूषणों की शुद्धता और ट्रेसेबिलिटी सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने उपभोक्ताओं की सुरक्षा और उद्योग की विश्वसनीयता को सुदृढ़ करने पर जोर दिया।

बीआईएस के उप महानिदेशक (पूर्व) अनुज स्वरूप भटनागर ने कहा कि यह बैठक हितधारकों के बीच सहयोग और संवाद को सशक्त बनाने का अवसर है। बैठक में बीआईएस की डिजिटल पहलों, हॉलमार्किंग मॉड्यूल, मानक संशोधनों और तकनीकी प्रगतियों पर भी चर्चा की गई।

बीआईएस ने कहा कि हॉलमार्किंग भारतीय आभूषण क्षेत्र में गुणवत्ता, ईमानदारी और उपभोक्ता विश्वास का प्रतीक है, जो उद्योग को नई पारदर्शिता की दिशा में आगे बढ़ा रही है।

# वार्ड एक के पार्ट 30 में एन्यूमरेशन फॉर्म वितरित



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में जारी एसआईआर प्रक्रिया के बीच शुक्रवार को कोलकाता नगर निगम के वार्ड एक के अंतर्गत पार्ट 30 में महिला तृणमूल नेता ममता सिंह के नेतृत्व में एन्यूमरेशन फॉर्म वितरित किया गया।

इस कार्य में पार्टी कार्यकर्ताओं अंकुल सिंह, अभिजीत मंडल, आकाश पांडे, शिवनाथ महतो, झप्पू साव, अमर यादव ने अपना योगदान दिया। इस दौरान, उन्होंने मतदाताओं को फॉर्म भरने के तरीके से अवगत कराया।

# शालीमार आरपीएफ की सतर्कता से तीन नाबालिग मिले, घर से भागकर ट्रेन में छिपे थे बच्चे

**हावड़ा :** शालीमार आरपीएफ के एएसआई टी.के. सेतुआ की सतर्कता और तत्परता से तीन नाबालिग बच्चों का सुराग मिल गया। जानकारी के अनुसार, ये तीनों बच्चे ओडिशा के बालेश्वर स्थित एक स्कूल सह होस्टल से भागकर धौली एक्सप्रेस (पुरी-शालीमार) में सवार हो गये थे। स्कूल प्रबंधन ने बच्चों के लापता होने की सूचना आसपास के थानों और रेलवे कंट्रोल रूम को दी, जिसके बाद खड़गपुर कंट्रोल रूम से यह जानकारी एएसआई सेतुआ तक पहुंची।

उस समय एएसआई सेतुआ धौली एक्सप्रेस में ही ड्यूटी पर थे। सूचना मिलते ही उन्होंने ट्रेन में खोजबीन शुरू की और डी-10 कोच से तीनों बच्चों को सुरक्षित बरामद कर लिया। आरपीएफ टीम ने तुरंत उन्हें अपनी हिफाजत में ले लिया।

आरपीएफ के लिए परेशानी तब बढ़ी जब पता चला कि तीनों बच्चे मुक-बधिर हैं। पूछताछ के दौरान बच्चों ने कागज पर लिखकर अपना पता और परिजनों के नाम बताए। इसके आधार पर आरपीएफ ने परिजनों से संपर्क साधा।




शालीमार पोस्ट पर लाकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की गई और इसके बाद बच्चों को चाइल्ड लाइन के सुपुर्द कर दिया गया। बताया गया कि ये तीनों बच्चे पिछले पांच वर्षों से बालेश्वर के उसी विशेष स्कूल में पढ़ रहे थे, जहां मुक-बधिर बच्चों की शिक्षा होती है।

### चार घंटे तक ट्रैक पर पड़ा रहा महिला का शव, ऊपर से गुजरती रहीं ट्रेनें

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के डोमजूर इलाके में शुक्रवार सुबह मानवता को झकझोर देने वाली घटना घटी। एक महिला का शव करीबन चार घंटे तक रेलवे ट्रैक पर पड़ी रही, जबकि इस दौरान कई ट्रेनें उसी ट्रैक से गुजरती रहीं। हादसे के बाद जीआरपी और राज्य पुलिस के बीच शव हटाने की जिम्मेदारी को लेकर विवाद चलता रहा, जिससे अमानवीयता की हदें पार हो गईं। जानकारी के अनुसार, हावड़ा-आमता शाखा के डोमजूर स्टेशन के पास आमता-हावड़ा लोकल ट्रेन की चपेट में आने से मिंटू गेरे (45) नाम की महिला की मौत हो गई, जो हुगली के चंडीपाड़ा इलाके का निवासी है। यह आत्महत्या थी या दुर्घटना, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। विवाद इस बात पर भी रहा कि इलाका डोमजूर या जगतबल्लभपुर थाने के अंतर्गत आता है। इस कारण शव घंटों तक ट्रैक पर पड़ा रहा।



**वंदे मातरम गीत के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में कॉलेज स्ट्रीट से रैली निकाली गई, जिसमें वरिष्ठ नेता तापस राय, पार्षद मीना पुरोहित, पार्षद विजय ओझा, पूर्व पार्षद किशन झंवर, कर्मठ नेता उमेश राय, उत्तर कोलकाता जिला अध्यक्ष तमोघ्नो घोष, कर्मठ नेता भोला सोनकर व अन्य उपस्थित रहे।**

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
• MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
• PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
• RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# पहले चरण के बाद महागठबंधन का गुब्बारा फूटा, बिहार फिर राजग सरकार बनाने को तैयार: मोदी

**भभुआ/औरंगाबाद :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि पहले चरण के मतदान के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 'विजय पथ पर अग्रसर' है, जबकि महागठबंधन का 'गुब्बारा फूट चुका' है। बिहार के भभुआ में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, पहले चरण के चुनाव के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)में खुशी का माहौल है जबकि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का इको सिस्टम खुद कह रहा है कि 'फिर एक बार, राजग सरकार'। विरोधियों ने बिहार के युवाओं को भ्रमित करने की बहुत कोशिश की, लेकिन उनकी सारी योजना विफल



हो गई। बिहार का जागरूक नौजवान जानता है कि राजद-कांग्रेस के इरादे क्या हैं। उन्होंने कहा, जंगलराज के युवराज से जब झूठे वादों के बारे में पूछा जाता है कि उन्हें कैसे पूरा करेंगे, तो कहते हैं कि 'हमारे पास प्लान है।' लेकिन जब पूछा जाता है कि 'प्लान क्या है', तो उनके पास कोई जवाब नहीं होता। राजद पर तंज कसते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, राजद का प्लान रोजगार देने का नहीं, बल्कि रंगदारी वसूलने का है। उनके प्रचार गीतों में भी यही झलकता है-'आएगी भइया की सरकार, बनेंगे रंगदार।' यानी इनकी योजना है कि सरकार आते ही अपहरण और रंगदारी का धंधा फिर से शुरू हो जाएगा। राजद वालों का एक और गाना चल रहा है-'भइया के आवे दे सत्ता, कट्टा सट्टा के उठा लेब घरवा से।' ऐसे लोग जनता की सेवा नहीं, बल्कि कट्टा दिखाकर जनता को लूटने की तैयारी में हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जंगलराज के दौर में बिहार में विकास की हर संभावना की भ्रूण हत्या कर दी गई थी। उन्होंने कहा, कैमूर की धरती को प्रकृति ने बहुत कुछ दिया है। यह पर्यटन के लिहाज से एक आकर्षक स्थल बन सकता था, लेकिन जंगलराज ने इसे कभी विकसित नहीं होने दिया। जहां कानून का राज न हो, वहां कोई पर्यटक जाएगा क्या? उन्होंने कहा, नीतीश जी के नेतृत्व में इस क्षेत्र को उस भयावह स्थिति से बाहर निकाला गया है। अब धीरे-धीरे पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। पहले जिन जलप्रपातों के आसपास माओवादियों का डर था, वहां अब रौनक है। तीर्थ स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ रही है। नक्सलवाद और माओवाद का अंत हो रहा है, और यहां उद्योग व पर्यटन की नई संभावनाएं पैदा हो रही हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे, काफिले पर जगह-जगह फूलों की वर्षा

**वाराणसी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार की शाम अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे। शाम करीब पांच बजे प्रधानमंत्री का विशेष विमान लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे बाबतपुर पर उतरा, जहां प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य तथा जनपद के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना, आयुक्त एस. राजलिंगम, पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार सहित अन्य लोगों ने उनका स्वागत किया। एक बयान के अनुसार बरेका पहुंचने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भव्य स्वागत किया। प्रधानमंत्री सड़क मार्ग से बीएलडब्ल्यू स्थित गेस्ट हाउस के लिए रवाना हुए। उनका काफिला बाबतपुर से हरहुआ होते हुए गिलट बाजार, जेपी मेहता, फुलवरिया फ्लाईओवर होते हुए बरेका पहुंचा। रास्ते में कई जगह



स्थानीय लोगों सहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने भी वाहन से हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया। मोदी के स्वागत में काशीवासियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने अपने सांसद का स्वागत 'मोदी-मोदी' और 'हर हर महादेव' के नारों से किया। जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और उनके काफिले पर पुष्पवर्षा की गयी। हवाई अड्डे से बरेका जाते समय प्रधानमंत्री के काफिले पर जगह-जगह फूलों की वर्षा की गई। पूरा मार्ग केसरिया और तिरंगे रंगों की रोशनी से जगमगा उठा। मोदी का शहर के संत अतुलानंद बाईपास, जेपी मेहता के पास, बरेका एफसीआई गोदाम, बरेका गेट के पास आदि अनेकों स्थानों पर स्वागत किया गया। जबकि बरेका पहुंचने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भव्य स्वागत किया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### राजस्थान: छह जिलों के 2,961 गांव अभावग्रस्त घोषित

**जयपुर :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने छह जिलों के 2,961 गांव को अभावग्रस्त घोषित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है जिससे इन गांवों के किसानों को फसल नुकसान होने का कृषि अनुदान मिल सकेगा। आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने इस वर्ष अतिवृष्टि से खरीफ फसलों को नुकसान के संबंध में छह प्रभावित जिलों के किसानों के लिए अनुदान वितरण की स्वीकृति दी है। निर्णय के अनुसार, प्रभावित किसानों को राज्य आपदा राहत कोष अ(एसडीआरएफ) से कृषि अनुदान वितरण करने की मंजूरी दी गई है। इसके लिए छह जिलों की 40 तहसील के दो हजार 961 गांवों को अभावग्रस्त घोषित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इससे अजमेर, अलवर, झुंझुनू, कोटा, पाली और बांसवाड़ा जिले के आठ लाख से अधिक किसानों को राहत मिलेगी।

### झारखंड के सरांदा जंगल में माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़

**चाईबासा (झारखंड) :** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले के सरांदा जंगल में माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई है। यह जानकारी एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को दी। पश्चिम सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक अमित रेनू ने 'भाषा' को बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार शाम उस समय हुई जब केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), झारखंड जगुआर और जिला सशस्त्र पुलिस की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। इसी दौरान प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सुरक्षा बल अब भी जंगल में अभियान चला रहे हैं और वहां से हथियारों तथा विस्फोटकों का जखीरा बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि अभियान दल के लौटने के बाद ही विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। अनौपचारिक सूत्रों के अनुसार, मुठभेड़ में एक माओवादी के मारे जाने और कुछ अन्य के घायल होने की खबर है।

### धनबाद में ट्रेन के डिब्बे से 78 कछुए बरामद

**धनबाद :** झारखंड के धनबाद जिले में दून एक्सप्रेस के एक डिब्बे से शुक्रवार को भारतीय 'फ्लैपशेल' प्रजाति के कुल 78 कछुए जब्त किए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि धनबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर ट्रेन के पहुंचते ही एक टीम ने तलाशी ली और डिब्बे में सीट के नीचे जूट के छह बोरे बरामद किए। अधिकारी ने कहा, ''जब किसी भी यात्री ने इस बैग को अपना बताते हुए नहीं लिया तो उन्हें खोला गया। हमें उन बैगों में भारतीय फ्लैपशेल कछुए मिले, जो जिंदा थे।'' अधिकारी ने बताया कि यह तलाशी 'ऑपरेशन विलेप' के तहत की गई, जो वन्यजीवों और पशु अंगों की तस्करी से निपटने के लिए आरपीएफ का एक अभियान है। उन्होंने बताया कि औपचारिकताएं पूरी करने के बाद जब्त कछुओं को धनबाद वन प्रभाग के अधिकारियों को सौंप दिया गया।

## बिहार में रिकॉर्ड मतदान पर बोले प्रशांत किशोर : प्रवासी हैं 'एक्स फैक्टर'



**पटना :** जन सुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर ने शुक्रवार को दावा किया कि छठ पर्व के मौके पर बिहार आए और अभी तक अपने कार्यस्थलों पर नहीं गए राज्य के प्रवासी मतदाता विधानसभा चुनाव में 'एक्स फैक्टर' साबित हो सकते हैं। पूर्व चुनाव रणनीतिकार किशोर ने यह टिप्पणी पहले चरण के रिकॉर्ड 64.66 प्रतिशत मतदान के एक दिन बाद की। उनकी नवगठित पार्टी के बारे में विभिन्न सर्वेक्षणों और जनमतों में कहा जा रहा है कि उसने प्रवासियों को आकर्षित किया है। किशोर ने कहा, स्वतंत्रता के बाद से अब तक का सबसे अधिक मतदान यह दर्शाता है कि हम जो कह रहे थे, वह सही है-बिहार में बदलाव की बहुत प्रबल इच्छा है, जहां लोग लगभग 30 वर्षों से राजनीतिक जड़ता में फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को अब उनकी एक वर्ष पुरानी पार्टी में एक व्यवहार्य विकल्प की झलक दिख रही है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पर निशाना साधते हुए जन सुराज पार्टी के संस्थापक ने कहा, इन लोगों ने यह सोच लिया था कि कुछ योजनाएं और महिलाओं को थोड़ी मदद देकर वे जीत जाएंगे।



भागलपुर : विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को भागलपुर के नाथनगर विधानसभा क्षेत्र के भटोरिया मैदान में राजद उम्मीदवार जियाउल हसन उर्फ जेड हसन के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।

## बिहार चुनाव : पहले चरण में 65 प्रतिशत रिकॉर्ड मतदान पर नीतीश ने मतदाताओं को बधाई दी

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 64.66 प्रतिशत के रिकॉर्ड मतदान के लिए मतदाताओं को बधाई दी और लोगों से 11 नवम्बर को होने वाले दूसरे चरण में भी इसी उत्साह से मतदान करने की अपील की। निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा था कि विधानसभा चुनाव का पहला चरण शांतिपूर्ण और उत्सवपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ तथा बिहार के इतिहास में अब तक का सर्वाधिक 64.66 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पहले चरण में 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर मतदान हुआ। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, पहले चरण में रिकॉर्ड मतदान के लिए बिहार की जनता को हार्दिक धन्यवाद। पिछले एक वर्ष में बिहार ने अभूतपूर्व प्रगति की है। अब समय आ गया है कि बिहार को सबसे विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल किया जाए। लोकतंत्र में मतदान हमारा अधिकार ही नहीं, कर्तव्य भी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे 11 नवम्बर को होने वाले चुनाव के दूसरे चरण में भी इसी उत्साह से मतदान करें, ताकि बिहार और आगे बढ़े। नीतीश ने लिखा, सबका सम्मान हो, सबका विकास हो।

## राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' हमारी सामूहिक चेतना का प्रतीक: राजस्थान के मुख्यमंत्री शर्मा

**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' ''हमारी सामूहिक चेतना का प्रतीक है जिसने करोड़ों भारतीयों के हृदय में राष्ट्रप्रेम की ज्वाला प्रज्वलित'' की। शर्मा ने यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम में 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ''हम सभी राष्ट्रीय चेतना के महान गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के साक्षी बन रहे हैं तथा अमर काव्य की वंदना कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् ने स्वतंत्रता संग्राम को स्वर दिया जिसने करोड़ों भारतीयों के हृदय में राष्ट्रप्रेम की ज्वाला प्रज्वलित की। उन्होंने कहा कि यह केवल एक गीत नहीं है बल्कि ''हमारी सामूहिक चेतना, हमारी आत्मा की पुकार तथा मातृभूमि के प्रति हमारी अनंत श्रद्धा का प्रतीक'' है। शर्मा ने कहा, ''यह गीत हमारे स्वतंत्रता संग्राम का प्राणतत्व बना, क्रांतिकारियों का मंत्र और एकता का सूत्र बना।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम् में भारतीयों को एक सूत्र में बांधने की शक्ति है। उन्होंने कहा कि इस गीत में गुलामी की जंजीरों को तोड़ने के लिए राष्ट्रभक्तों को आत्मशक्ति देने की ऊर्जा है और यह केवल राजनीतिक नारा नहीं है बल्कि एक आध्यात्मिक शक्ति है जो हमारी सामूहिक चेतना को जागृत करने की क्षमता रखती है। शर्मा ने कहा, ''आज वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर हमें यह संकल्प लेना होगा कि हम इस गीत की भावना को अपने जीवन में उतारेंगे।''

## लालू-राबड़ी-राहुल के पास बिहार के विकास का कोई एजेंडा नहीं : अमित शाह

**जमुई/भागलपुर (बिहार) :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि विपक्षी नेताओं के पास बिहार के विकास के लिए कोई एजेंडा नहीं है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल(राजद)-कांग्रेस गठबंधन ने अपने शासनकाल में गरीबों के लिए कुछ नहीं किया, बल्कि 'घुसपैठियों को संरक्षण' देने का काम किया। जमुई में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शाह ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा, जो लोग सिर्फ अपने बेटे-बेटियों के कल्याण की चिंता करते हैं, वे बिहार का विकास नहीं कर सकते। उन्होंने दावा किया, हमें पांच साल का और मौका दीजिए,



बिहार विकसित राज्यों की श्रेणी में गिना जाएगा। इसे बाढ़ से मुक्त किया जाएगा। लालू-राबड़ी-राहुल के पास विकास का कोई एजेंडा नहीं है। शाह ने आरोप लगाया, उन्होंने गरीबों के लिए कुछ नहीं किया, सिर्फ उन घुसपैठियों को संरक्षण दिया जो गरीबों की नौकरियां, अनाज और संसाधन छीन रहे हैं। क्या ऐसे लोग बिहार को विकसित बना सकते हैं? बिल्कुल नहीं। भागलपुर में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए शाह ने विपक्षी गठबंधन 'महागठबंधन' को ठगबंधन करार दिया और कहा कि इनके पास न तो कोई नीति है, न एकता।

## मुलाकात के बाद अखिलेश ने आजम खान को लेकर किया भावुक पोस्ट

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खान ने शुक्रवार को पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ अपने रिश्ते को राजनीति से परे बताते हुए इसे आधी सदी से भी ज़्यादा पुराना पारिवारिक संबंध बताया। खान ने लखनऊ स्थित अखिलेश यादव के आवास पर उनसे मुलाकात के बाद 'पीटीआई-वीडियो' से कहा, इस घर से मेरा रिश्ता आधी सदी यानी 50 साल पुराना है। इसे कमजोर होने में वर्षों लगेंगे और टूटने में सदियां। मेरे पास भले ही सदियां न बची हों लेकिन यह रिश्ता अगली पीढ़ी के साथ बना रहेगा। उन्होंने कहा, यह एक ऐसा रिश्ता है जो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक जाता है। अगर कभी इस पर थोड़ी सी भी जंग लग जाती है, तो मैं इसे खुद साफ कर देता हूं। किसी और की जरूरत नहीं होती। समाजवादी पार्टी के साथ अपने निरंतर जुड़ाव पर जोर देते हुए खान ने कहा, हमने जीवन में पहले ही बहुत दर्द और अन्याय सहा है। इससे ज्यादा शायद ही कुछ हो। इतना सब कुछ सहने के बाद अब हम अलग क्यों हों? इस बैठक में अपने पिता आजम खान के साथ शामिल हुए पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम ने कहा, हम एक परिवार हैं। चर्चा पूरी तरह से पारिवारिक थी, राजनीतिक नहीं। परिवारों में जो बातें होती हैं उन पर सार्वजनिक रूप से चर्चा नहीं की जानी चाहिए। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुलाकात के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक भावुक पोस्ट में कहा, न जाने कितनी यादें संग ले आए जब वो आज हमारे घर पर आए!

## 'आया नीतीश, गया नीतीश' जैसे लोगों को सत्ता से दूर करे जनता: खरगे

**सासाराम/गया जी :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए उन्हें ''अवसरवादी'' करार दिया और कहा कि जनता को ''आया नीतीश, गया नीतीश'' जैसे लोगों को नहीं चुनना चाहिए। खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनाव प्रचार को लेकर उन पर तंज कसते हुए कहा कि मोदी को समझना चाहिए कि जनता ने उन्हें नगरपालिका चुनाव में प्रचार के लिए नहीं, बल्कि देश चलाने के लिए चुना है। कांग्रेस अध्यक्ष ने शुक्रवार को रोहतास और गया जी में दो चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए पलायन, बेरोजगारी और महिलाओं से जुड़े मुद्दे उठाए। उन्होंने कहा कि महागठबंधन ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया है ताकि प्रदेश से लोगों का पलायन बंद हो और बेरोजगारी कम हो। खरगे ने गया जी में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए दावा किया, ''नरेन्द्र मोदी को सिर्फ चुनाव से मतलब है। जब चुनाव आता है, तो वे घूमते ही रहते हैं।'' उन्होंने प्रधानमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा, ''लोगों ने आपको (मोदी) देश चलाने के लिए प्रधानमंत्री बनाया था, नगरपालिका चुनाव में प्रचार करन के लिए नहीं।''

## पुलिस के साथ मुठभेड़ में इनामी बदमाश मारा गया

**आजमगढ़ (उप्र) :** आजमगढ़ जिले के रौनापार क्षेत्र में उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और आजमगढ़ पुलिस की संयुक्त टीम से हुई मुठभेड़ में 50 हजार रुपये का इनामी एक बदमाश मारा गया। उसके तीन साथी मौके का फायदा उठाकर भाग गये। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) मधुबन कुमार सिंह ने बताया कि सिधारी थाना क्षेत्र में हुई लूट की एक घटना के सुराग जुटाने में लगी पुलिस को एसटीएफ से सूचना मिली थी कि कुछ बदमाश रौनापार की ओर भाग रहे हैं। सूचना पर एसटीएफ लखनऊ की टीम और आज़मगढ़ के सिधारी थाने की पुलिस ने जोकहरा पुल के पास घेराबंदी की। उन्होंने दावा किया कि पुलिस को देखकर बदमाशों ने उस पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलायी जिसकी चपेट में आने से एक बदमाश घायल हो गया। उसके तीन अन्य साथी मौके से भाग निकले। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया जहां से हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर किया गया। चिकित्सकों की टीम ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सिंह ने बताया कि मृत बदमाश की पहचान वाकिब उर्फ वाकिफ (27 वर्ष) के रूप में हुई है। उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

## बिहार में अधिक मतदान सरकार के पक्ष में वोट है: धर्मेंद्र प्रधान

**पटना :** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान प्रतिशत सरकार के पक्ष में लहर का संकेत है और विपक्ष का यह दावा निराधार है कि यह परिणाम राजग के लिए चेतावनी की घंटी है। राज्य में भाजपा के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने यह बात पीटीआई-वीडियो से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि पहले चरण में 121 विधानसभा क्षेत्रों में 64.69 प्रतिशत मतदान हुआ, जो राज्य के चुनावी इतिहास में अब तक का सर्वाधिक है। प्रधान ने कहा, यह शानदार है। यह स्पष्ट रूप से उत्साहवर्धक मतदान का संकेत है। हाल के समय में कई जगहों पर देखा गया है कि लोग बड़ी संख्या में मौजूदा सरकार के पक्ष में मतदान करने निकलते हैं। बिहार में भी यही हो रहा है, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति जनता का विश्वास हिमालय जितना अटूट और ऊंचा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं ने बड़ी संख्या में मतदान किया और मीडिया से बात करने वाले अधिकतर मतदाताओं ने स्पष्ट कहा कि वे विकास और सुरक्षा के लिए वोट कर रहे हैं। प्रधान ने कहा यह इस बात का साफ संकेत है कि हवा किस दिशा में बह रही है।'' उन्होंने साथ ही कहा कि राजग की चुनावी नीति सुशासन पर आधारित है, जो राजद-कांग्रेस शासन के जंगलराज की छवि के विपरीत है। प्रधान ने केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के इस अनुमान से सहमति जताई कि राजग बिहार की 243 सदस्यीय विधानसभा में 160 से अधिक सीटें जीत सकता है। नीतीश कुमार फिर से मुख्यमंत्री बनने संबंधी सवाल पर प्रधान ने कहा, हम बार-बार कह चुके हैं कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में मुख्यमंत्री पद रिक्त नहीं है। पिछले 20 वर्षों से यह पद एक ही व्यक्ति के पास है।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले में अगली सुनवाई 12 दिसंबर को

**प्रयागराज :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में शुक्रवार को सुनवाई के बाद अगली तिथि 12 दिसंबर, 2025 तय की। न्यायमूर्ति अविनाश सक्सेना ने दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद अगली तिथि तय की। चूंकि, इस मामले की पूर्व में सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र अब इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में बैठ रहे हैं, इस मामले को न्यायमूर्ति सक्सेना के लिए नामित कर दिया गया है।

## कर्तव्यों के प्रति समर्पण ही 'वंदे मातरम' की सच्ची भावना : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को नागरिकों से व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठकर राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित होने का आह्वान करते हुए कहा कि ऐसा करना ही 'वंदे मातरम' की सच्ची भावना है। राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की यह अमर रचना केवल एक गीत नहीं बल्कि भारत की एकता, भावना और कर्तव्य की पवित्र अभिव्यक्ति है। मुख्यमंत्री ने कहा, वंदे मातरम किसी एक आराध्य, संप्रदाय या समुदाय की उपासना का गीत नहीं



है। यह प्रत्येक भारतीय को स्वार्थ से ऊपर उठकर राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित होने की प्रेरणा देता है। उन्होंने राष्ट्रीय कर्तव्य और दैनिक कार्यों के बीच संबंध स्थापित करते हुए कहा कि छात्रों को संस्कार प्रदान करने वाला शिक्षक, मुश्किल हालात में सीमाओं की रक्षा करने वाला सैनिक और राष्ट्र के लिए फसल उगाने वाला किसान, ये सभी वंदे मातरम के सच्चे सार हैं। आदित्यनाथ ने संविधान दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नागरिकों के कर्तव्यों पर जोर दिये जाने का जिक्र करते हुए कहा, हम अक्सर अपने अधिकारों की बात करते हैं मगर अपने कर्तव्यों को याद रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। ये कर्तव्य हमारी वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों दोनों को सुरक्षित कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय गीत के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें 'भारत को एकता का शाश्वत मंत्र देने वाला दूरदर्शी' कहा। उन्होंने कहा कि 1875 में रचित यह गीत भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का नारा बन गया, जिसने क्रांतिकारियों को प्रेरित किया और औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध राष्ट्र को एकजुट किया।

## हरियाणा में 'वोट चोरी' की गई, अब बिहार में कोशिश जारी : राहुल गांधी

**बांका (बिहार) :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में ''वोट चोरी'' की थी और अब बिहार में भी वैसा ही करने की कोशिश कर रही है। बिहार के बांका में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल ने भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि ''मोदी और अमित शाह ने हरियाणा का चुनाव चुरा लिया और चुनाव आयोग इस पर आंखें मूंदे बैठा है।'' उन्होंने कहा, हरियाणा में दो करोड़ मतदाता हैं, जिनमें से 29 लाख फर्जी मतदाता हैं। ब्राजील की एक महिला का नाम मतदाता सूची



में कई बूथ पर था। मैंने इसके सबूत भी पेश किए हैं।'' उन्होंने दावा किया कि भाजपा नेताओं ने दिल्ली में मतदान करने के बाद बिहार में भी वोट डाला है। भाजपा ने यही काम मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और हरियाणा में किया, और अब बिहार में भी वही दोहराने की कोशिश कर रही है। लेकिन बिहार की जनता ऐसा नहीं होने देगी। कांग्रेस नेता ने भाजपा पर उद्योगपतियों के हित में काम करने का आरोप लगाते हुए कहा, वे अदाणी और अंबानी के लिए वोट चोरी करते हैं। अमित शाह बिहार आकर कहते हैं कि यहां उद्योग लगाने के लिए जमीन नहीं है, लेकिन अदाणी के लिए जमीन उपलब्ध कराई जा रही है। भाजपा और नीतीश कुमार मिलकर अदाणी को जमीन दे रहे हैं। उन्होंने कहा, मोदी सरकार ने बिहार की सभी उद्योग इकाइयां बंद कर दीं ताकि अदाणी और अंबानी को फायदा हो। हम चाहते हैं कि बिहार में उद्योग और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां लगें।

# ‘वंदे मातरम्’ गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इसका पूर्ण संस्करण गाया जायेगा : शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इसका पूर्ण संस्करण पूरे देश में गाया जाएगा। उन्होंने इसे राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक जागरण का आह्वान बताया।अपनी वेबसाइट पर विचार साझा करते हुए शाह ने लिखा कि वंदे मातरम स्वतंत्रता का गीत है, अडिग संकल्प की भावना है और भारत के जागरण का पहला मंत्र है। उन्होंने कहा कि यह कवि बंकिमचंद्र की सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की पहली घोषणा थी। उन्होंने लिखा, ‘‘इस अमर गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, भारत सरकार ने सात नवंबर से शुरू होकर एक वर्ष तक देशव्यापी कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय




लिया है। इन समारोहों के माध्यम से, ‘वंदे मातरम्’ का पूर्ण संस्करण एक बार फिर पूरे देश में गूंजेगा और युवाओं को ‘सांस्कृतिक राष्ट्रवाद’ के विचार को आत्मसात करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा, ‘‘वंदे मातरम् स्वतंत्रता का गीत है, अडिग संकल्प की भावना है और भारत के जागरण का पहला मंत्र है। यह पवित्र मंत्र अनंत काल तक गूंजता रहेगा और हमें अपने इतिहास, अपनी संस्कृति, अपने मूल्यों और अपनी परंपराओं को भारतीयता के दृष्टिकोण से देखने की याद दिलाता रहेगा।’’ शाह ने कहा कि भारत के इतिहास में संगीत और कला ने सामाजिक और राजनीतिक आंदोलनों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि चाहे छत्रपति शिवाजी महाराज जी की सेना के युद्धगीत हों, आजादी के आंदोलन में सेनानियों के गान या आपातकाल के विरुद्ध युवाओं के सामूहिक गीत, गीतों ने भारतीय समाज को स्वाभिमान की प्रेरणा भी दी और एकजुट भी बनाया।

# बांग्लादेश में प्रशासन पर नियंत्रण नहीं रख पा रहे हैं अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस : हसीना

**नयी दिल्ली :** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा है कि अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस प्रशासन पर नियंत्रण नहीं रख पा रहे हैं और आतंकवादी समूहों से जुड़े इस्लामी गुटों को कट्टरपंथी विचारधारा फैलाने की पूरी छूट है। अगस्त 2024 में सरकार गिरने के बाद से भारत में रह रही हसीना ने यूनुस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि बांग्लादेश में सच्चा लोकतंत्र तब तक कायम नहीं रह सकता जब तक देश का शासन ऐसे राष्ट्राध्यक्ष के हाथों में है जिसके पास चुनावी जनादेश नहीं है। द वीक पत्रिका के लिए लिखे एक लेख में अवामी लीग नेता ने कहा कि बांग्लादेश कभी ‘धार्मिक सहिष्णुता और धर्मनिरपे-क्षता’ का गढ़ था, लेकिन अब वहां धार्मिक अल्पसंख्यकों, महिलाओं, लड़कियों और उनकी पार्टी के समर्थकों को निशाना बनाकर रोज़ाना ‘घृणित हिंसा’ की घटनायें हो रही



हैं। उन्होंने कहा, ‘‘जब तक हमारे देश का शासन ऐसे राष्ट्राध्यक्ष द्वारा चलाया जा रहा है, जिसके पास चुनावी जनादेश नहीं है, जिसने सबसे लोकप्रिय राजनीतिक दल पर प्रतिबंध लगा दिया है, अपने ही लाखों नागरिकों को मताधिकार से वंचित कर दिया है और एक असंवैधानिक चार्टर के ज़रिए हमारे संविधान को खतरे में डाल दिया है, तब तक सच्चा लोकतंत्र अस्तित्व में नहीं रह सकता।’’ उन्होंने आरोप लगाया, ‘‘यह चार्टर बांग्लादेश के लोगों की आवाज़ को प्रतिबिंबित नहीं करता और यह सुधार की आड़ में बढ़ते अधिनायकवादी शासन को वैध बनाने के लिए बनाया गया एक राजनीतिक उपकरण मात्र है।’’ हसीना ने अगले साल की शुरुआत में होने वाले संसदीय चुनावों में अवामी लीग को चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित करने के लिए यूनुस सरकार की भी कड़ी आलोचना की।

## बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के बाद पुनर्मतदान की कोई सिफारिश नहीं : आयोग

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 6 नवंबर को मतदान के बाद 121 सीटों के 45,000 से अधिक मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान की सिफारिश नहीं की गई है।आयोग ने बताया कि उसके द्वारा नियुक्त 121 रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) और 121 सामान्य पर्यवेक्षकों (जीओ) की मौजूदगी में सभी 121 विधानसभा क्षेत्रों में दस्तावेजों की जांच की गई। इस प्रक्रिया में लगभग 455 उम्मीदवारों या उनके एजेंटों ने भी हिस्सा लिया।जांच के बाद, किसी भी मतदान केंद्र पर कोई विसंगति या गड़बड़ी नहीं पाई गई और चुनाव के पहले चरण में पुनर्मतदान की कोई सिफारिश नहीं की गई।बिहार में पहले चरण में लगभग 65 प्रतिशत का रिकॉर्ड मतदान दर्ज किया गया था।

## ईडी ने रिलायंस पावर के ‘फर्जी’ बैंक गारंटी मामले में तीसरी गिरफ्तारी की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने उद्योगपति अनिल अंबानी समूह की कंपनी ‘रिलायंस पावर’ के खिलाफ 68 करोड़ रुपये की कथित फर्जी बैंक गारंटी जारी करने से जुड़ी धन शोधन जांच के सिलसिले में तीसरी गिरफ्तारी की है। उसने एक बयान में बताया कि कोलकाता निवासी अमर नाथ दत्ता नामक व्यक्ति को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत बृहस्पतिवार को हिरासत में लिया गया। एक विशेष अदालत ने उसे 10 नवंबर तक के लिए के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया है। संघीय जांच एजेंसी ने इस जांच के तहत रिलायंस पावर के पूर्व सीएफओ अशोक कुमार पाल और ओडिशा स्थित बिस्वाल ट्रेडलिंक नामक कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) पार्थ सारथी बिस्वाल को गिरफ्तार किया है। ईडी ने कहा, ‘‘वह (दत्ता) व्यापार वित्तपोषण में परामर्श सेवाएं प्रदान करने का दावा करता है। फर्जी बैंक गारंटी प्रदान करने में दत्ता ने अशोक पाल और पार्थ सारथी बिस्वाल के साथ सक्रिय भूमिका निभाई।’’ यह मामला सूचीबद्ध कंपनी रिलायंस पावर की सहायक कंपनी रिलायंस एनयू बीईएसएस लिमिटेड की ओर से सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसईसीआई) को जमा की गई 68.2 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी से संबंधित है, जो ‘‘फर्जी’’ पाई गई। यह कंपनी पहले महाराष्ट्र एनर्जी जेनरेशन लिमिटेड के नाम से जानी जाती थी। एजेंसी ने कहा, ‘‘रिलायंस पावर की सहायक कंपनी (रिलायंस एनयू बेस लिमिटेड) द्वारा धोखाधड़ीपूर्ण बैंक गारंटी प्रस्तुत करने के कारण एसईसीआई को 100 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ।’’

## न्यूज इन ब्रीफ

### हरिद्वार में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के नाम पर 30 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के आरोप में एक गिरफ्तार

**देहरादून :** उत्तराखंड में हरिद्वार जिले के पिरान कलियर क्षेत्र में एक व्यवसायी से लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के नाम पर 30 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के आरोप में पुलिस ने शुक्रवार को एक छात्र को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। हरिद्वार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि बहादराबाद के रहने वाले बीएससी छात्र आशीष सैनी के साथ इस अपराध में उसका एक साथी अजय हुड्डा भी शामिल है जिसने रंगदारी मांगने के लिए व्यवसायी को अर्मीनिया से धमकी भरी कॉल की थी । डोबाल ने बताया कि हरियाणा के रोहतक का रहने वाला हुड्डा अर्मीनिया में नौकरी करता है और उसकी गिरफ्तारी के लिए उसके प्रत्यर्पण की दिशा में प्रयास किए जाएंगे । उन्होंने बताया कि वाहन एजेंसी चलाने वाले व्यवसायी रवि कुमार ने 30 अक्टूबर को पुलिस से शिकायत की थी कि बिश्नोई गिरोह के किसी व्यक्ति ने उन्हें फोन पर धमकी देते हुए 30 लाख रुपये की रंगदारी मांगी है तथा इस शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 308(4) के तहत अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू की । एसएसपी ने बताया कि पुलिस तथा आपराधिक खुफिया इकाई (सीआईयू) की संयुक्त टीम की विवेचना में पता चला कि धमकीभरी कॉल अर्मीनिया से आयी थी । उन्होंने बताया कि जब जांच आगे बढ़ी तो पता चला कि वह नंबर हुड्डा का है जो हरियाणा के रोहतक में अपने परिजनों के नंबरों के अलावा बहादराबाद के एक नंबर के भी लगातार संपर्क में है ।

### रूसी सेना में 44 भारतीय सेवारत, भारत ने मॉस्को से एक बार फिर उन्हें कार्यमुक्त करने का आग्रह किया

**नयी दिल्ली :** भारत ने शुक्रवार को कहा कि हाल के महीनों में हुई भर्ती के मद्देनजर रूस की सेना में सेवारत भारतीय नागरिकों की संख्या बढ़कर 44 हो गई है।विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसने इस मामले को मॉस्को के साथ उठाया है और उनसे रूसी सेना में भारतीयों की भर्ती रोकने का आग्रह किया है।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ‘‘पिछले कुछ महीनों में, हमें कई भारतीय नागरिकों के रूसी सेना में भर्ती होने की सूचना मिली है।’’उन्होंने अपनी साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, ‘‘हमारी जानकारी के अनुसार, वर्तमान में 44 भारतीय नागरिक रूस की सेना में सेवारत हैं।’’भारतीय अधिकारियों ने सितंबर में कहा था कि रूसी सेना में 27 भारतीय सेवारत हैं।जायसवाल ने कहा कि भारत ने इस मामले को रूसी अधिकारियों के साथ उठाया है और उनसे भारतीयों को ‘जल्द से जल्द कार्यमुक्त करने और इस प्रथा को समाप्त करने’ का आग्रह किया है।उन्होंने कहा, ‘‘हम रूसी पक्ष के संपर्क में हैं। हम इन लोगों के परिवारों के भी संपर्क में हैं और उन्हें मामले की जानकारी दे रहे हैं।’’ ऐसी खबरें आई हैं कि छात्र और व्यावसायिक वीजा पर कुछ भारतीयों को यूक्रेन में युद्ध के अग्रिम मोर्चे पर तैनात रूसी सैन्य इकाइयों में शामिल होने के लिए मजबूर किया गया है।

# उच्चतम न्यायालय ने निचली अदालतों को उचित मामलों में बलात्कार पीड़ितों को मुआवज़ा देने के निर्देश दिए

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सत्र अदालतों और ‘पॉक्सो’ (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अदालतों को उचित मामलों में बलात्कार और यौन उत्पीड़न पीड़ितों को मुआवजा देने के लिए कानून के तहत आदेश जारी करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने केंद्र और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) से उस याचिका पर जवाब मांगा है जिसमें आरोप लगाया गया है कि राज्य सरकार प्रशासनिक उदासीनता और अधिकारियों की व्यवस्थागत उपेक्षा के कारण बलात्कार पीड़ितों को उचित मुआवज़ा देने से लगातार इनकार कर रही है। उच्चतम न्यायालय अधिवक्ता गौरव कुमार



बंसल के माध्यम से ज्योति प्रवीण खंडपसोले द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें महाराष्ट्र के अमरावती जिले की मानसिक रूप से कमजोर बलात्कार पीड़िता (25) का मामला उठाया गया था। पीड़िता को राज्य के अधिकारियों की नाकामी के कारण दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 357ए और मनोधैर्य योजना के तहत उचित मुआवज़ा देने से इनकार कर दिया गया था। पीठ ने कहा कि उसे लगता है कि पीड़ितों को मुआवज़ा देने में एक बाधा विशेष अदालतों या सत्र अदालतों द्वारा मुआवज़ा संबंधी निर्देश का अभाव है। पीठ ने तीन नवंबर के अपने आदेश में कहा, ‘‘परिणामस्वरूप, पीड़ितों को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में आवेदन कर या किसी अन्य ज्ञात कानूनी माध्यम से स्वयं ही मुआवज़ा मांगना पड़ता है। इस संबंध में जागरूकता का भी अभाव है।’’ पीठ ने कहा, ‘‘इन परिस्थितियों में, हम निर्देश देते हैं कि संबंधित विशेष अदालतें/सत्र अदालतें उचित मामलों में पीड़ितों को मुआवज़ा देने के संबंध में उचित निर्देश पारित करें।’’

# ‘वंदे मातरम’ एक शाश्वत गान : उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने ‘वंदे मातरम्’ को एक शाश्वत गान बताते हुए शुक्रवार को कहा कि इसने राष्ट्रवाद की भावना को जागृत किया और यह पीढ़ियों को प्रेरित करता रहा है।उन्होंने सोशल मीडिया मंच ‘एक्स’ पर एक पोस्ट में कहा, ‘‘वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर, मैं अपने पूजनीय राष्ट्र गीत – एक शाश्वत गान – को नमन करता हूं जिसने राष्ट्रवाद की भावना को जागृत किया और जो पीढ़ियों को प्रेरित करता रहा है।’’ उन्होंने कहा कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा सात नवंबर, 1875 को अक्षय नवमी के अवसर पर रचित ‘वंदे मातरम्’ मातृभूमि को शक्ति, समृद्धि और दिव्यता का प्रतीक बनाता है। राधाकृष्णन ने याद किया, ‘‘यह गीत भारत के स्वतंत्रता आंदोलन



के दौरान एक शक्तिशाली प्रतीक के रूप में उभरा, जिसने पूरे देश में देशभक्ति की भावना को फिर से जगाया और सभी क्षेत्रों, भाषाओं और धर्मों के लोगों को भक्ति और साहस के एक स्वर में एकजुट किया।’’ उन्होंने कहा कि ‘वंदे मातरम्’ भारत की सांस्कृतिक विरासत और सभ्यतागत लोकाचार का एक स्थायी प्रतीक है। उन्होंने रेखांकित किया कि यह आध्यात्मिक और राष्ट्रीय तथा व्यक्तिगत और सामूहिक के बीच सामंजस्य को दर्शाता है। राधाकृष्णन ने कहा, ‘‘‘वंदे मातरम्’ के अमर शब्द प्रत्येक भारतीय को समृद्ध और सामंजस्यपूर्ण राष्ट्र के निर्माण में देशभक्ति, अनुशासन और समर्पण के आदर्शों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। संविधान सभा ने ‘वंदे मातरम्’ को राष्ट्र गीत का दर्जा दिया था। संविधान सभा ने यह भी कहा था कि ‘जन गण मन’ राष्ट्रगान होगा, वहीं ‘वंदे मातरम’ को भी वही दर्जा और सम्मान प्राप्त होगा।

# नेशनल हेराल्ड मामला: अदालत ने ईडी के आरोप-पत्र पर संज्ञान लेने पर फैसला 29 नवंबर तक सुरक्षित रखा

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोप-पत्र पर संज्ञान लेने के संबंध में अपना आदेश 29 नवंबर तक सुरक्षित रख लिया। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा, ‘‘अदालत द्वारा दर्ज मामले के निरीक्षण के मद्देनजर ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल द्वारा दलीलें और स्पष्टीकरण दिए गए हैं।

आगामी 29 नवंबर को आदेश के लिए सूचीबद्ध करें।’’इससे पहले, अदालत ने मामले की फाइल का विस्तृत निरीक्षण करने की आवश्यकता बताते हुए ईडी के संज्ञान पर आदेश को भी स्थगित कर दिया था। ईडी ने कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी, पार्टी के दिवंगत नेताओं मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडीस, साथ-साथ सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और निजी कंपनी यंग इंडियन पर साजिश और धनशोधन का आरोप लगाया है।

यह आरोप एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की 2,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्तियों के कथित रूप से धोखे से अधिग्रहण से संबंधित है। एजेएल ‘नेशनल हेराल्ड’ अखबार का प्रकाशन करता है।

# पीढ़ियों से लोगों की चेतना को जागृत करता रहा है ‘वंदे मातरम्’ : हिमंत

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय गीत ‘वंदे मातरम’ पीढ़ियों से लोगों की चेतना को जागृत करता रहा है। शर्मा ने राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वर्ष भर चलने वाले समारोह की शुरुआत के लिए गुवाहाटी सचिवालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों समेत नागरिक भी मौजूद रहे। उन्होंने सोशल मीडिया मंच ‘एक्स’ पर एक पोस्ट में कहा, ‘‘वंदे मातरम वह बुनियाद है जिस पर देश का सांस्कृतिक राष्ट्रवाद टिका हुआ है। पीढ़ियों से इसने राष्ट्र की चेतना को जागृत किया, इसकी कल्पनाशक्ति प्रज्वलित की, साहस को शक्ति दी और देश की एकता को



प्रगाढ़ किया।’’ पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) हरमीत सिंह ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ असम पुलिस मुख्यालय में ‘वंदे मातरम’ का गायन किया। असम पुलिस ने ‘एक्स’ पर कहा, ‘‘डीजीपी असम पुलिस की उपस्थिति में गूंजे एकजुट स्वरों ने वंदे मातरम को नमन किया जिसने राष्ट्र को जागृत किया और आज भी हर भारतीय के हृदय को झंकृत करता है।’’

# उच्चतम न्यायालय ने उज्जैन में मस्जिद गिराए जाने के खिलाफ याचिका खारिज की

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने मध्यप्रदेश के उज्जैन में एक मस्जिद के गिराए जाने के खिलाफ दायर याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। मस्जिद को भूमि अधिग्रहण के बाद ध्वस्त कर दिया गया था। तकिया मस्जिद जनवरी में उस जमीन के अधिग्रहण के बाद ध्वस्त कर दी गई थी जिस पर यह बनी थी। कहा जाता है कि मस्जिद लगभग 200 साल पहले बनी थी। अधिकारियों ने उज्जैन में महाकाल लोक परिसर के पार्किंग स्थल का विस्तार करने के लिए भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही शुरू की थी। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान, 13 याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि 200 साल पुरानी मस्जिद को इसलिए गिराया गया क्योंकि पार्किंग स्थल की आवश्यकता थी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने इस याचिका की सुनवाई की। पीठ ने कहा, ‘‘वैधानिक योजना के तहत मुआवज़ा देना ज़रूरी था। आपने उसी अधिग्रहण को चुनौती देते हुए एक रिट याचिका दायर की थी, जिसे वापस लिया गया मान कर खारिज कर दिया गया था।’’ वकील ने कहा कि मस्जिद को 1985 में वक्फ संपत्ति घोषित किया गया था। वकील ने तर्क दिया, ‘‘आपको किसी अन्य धार्मिक स्थल के लिए पार्किंग की ज़रूरत है और आप मस्जिद गिरा देते हैं और कहते हैं कि आपको इसका अधिकार नहीं है।’’

# वन्यजीव समिति ने लद्दाख, अरुणाचल में 13 रक्षा, अर्धसैनिक परियोजनाओं को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (एनबीडब्ल्यूएल) की स्थायी समिति ने 13 रक्षा और अर्धसैनिक परियोजनाओं की सिफारिश की है, जिनमें से ज्यादातर लद्दाख के अधिक ऊंचाई वाले संरक्षित क्षेत्रों में और एक अरुणाचल प्रदेश में है। समिति की 86वीं बैठक के विवरण से यह जानकारी मिली है। रक्षा मंत्रालय, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों में नयी सीमा चौकियां, एक ब्रिगेड मुख्यालय, गोला-बारूद भंडारण और प्रशिक्षण सुविधाएं तथा पुल और पुलिया निर्माण कार्य शामिल हैं। समिति ने हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के लिए सख्त पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों के साथ इन परियोजनाओं को मंजूरी दी है।जानकारी के अनुसार, समिति ने ‘प्रोजेक्ट वर्तक’ के तहत बालीपारा-चारदुआर-तवांग सड़क पर 158 मीटर लंबे स्थायी पुल के निर्माण के लिए अरुणाचल प्रदेश में ईगलनेस्ट वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी-संवेदनशील क्षेत्र के 0.37 हेक्टेयर क्षेत्र के उपयोग की सिफारिश की है। प्रस्ताव को एक योजना के साथ मंजूरी दी गई जिसमें केवल दिन के समय निर्माण कार्य, गति नियंत्रण उपाय तथा अपशिष्ट एवं ध्वनि प्रबंधन शामिल है। लद्दाख में चांगथांग शीत मरुस्थल और काराकोरम (नुबरा-शयोक) वन्यजीव अभयारण्यों के अंदर कई प्रमुख रक्षा परियोजनाओं को मंजूरी दी गई।

# कैटरीना कैफ और विक्की कौशल बने माता-पिता, बेटे का स्वागत किया

**मुंबई :** फिल्म अभिनेत्री कैटरीना कैफ और अभिनेता विक्की कौशल ने शुक्रवार को अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। दोनों एक बेटे के माता पिता बने हैं। दंपति ने अपने अपने संबंधित ‘इंस्टाग्राम’ अकाउंट पर संयुक्त बयान जारी कर यह जानकारी साझा की। पोस्ट में उन्होंने लिखा है, ‘‘हमें खुशियों की सौगात मिली है। अपार कृतज्ञता के साथ हम अपने नन्हे मेहमान का स्वागत करते हैं। सात नवंबर, 2025 – कैटरीना और विक्की।’’कैटरीना और विक्की नौ दिसंबर, 2021 को राजस्थान में एक



निजी समारोह में विवाह बंधन में बंधे थे।इस साल सितंबर में कैटरीना के गर्भवती होने की घोषणा की गई थी। उस समय उन्होंने एक ‘पोलरॉइड’ तस्वीर साझा की थी जिसमें दोनों कैटरीना और विक्की बेबी बंप को खुशी से निहारते हुए दिख रहे थे। उन्होंने कैप्शन में लिखा, ‘‘खुशी और कृतज्ञता से भरे दिलों के साथ अपने जीवन के सबसे अच्छे अध्याय की शुरुआत करने जा रहे हैं।’’ विक्की हाल में ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म ‘छावा’ में दिखे थे और अब वह संजय लीला भंसाली की ‘लव एंड वॉर’ में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ नजर आने वाले हैं। कैटरीना आखिरी बार 2024 में रिलीज हुई थ्रिलर ‘मेरी क्रिसमस’ में विजय सेतुपति के साथ नजर आई थीं।

## मप्र : अंतिम संस्कार की तैयारियों के बीच ऐन वक्त पर लौट आई 70 वर्षीय व्यक्ति की सांसें

**इंदौर :** मध्यप्रदेश के इंदौर में अजब-गजब घटनाक्रम के दौरान एक घर में चल रहा मातम उस वक्त खुशियों में बदल गया, जब परिजनों द्वारा मृत मान लिए गए 70 वर्षीय व्यक्ति की सांसें अंतिम संस्कार की तैयारियों के बीच ऐन वक्त पर लौट आईं। इस व्यक्ति के बेटे ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। स्थानीय नागरिक संजय वेद ने ‘पीटीआई-भाषा’ को बताया कि उनके पिता माखनलाल वेद (70) को एक नवंबर को ब्रेन हेमरेज के कारण शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने बताया, ‘‘अस्पताल में मेरे पिता का ऑपरेशन हुआ। ऑपरेशन सफल रहा, लेकिन कुछ वक्त बाद उनकी हालत फिर बिगड़ गई और उन्हें जीवन रक्षक तंत्र पर रखा गया। लम्बे समय तक हालत में कोई भी सुधार नहीं होने पर हमने उन्हें अस्पताल से घर लाने का फैसला किया।’’ वेद के मुताबिक उनके पिता को अस्पताल के जीवन रक्षक तंत्र से हटाए जाने के बाद बृहस्पतिवार को परिजनों को लगा कि उन्होंने सांस लेना बंद कर दिया है और उनका निधन हो चुका है। उन्होंने बताया, ‘‘मैंने अपने पिता के निधन का संदेश शव यात्रा के कार्यक्रम के साथ सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया था। अंतिम संस्कार का सामान लाया जा चुका था। मेरे सगे-संबंधी और परिचित अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए मेरे घर जुटने लगे थे।’’ बहरहाल, वेद ने कहा, ‘‘जैसे ही मेरे पिता को घर लाया गया, आधे घंटे के भीतर उनकी सांसें धीरे-धीरे दोबारा चलने लगीं।

# बिहार में 59% से अधिक गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों ने वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया : एडीआर

**नयी दिल्ली :** चुनाव अधिकार संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के अनुसार, बिहार में आधे से अधिक पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों ने 2023-24 के लिए अपने अनिवार्य वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया हैं।एडीआर की एक रिपोर्ट के अनुसार, गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) ने 275 ऐसे दलों की समीक्षा की – जिनमें से 184 बिहार में और 91 अन्य राज्यों में पंजीकृत हैं। रिपोर्ट के अनुसार उसने पाया कि इनमें से 163 (59.27 प्रतिशत) ने न तो अपनी ऑडिट रिपोर्ट अपलोड की है और न ही 20,000 रुपये से अधिक के चंदा का विवरण राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों या निर्वाचन आयोग (ईसी) की वेबसाइट पर अपलोड किया है। इनमें



से 113 ने 2020 में बिहार विधानसभा चुनाव लड़ा था। रिपोर्ट के अनुसार केवल 67 दलों (24.36 प्रतिशत) ने 2023-24 के लिए ऑडिट और चंदा रिपोर्ट सार्वजनिक की, जिसमें सामूहिक रूप से 85.56 करोड़ रुपये की आय, 71.49 करोड़ रुपये का व्यय और 71.73 करोड़ रुपये के चंदे दान की घोषणा की गई। दिल्ली में पंजीकृत समता पार्टी ने सबसे अधिक 53.13 करोड़ रुपये की आय की सूचना दी, उसके बाद सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) ने 9.59 करोड़ रुपये की आय की जानकारी दी। एडीआर के आकलन में निर्वाचन आयोग की हालिया कार्रवाई को भी शामिल किया गया है, जिसमें निष्क्रियता और गैर-अनुपालन जैसे मुद्दों को लेकर अगस्त और सितंबर में 32 दलों को सूची से हटा दिया गया था। सूची से बाहर किए गए दलों में, सबसे अधिक आय बिहार की राष्ट्रीय सर्वोदय पार्टी (जनवरी 2014 में पंजीकृत) ने घोषित की। उसकी पांच साल में आय 10.66 करोड़ रुपये थी, जो 2021-22 में 4.26 करोड़ रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, इसने कोई चुनाव नहीं लड़ा। रिपोर्ट के अनुसार बिहार में पंजीकृत 28 गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) ने कोई चुनाव नहीं लड़ा।वित्त वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक उनकी संयुक्त पांच-वर्षीय आय 1.52 करोड़ रुपये है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 31 दलों की ऑडिट रिपोर्ट उपलब्ध थी लेकिन चंदा का विवरण नहीं था। एडीआर ने पाया कि आय और दान लगभग समान थे जो दर्शाता है कि चंदा आय का प्राथमिक स्रोत था।

# प्रदूषण के मामले में दिल्ली शीर्ष पर, एनसीआर भी पीछे नहीं

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के लोगों ने शुक्रवार को देश भर में सबसे प्रदूषित हवा में सांस ली और सभी शहरों की तुलना में राष्ट्रीय राजधानी की वायु गुणवत्ता सबसे खराब श्रेणी में दर्ज की गई जबकि एनसीआर के शहर दूसरे स्थान पर रहे। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में शाम चार बजे 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 322 दर्ज किया गया जिसके साथ शहर की स्थिति ‘रेड जोन’ में रही और दिल्ली देश का सबसे प्रदूषित शहर रहा। राष्ट्रीय राजधानी पिछले दिन पांचवें स्थान पर थी, जबकि गाजियाबाद शुक्रवार को 314 एक्यूआई के साथ दूसरे स्थान पर था। नोएडा में एक्यूआई 306 दर्ज किया गया, जो ‘बहुत खराब’ श्रेणी में आता है। सीपीसीबी के समीर ऐप के आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी के 38 निगरानी केंद्रों में से 29 केंद्रों ने वायु गुणवत्ता को ‘बहुत खराब’ श्रेणी में दर्ज किया है,



जहां एक्यूआई 300 से अधिक था।दिल्ली में शुक्रवार को पीएम 2.5 प्रमुख प्रदूषक रहा।वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान के लिए निर्णय सहायता प्रणाली (डीएसएस) ने अनुमान लगाया कि पराली जलाए जाने से दिल्ली के प्रदूषण में इसकी हिस्सेदारी 8.6 प्रतिशत थी और शनिवार को ये बढ़कर 30.9 प्रतिशत हो सकती है, जबकि रविवार को इसके 31.2 प्रतिशत पर पहुंच जाने का अनुमान है। उपग्रह से प्राप्त आंकड़ों से पता चला है कि बृहस्पतिवार को पंजाब में पराली जलाने की कुल 351 घटनाएं दर्ज की गईं जबकि हरियाणा में 35 और उत्तर प्रदेश में 200 घटनाएं सामने आईं।

## डि कॉक के शतक से दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे वनडे में पाकिस्तान को हराया

**फैसलाबाद :** क्विंटन डि कॉक ने अपने 22वें वनडे शतक के साथ अंतरराष्ट्रीय करियर में नयी जान फूंकी जिससे दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे मैच में पाकिस्तान को आठ विकेट से हराकर श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। डि कॉक ने 2023 विश्व कप के बाद वनडे क्रिकेट को अलविदा कह दिया था लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला से पहले उन्होंने संन्यास के वापसी कर टीम में जगह बनाई थी। बायें हाथ के इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने 119 गेंद की नाबाद पारी में 123 रन बनाये जिससे दक्षिण अफ्रीका ने बृहस्पतिवार को जीत के लिए मिले 270 रन के लक्ष्य को 40.1 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।

## पाकिस्तान पर हांगकांग सिक्सेस मैच में भारत की जीत में चमके उथप्पा और बिन्नी

**हांगकांग :** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा और भरत चिपली की धमाकेदार पारियों के साथ स्टुअर्ट बिन्नी की किफायती गेंदबाजी की बदौलत भारत ने शुक्रवार को हांगकांग सिक्सेस के बारिश से प्रभावित पूल सी मैच में डकवर्थ लुईस पद्धति (डीएलएस) से पाकिस्तान को दो रनों से हरा दिया। उथप्पा ने 11 गेंदों पर 28 रनों की तेज पारी खेली जबकि चिपली ने 13 गेंदों पर 24 रन बनाए , जिससे भारत ने छह ओवर में 4 विकेट पर 86 रन बनाए। पाकिस्तान ने लक्ष्य का पीछा करने की अच्छी शुरुआत की और भारी बारिश के कारण खेल रुकने से पहले तीन ओवर में 1 विकेट पर 41 रन बना लिए थे। मैच रोके जाते समय पाकिस्तान डकवर्थ लुईस पद्धति के तहत भारत से दो रन पीछे था। भारत की जीत में स्टुअर्ट बिन्नी का किफायती गेंदबाजी का बड़ा योगदान रहा।

# गुरबख्श सिंह से लेकर हरमनप्रीत सिंह तक भारतीय हॉकी के दिग्गजों ने मनाया सौ साल पूरे होने का जश्न



**नयी दिल्ली :** दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता 90 वर्ष के गुरबख्श सिंह से लेकर पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतने वाले कप्तान हरमनप्रीत सिंह तक कई दिग्गजों ने भारतीय हॉकी के सौ साल पूरे होने के अवसर पर अपने अनुभवों को साझा किया। सौ वर्ष पहले 1925 में ग्वालियर में भारतीय हॉकी महासंघ का गठन हुआ था। आठ बार की ओलंपिक चैम्पियन भारतीय हॉकी टीम के महानायकों को इस अवसर पर मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर सम्मानित किया गया जिनमें ओलंपिक पदक विजेता गुरबख्श सिंह (1964 और 1968), हरबिंदर सिंह (1964, 1968 और 1972), अशोक कुमार (1972 ओलंपिक और 1975 विश्व कप) , बी पी गोविंदा (1972 ओलंपिक और 1975 विश्व कप), असलम शेर खान (1975 विश्व कप), जफर इकबाल (1980 ओलंपिक) ब्रिगेडियर हरचरण सिंह (1972 ओलंपिक) के अलावा रोमियो जेम्स, असुंथा लाकड़ा और सुभद्रा प्रधान शामिल हैं। इस अवसर पर खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि हॉकी के जरिये ही ओलंपिक में भारत को पहचान मिली और दुनिया को दिखाया कि खेलों में हमारा देश क्या कर सकता है और तभी से हमने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

### उम्मीद है कि हॉकी विश्व कप में भी 50 साल का इंतजार खत्म होगा : गुरबख्श सिंह

हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विश्व कप में खिताबी जीत को ऐतिहासिक बताते हुए भारतीय हॉकी के सबसे सीनियर ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता गुरबख्श सिंह ने उम्मीद जताई कि हरमनप्रीत सिंह की टीम हॉकी में भी विश्व कप के लिये 50 साल का इंतजार खत्म करेगी। आठ बार की ओलंपिक चैम्पियन भारतीय पुरूष हॉकी टीम अब तक सिर्फ एक बार 1975 में कुआलालम्पुर में विश्व कप जीत सकी है। पिछली बार 2023 में भुवनेश्वर और राउरकेला में हुए विश्व कप में मेजबान भारत संयुक्त नौवे स्थान पर रहा था।

## अपने से ज्यादा देश के लिये विश्व कप जीतना चाहते थे : क्रिकेटर क्रांति गौड़



**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को भारत की विश्व कप विजेता क्रिकेट टीम की सदस्य क्रांति गौड़ को सम्मानित करते हुए उनकी उपलब्धियों की सराहना की। मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के घुवारा गांव की तेज गेंदबाज क्रांति के माता पिता और कोच को भी सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर आयोजित किया गया। गौड़ ने इस मौके पर लोगों से बात करके विश्व कप में खिताबी जीत की यादों को ताजा किया। उन्होंने कहा ,'' विश्व कप जीतना हमारे और पूरे देश के लिये गर्व का पल था। हमें खुद से ज्यादा देश के लिये जीतना था। मैने अपने परिवार और बुंदेलखंड का नाम रोशन किया है जिसकी मुझे खुशी है।'' फिटनेस के बारे में पूछने जाने पर उन्होंने कहा ,'' हम इसका ध्यान रखते हैं कि क्या खाना है और क्या नहीं खाना है। आत्म संयम बहुत महत्वपूर्ण है।'' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दिल्ली में हुई मुलाकात के बारे में उन्होंने कहा ,'' उनसे मिलकर बहुत अच्छा लगा। प्रधानमंत्री ने हमें कहा कि हमें वर्तमान में जीना चाहिये। बिहार में चुनाव चल रहे हैं लेकिन मैं आपसे बात कर रहा हूं। इससे मुझे काफी प्रेरणा मिली।''

## विश्व चैंपियन अमनजोत और हरलीन का चंडीगढ़ में भव्य स्वागत



**चंडीगढ़ :** विश्व कप विजेता महिला क्रिकेट टीम की सदस्य अमनजोत कौर और हरलीन देओल का शुक्रवार को यहां उनके गृहनगर पहुंचने पर उनके परिवारों और पंजाब की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के शीर्ष नेताओं ने मिठाई खिलाकर और ढोल बजाकर स्वागत किया। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने रविवार को नवी मुंबई में फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर अपना पहला वैश्विक खिताब (वनडे विश्व कप) जीतकर भारतीय महिला क्रिकेट के लिए इतिहास रच दिया। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा और आप सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर उन सत्तारूढ़ पार्टी नेताओं में शामिल थे जो दोनों खिलाड़ियों का स्वागत करने के लिए हवाई अड्डे पर मौजूद थे। इस दौरान दोनों खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य और कई प्रशंसक भी मौजूद थे, जो उनके आने का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे थे। हवाई अड्डे से बाहर आते ही चीमा और हेयर ने दोनों खिलाड़ियों को मिठाई खिलाई और शॉल भेंट करके उनका सम्मान किया। अमनजोत ने यहां मौजूद पत्रकारों से कहा, ''यह जीत पूरे भारत पूरे पंजाब की है।''

# भारतीय बल्लेबाजों से अंतिम टी20 में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

### ऑस्ट्रेलिया के सामने स्पिन की चुनौती



**ब्रिसबेन :** विदेशी सरजमीं पर एक और श्रृंखला जीतने की दहलीज पर खड़ी भारतीय टीम शनिवार को यहां पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी बल्लेबाजी की कमजोरियों को दूर कर ऑस्ट्रेलिया दौरे का अंत प्रभावशाली ढंग से करने की कोशिश करेगी। भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 की अजेय बढ़त के साथ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 17 साल से टी20 श्रृंखला नहीं गंवाने का अपना रिकॉर्ड बरकरार रखा है। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में टीम इस दौरे का अंत जीत के साथ करने के लिए पूरा जोर लगायेगी। मैच में सबसे ज्यादा नजरें शुभमन गिल और सूर्यकुमार की बल्लेबाजी पर होंगी, जबकि ऑस्ट्रेलिया अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले भारत की स्पिन चुनौती का डटकर सामना करना चाहेगा। भारतीय टीम ने पिछले मैच में बेहतर रणनीतिक सूझबूझ दिखाई थी और कैरारा की मुश्किल पिच पर बल्लेबाजों ने अच्छा तालमेल बिठाया था। गिल ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई थी जिससे भारत 14 ओवर में दो विकेट पर 121 रन के स्कोर के साथ मजबूत स्थिति में था। टीम ने हालांकि इसके बाद 15 रन के अंदर चार विकेट गंवा दिये थे। उपकप्तान गिल ने सात पारियों से अर्धशतक नहीं लगाया है लेकिन पिछले मैच में 46 रन के साथ उन्होंने ने लय में वापसी का संकेत दिया था। सूर्यकुमार ने श्रृंखला में कुछ शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन अपनी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में उन्हें संघर्ष करना पड़ा है। अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली श्रृंखला से पहले कप्तान से और अधिक आजादी के साथ बल्लेबाजी कर मिसाल कायम करने की उम्मीद होगी।

## उच्चतम न्यायालय ने शमी को पत्नी की भरण-पोषण राशि बढ़ाने की मांग वाली याचिका पर नोटिस जारी किया



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को क्रिकेटर मोहम्मद शमी को उनसे अलग रह रही पत्नी द्वारा दायर एक याचिका पर नोटिस जारी किया। नोटिस में पत्नी और उनकी नाबालिग बेटी को दिए गए अंतरिम भरण-पोषण को बढ़ाने की मांग की गई है। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा एक जुलाई और 25 अगस्त को पारित दो आदेशों को चुनौती देने वाली शमी की पत्नी की याचिका पर इस क्रिकेटर से जवाब मांगा है। उच्च न्यायालय ने शमी द्वारा अपनी पत्नी के लिए प्रति माह 1.50 लाख रुपये और उनकी बेटी के लिए प्रति माह 2.50 लाख रुपये का अंतरिम भरण-पोषण बढ़ा दिया था जबकि क्रिकेटर को आठ मासिक किस्तों में बकाया चुकाने की अनुमति दी थी। उच्चतम न्यायालय के समक्ष अपनी याचिका में शमी की पत्नी ने तर्क दिया है कि क्रिकेटर की वित्तीय स्थिति और जीवनशैली को देखते हुए प्रदान की गई राशि 'काफी कम' है। उन्होंने अपने लिए प्रति माह सात लाख रुपये और अपनी बेटी के लिए तीन लाख रुपये के मासिक भरण-पोषण की मांग की है। याचिका में बताया गया है कि 2021-22 के लिए शमी के आयकर रिटर्न (आईटीआर) में घोषित वार्षिक आय लगभग 48 करोड़ रुपये थी जबकि उन्हें 'दयनीय परिस्थितियों' में रहने के लिए मजबूर किया जा रहा है, यहां तक कि बुनियादी खर्चों को पूरा करने के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। शमी ने अप्रैल 2014 में शादी की थी।शमी की पत्नी ने 2018 में कोलकाता के जादवपुर पुलिस स्टेशन में घरेलू हिंसा का आरोप लगाते हुए एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसके बाद क्रिकेटर के खिलाफ आरोप पत्र (चार्जशीट) दायर किया गया था।



## सोना 100 रुपये टूटकर 1,24,600 रुपये प्रति 10 ग्राम, चांदी स्थिर

**नयी दिल्ली :** आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की ताजा बिकवाली के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 100 रुपये गिरकर 1,24,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। हालांकि, शुक्रवार को चांदी की कीमतें सभी करों सहित 1,53,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहीं।

## ग्रो के आईपीओ को अंतिम दिन 17.60 गुना बोलियां मिलीं

**नयी दिल्ली :** शेयर ब्रोकिंग इकाई ग्रो की मूल कंपनी बिलियनब्रेन्स गैराज वेंचर्स के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को शुक्रवार को शेयर बिक्री के अंतिम दिन कुल मिलाकर 17.60 गुना अभिदान मिला। एनएसई के पास उपलब्ध विवरण के अनुसार, कंपनी के 6,632 करोड़ रुपये के आईपीओ को 36,47,76,528 शेयरों के मुकाबले 6,41,86,96,200 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के हिस्से को 22.02 गुना अभिदान मिला। गैर-संस्थागत निवेशकों की श्रेणी को 14.20 गुना और खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों (आरआईआई) की श्रेणी को 9.43 गुना अभिदान मिला। बिलियनब्रेन्स गैराज वेंचर्स ने सोमवार को एंकर निवेशकों से 2,984 करोड़ रुपये से थोड़ा अधिक जुटाए। कंपनी ने अपने आईपीओ के लिए 95-100 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है, जिसका लक्ष्य 61,700 करोड़ रुपये (लगभग सात अरब डॉलर) से अधिक का मूल्यांकन है। इस आईपीओ में 1,060 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर जारी किए गए हैं। साथ ही 55.72 करोड़ इक्विटी शेयरों का बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी शामिल है।

# भारत ईंधन निर्यातक देश बन रहा: गडकरी



उन्नत इंजीनियरिंग मानकों, बेहतर परिवहन प्रणालियों और जागरूकता पहलों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

**भुवनेश्वर :** केंद्रीय सड़क परिवहन एंव राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि भारत ईंधन आयातक देश से ईंधन निर्यातक देश की ओर बढ़ रहा है। गडकरी ने कहा कि यह बदलाव एथनॉल, मेथनॉल और हरित हाइड्रोजन के बढ़ते उत्पादन और उपयोग से संभव हो रहा है। भारतीय सड़क कांग्रेस (आईआरसी) के 84वें वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए गडकरी ने सड़क सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया, जिसमें उन्नत इंजीनियरिंग मानकों, बेहतर परिवहन प्रणालियों और जागरूकता पहलों पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने कहा, भारत ईंधन आयातक से ईंधन निर्यातक देश बन रहा है। यह एथनॉल, मेथनॉल, बायो-एलएनजी, सीएनजी और हरित हाइड्रोजन के बढ़ते उत्पादन और उपयोग से संभव हो रहा है।'' केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। हमारे प्रधानमंत्री का सपना भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है। हमारा मिशन देश को 'विश्वगुरु' बनाना है। इसके लिए हमें जल, विद्युत, परिवहन और संचार क्षेत्रों में विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे की आवश्यकता है। गडकरी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य नवाचार और टिकाऊ गतिशीलता समाधानों पर आधारित आधुनिक बुनियादी ढांचे का निर्माण करना है। उन्होंने कहा, यह परिवर्तनकारी दृष्टिकोण व्यापक रोजगार के अवसर पैदा करेगा, बुनियादी-कौशल परिवेश को मजबूत करेगा और भारत को आत्मनिर्भर तथा लचीले भविष्य की ओर ले जाएगा।

## घरेलू शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 95 अंक फिसला

**मुंबई :** घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 95 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी 25,500 अंक से नीचे आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने और वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 94.73 अंक यानी 0.11 प्रतिशत गिरकर 83,216.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 640.06 अंक तक लुढ़क गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी भी 17.40 अंक यानी 0.07 प्रतिशत कमजोर होकर 25,492.30 अंक पर आ गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से भारती एयरटेल में सर्वाधिक 4.46 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा टेक महिंद्रा, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचसीएल टेक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के शेयर भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फिनसर्व के शेयर में तेजी दर्ज की गई।

## भारत, न्यूजीलैंड के बीच एफटीए वार्ता का चौथा दौर पूरा; शीघ्र अंतिम रूप देने पर बनी सहमति



**रोटोरुआ :** भारत और न्यूजीलैंड ने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए चौथे दौर की वार्ता शुक्रवार को पूरी कर ली। दोनों पक्षों ने इसको शीघ्र अंतिम रूप देने की दिशा में काम करने को लेकर सहमति व्यक्त की है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले के साथ इन वार्ताओं की प्रगति की समीक्षा करने के लिए यहां पहुंचे हैं। गोयल ने सोशल मीडिया मंच पर लिखा कि भारत-न्यूजीलैंड एफटीए वार्ता का चौथा दौर वस्तु बाजार पहुंच, सेवाओं, आर्थिक व तकनीकी सहयोग और निवेश के अवसरों पर केंद्रित रहा। उन्होंने कहा, ''हम भारत और न्यूजीलैंड के बीच बढ़ते रणनीतिक व आर्थिक संगम के अनुरूप एक संतुलित, व्यापक तथा पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते को शीघ्र पूरा करने की दिशा में काम करने के लिए तत्पर हैं।''

## भारत और चिली का 2025 तक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता वार्ता पूरी करने का लक्ष्य

**नयी दिल्ली :** भारत में चिली के राजदूत जुआन अंगुलो ने कहा है कि भारत और चिली 2025 के अंत तक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) के लिए वार्ता पूरा करने पर ध्यान दे रहे हैं। इसमें महत्वपूर्ण खनिज, विशेषकर लिथियम बातचीत का मुख्य केंद्र हैं। अंगुलो ने 'पीटीआई भाषा' से बातचीत में कहा, हम वार्ता प्रक्रिया के समापन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। योजना साल के अंत तक इसे पूरा करने की थी और हम उस प्रतिबद्धता को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं।'' तीन दौर की वार्ता पूरी हो चुकी है, जिसमें नवीनतम दौर की वार्ता 27-30 अक्टूबर के बीच सैंटियागो में आयोजित की गई थी। चिली की संसाधन क्षमता का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि भारत को इस प्रकार के कच्चे माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। और चिली एक ऐसा देश है जो न केवल यह, बल्कि अन्य खनिज भी प्रदान कर सकता है। चिली के पास दुनिया के सबसे बड़े लिथियम भंडार हैं, जो 93 लाख टन के बराबर हैं। सीईपीए का उद्देश्य 90 प्रतिशत से अधिक वस्तुओं पर शुल्क समाप्त करना और सेवाओं एवं निवेश संबंधों को मजबूत करना है। राजदूत ने कहा, खनिज अध्याय वार्ता का हिस्सा है हर अध्याय का अपना मार्ग होता है, और उस पर वार्ता जारी रहेगी। हमें उम्मीद है कि यह दोनों पक्षों के लिए स्वीकार्य समाधान होगा।

## भारत को तीस हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए वित्तीय क्षेत्र में और सुधारों की जरूरत: विश्व बैंक



**नयी दिल्ली :** भारत को 2047 तक 30,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए वित्तीय क्षेत्र में सुधारों को और तेजी देने तथा निजी पूंजी जुटाने को बढ़ावा देने की जरूरत है। विश्व बैंक की वित्तीय क्षेत्र आकलन (एफएसए) रिपोर्ट में यह बात कही गई। इसमें स्वीकार किया गया कि भारत के 'विश्व स्तरीय' डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और सरकारी कार्यक्रमों ने पुरुषों और महिलाओं के लिए वित्तीय सेवाओं तक पहुंच में उल्लेखनीय सुधार किया है। रिपोर्ट में खाता उपयोग को और बढ़ावा देने, और व्यक्तियों तथा एमएसएमई के लिए वित्तीय उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंच को आसान बनाने के सुझाव भी दिए हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक (डब्ल्यूबी) का एक संयुक्त कार्यक्रम एफएसएपी है, जो किसी देश के वित्तीय क्षेत्र का व्यापक और गहन विश्लेषण करता है। वित्तीय क्षेत्र आकलन कार्यक्रम (एफएसएपी) सितंबर 2010 से प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण वित्तीय क्षेत्रों वाले क्षेत्राधिकारों के लिए अनिवार्य हो गया है। इस समय भारत सहित 32 क्षेत्राधिकारों के लिए हर पांच साल में और अन्य 15 क्षेत्राधिकारों के लिए हर 10 साल में वित्तीय क्षेत्र मूल्यांकन (एफएसएपी) आयोजित करना अनिवार्य है। एफएसएपी के अंतिम भाग के रूप में आईएमएफ वित्तीय प्रणाली स्थिरता आकलन (एफएसएसए) रिपोर्ट और विश्व बैंक वित्तीय क्षेत्र मूल्यांकन (एफएसए) रिपोर्ट प्रस्तुत करता है। भारत के लिए पिछला एफएसएपी 2017 में आयोजित किया गया था। एफएसएसए रिपोर्ट आईएमएफ द्वारा दिसंबर 2017 में और एफएसए रिपोर्ट विश्व बैंक द्वारा दिसंबर 2017 में प्रकाशित की गई थी। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''भारत, आईएमएफ-विश्व बैंक की संयुक्त टीम द्वारा किए गए वित्तीय क्षेत्र के आकलन का स्वागत करता है।''

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.62 अरब डॉलर घटकर 689.73 अरब डॉलर पर

**मुंबई :** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 31 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 5.62 अरब डॉलर घटकर 689.73 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विदेशी मुद्रा भंडार 24 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 6.92 अरब डॉलर घटकर 695.35 अरब डॉलर रहा था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 31 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.96 अरब डॉलर घटकर 564.59 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड व येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। आरबीआई ने बताया कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 3.81 अरब डॉलर घटकर 101.73 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) भी 1.9 करोड़ डॉलर घटकर 18.64 अरब डॉलर रहा।

## देश में त्योहारों की 42 दिन की अवधि में वाहनों की रिकॉर्ड खुदरा बिक्री दर्ज



**नयी दिल्ली :** घरेलू बाजार में मोटर वाहन की खुदरा बिक्री में विभिन्न त्योहारों की 42 दिन अवधि में सालाना आधार पर 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसकी मुख्य वजह यात्री वाहनों व दोपहिया वाहनों का रिकॉर्ड पंजीकरण तथा जीएसटी में बदलाव से विभिन्न खंडों में कीमतों में गिरावट रही। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार, इस वर्ष त्योहारों के दौरान कुल खुदरा बिक्री बढ़कर 52,38,401 इकाई हो गई जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 43,25,632 इकाई थी। वाहन डीलरों के संगठन फाडा के अध्यक्ष सी. एस. विग्नेश्वर ने बयान में कहा, ''2025 की 42-दिवसीय त्योहारों की अवधि देश में मोटर वाहनों की खुदरा बिक्री के लिए महत्वपूर्ण साबित हुई। इसमें सभी श्रेणियों में अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की गई।'' इस अवधि के दौरान यात्री वाहनों का पंजीकरण सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़कर 7,66,918 इकाई हो गया जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 6,21,539 इकाई था। विग्नेश्वर ने कहा, ''किफायती दाम बढ़ाने और मध्यम वर्ग की खपत बढ़ाने के जीएसटी 2.0 का असर साफ दिखाई दिया। कॉम्पैक्ट और सब-4 मीटर कार में जोरदार उछाल देखा गया क्योंकि कर की दरें कम होने से खरीदारी का आधार बढ़ा। कई डीलर ने बताया कि कई मॉडल में खुदरा बिक्री की गति आपूर्ति से अधिक रही।'' दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 22 प्रतिशत बढ़कर 40,52,503 इकाई हो गई जो 2024 में 33,27,198 इकाई थी।

वर्ष 10, पूर्णांक 3406 अंक 216, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in